ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com ● डालटनगंज ● मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 03 ● विक्रम संवत 2080 ● शुक्रवार, 15 दिसम्बर 2023 ● वर्ष-30 ● अंक-59 ● पृष्ठ-12 ● मूल्य ₹ 2.00

कंगारू बल्लेबाजों के आगे पाकिस्तान ... पेज 12 पर



## हंगामेदार रहेगा झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र

### आज 11 बजे से शुरू होगी कार्यवाही, धीरज साहू कैश स्कैंडल पर रहेगी गर्मी



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** 15 दिसंबर से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के शीतकालीन सत्र में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज साहू के ठिकानों से साढ़े तीन सौ करोड़ से ज्यादा की रकम और जेवरात की बरामदगी का मामला छाया रहेगा। भारतीय जनता पार्टी ने इस मुद्दे को लेकर कांग्रेस के साथ राज्य की गठबंधन सरकार की घेराबंदी की रणनीति तैयार की है। ईडी के छह समन के बाद भी हेमंत सोरेन के हाजिर नहीं होने राज्य में नियुक्ति परीक्षाओं को बार-बार टाले जाने और बेरोजगारी भत्ता से जुड़े मुद्दों पर भी सरकार को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश विपक्ष की ओर से होगी। झारखंड विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा, हर मोर्चे पर फेल हेमंत सरकार के खिलाफ मुद्दों की कमी नहीं है। धीरज साहू के ठिकानों से अकूत रकम का हिसाब हम सत्ताधारी गठबंधन से सदन में मांगेंगे। इस भ्रष्टाचार में यहां की सरकार भी भागीदार है।

### केंद्र के पास 1.32 लाख करोड़ के बकाये पर हमलावर होगा सत्तापक्ष

इधर सत्ताधारी गठबंधन भी विपक्षी हमलों की काट और सदन में एकजुटता की रणनीति में जुटा है। संसद हमले की बरसी पर सुरक्षा में सेंध, केंद्र सरकार के पास झारखंड सरकार के एक लाख छत्तीस हजार करोड़ का बकाया, राज्य में सूखा राहत में केंद्र के असहयोग जैसे मसले सदन में उठाए जाएंगे। झारखंड की इस पांचवीं विधानसभा में पहली बार सदन में नेता प्रतिपक्ष होगा। स्पीकर ने झारखंड प्रदेश भाजपा विधायक दल के नए नेता अमर बाउरी को नेता प्रतिपक्ष की मान्यता दे दी है। इसके पहले 2019 में हुए विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने बाबूलाल मरांडी को पार्टी विधायक दल का नेता चुना था, लेकिन स्पीकर ने उनके खिलाफ दलबदल का मामला दर्ज होने के कारण उन्हें नेता प्रतिपक्ष के तौर पर मान्यता नहीं दी थी। इधर सदन के संचालन को लेकर गुरुवार को विधानसभा स्पीकर रबींद्र नाथ महतो की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई। बैठक में सीएम हेमंत सोरेन, संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता, आजसू विधायक लंबोदर महतो, भाकपा माले विधायक विनोद सिंह उपस्थित रहे। इसमें सत्र की तैयारियों और इसके सफल संचालन के साथ-साथ सत्र के दौरान होने वाली सुरक्षा को लेकर भी चर्चा हुई।

## सुरक्षा चूक पर संसद में हंगामा, 14 सांसद सस्पेंड



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश की नई संसद में शीतकालीन सत्र चल रहा है, बुधवार को लोकसभा में सुरक्षा चूक के सवाल पर गुरुवार को संसद के दोनों सदनों में जमकर हंगामा हुआ। इसके बाद दोनों सदनों के कुल 14 सांसदों को निलंबित कर दिया गया है। इनमें 13 सांसद लोकसभा से हैं और 1 सांसद राज्यसभा से। पहले 15 सांसदों के निलंबन की बात कही गई थी लेकिन बाद में बताया गया कि लोकसभा सांसद एस आर प्रतिभन को गलती से निलंबित कर दिया गया था, जिसे बाद में वापस ले लिया गया। सांसदों के निलंबन के बाद दिनभर के लिए संसद की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

मालूम हो कि 13 दिसंबर को लोकसभा में दर्शक दीर्घा में बैठे दो युवक अचानक सदन में कूद गए थे। सांसदों ने दोनों को पकड़ सुरक्षाकर्मियों के हवाले किया इससे पहले ही एक युवक ने जूते में छिपाकर रखे टियर स्मोग से रंगीन धुआं छोड़ सभी को आतंकित कर दिया था। हालांकि इसमें किसी को कोई चोट नहीं आई लेकिन इसने संसद की सुरक्षा पर कई सवाल खड़े कर दिया। इन सवालों पर गुरुवार को विपक्षी सांसदों ने खूब हंगामा किया। संसद की संपूर्ण सुरक्षा पर नये सिरे से विचार किया जा रहा है साथ ही बुधवार की घटना की जांच भी की जा रही है। इधर विपक्ष शेष पृष्ठ 11 पर

### लोस से कौन-कौन सांसद हुए निलंबित

बेनी बेहानन, वीके श्रीकंदन, मोहम्मद जावेद, पीआर नटराजन, कनिमोझी करुणानिधि, के सुब्रमण्यम, एस वेंकटेशन, मनिकम टैगोर, टीएन प्रतापन, हिबी ईडन, एस जोथिमणि, राम्या हरिदास और डीन कुरियाकोस शामिल हैं।

## गागर में सागर

### सांसद धीरज साहू के रांची आवास पर आईटी टीम की छापेमारी



**रांची।** कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य धीरज साहू के रांची के रेडियम रोड स्थित आवास पर नौवें दिन भी आयकर विभाग की छापेमारी जारी है। आईटी की टीम रेडियम रोड स्थित आवास की जमीन खोदने की तैयारी कर रही है। रांची स्थित आवास पर गुरुवार को भी आईटी टीम की सक्रियता बढ़ी हुई है। अधिकारी लगातार आवासीय परिसर का काफी बारीकी से जायजा ले रहे हैं। इससे पहले बुधवार को लोहरदगा, रांची और ओडिशा स्थित घर पर आईटी की टीम ने जियो सर्विलांस सिस्टम मशीन के जरिए जमीन की तलाशी ली थी। उल्लेखनीय है कि आयकर की टीम ने गत छह दिसंबर को धीरज साहू से संबंधित कई ठिकानों पर छापेमारी कर रुपये से भरी 30 अलमारी बरामद की थी। उस दिन से नोटों की गिनती जारी है। जानकारी के अनुसार अब तक 500 करोड़ रुपये रुपये मिले हैं। नोटों के अलावा 17 किलोग्राम आभूषण भी मिले थे।

### राजस्थान के नये मुख्यमंत्री व डिप्टी सीएम का शपथ ग्रहण आज

**जयपुर।** राजस्थान के मनोनीत मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और दो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा शुक्रवार को सुबह 11 बजे शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा शामिल होंगे। कार्यक्रम को लेकर भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। अल्बर्ट हॉल (रामनिवास बाग) के बाहर होने वाले इस समारोह को भव्य बनाने के लिए तैयारियां की जा रही हैं। शपथ ग्रहण समारोह के लिए भाजपा ने प्रदेश के लाखों कार्यकर्ताओं सहित अन्य राज्यों के विशिष्ट लोगों को भी निमंत्रण भेजे जा रहे हैं।

### रिम्स में इलाजरत हार्डकोर नक्सली संजय टेक्निकल की मौत

**रांची।** चाईबासा जेल ब्रेक के मास्टरमाइंड हार्डकोर भाकपा माओवादी नक्सली संजय गंझू उर्फ संजय टेक्निकल की गुरुवार को मौत हो गई। संजय की रिम्स में इलाज के दौरान मौत हो गई। वह मूल रूप से लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र के बेसरा गांव का रहने वाला था। रांची जेल में बंद रहने के दौरान उसकी तबीयत बिगड़ गई थी, जिसके बाद उसे बीते छह दिसंबर को रिम्स में भर्ती कराया गया था। हार्डकोर माओवादी संजय गंझू पर राज्य सरकार ने 10 लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा है। विशेष शाखा ने इस पर 25 लाख रुपये का इनाम रखने का प्रस्ताव राज्य सरकार को मंजूरी के लिए भेजा था। संजय गंझू को विस्फोटक तैयार करने में इतनी महारत हासिल थी कि इसे संगठन में संजय टेक्निकल के नाम से जाना जाता था। वह माओवादियों के खराब हथियारों की मरम्मत भी करता था। इसमें कई लोगों को उसने ट्रेंड भी किया था। वर्तमान में पुलिस को चमन और मोछू की भी तलाश है, जिसे संजय गंझू ने टेक्निकल एक्सपर्ट बनाया है।

### आवासीय परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोले हेमंत सोरेन

# अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना उद्देश्य : सीएम

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के अंतिम पायदान के पर बैठे व्यक्ति को सशक्त करना हमारा उद्देश्य है। सरकार इसी उद्देश्य से अपनी नीति और योजनाएं बना कर लागू कर रही है। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को अपने आवासीय परिसर में आयोजित संवाद कार्यक्रम में खूंटी, रामगढ़, हजारीबाग, गुमला, रांची, सिमडेगा तथा लोहरदगा जिले से पहुंचे झामुमो के पंचायत स्तर से लेकर केंद्रीय स्तर तक के कार्यकर्ताओं से कही।

सीएम ने कहा कि राज्य सरकार 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक पूरे राज्य में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत राज्य के सभी जिले, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर लोगों को राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले वैसे लोग जो प्रखंड कार्यालय या जिला कार्यालय के विषय में ठीक से जानते तक नहीं हैं। उनतक सरकारी पदाधिकारी पहुंचे और योजनाओं का लाभ प्रदान करें। आपकी योजना-आपकी सरकार- शेष पृष्ठ 11 पर




### झामुमो कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी तत्परता से निभाएं

मुख्यमंत्री ने कहा कि झामुमो कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन तत्परता और प्रतिबद्धता के साथ करें। राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ पंचायत-पंचायत, गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचने का कार्य करें। क्योंकि, वर्ष 2024 चुनावी वर्ष के रूप में आकर खड़ा है। वर्ष 2024 में लोकसभा के साथ-साथ विधानसभा चुनाव भी होना है। शेष पृष्ठ 11 पर

### 2024 के चुनावों में भी अखंडता और एकजुटता का देना है परिचय

मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वर्तमान समय में देश में जो हालात उत्पन्न हुए हैं उससे सबसे ज्यादा नुकसान किसान, गरीब और युवा वर्ग के लोगों को हुआ है। यहां के आदिवासी-मूलवासी, दलित, शोषित अल्पसंख्यक सहित विभिन्न वर्ग समुदाय के लोगों को विपक्षी दलों द्वारा झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रति भड़काया जा रहा है। देश एवं राज्य विरोधी शक्तियां हमें निरंतर तोड़ने का प्रयास कर रही हैं लेकिन हम सभी को सतर्कता दिखाते हुए इनके मंसूबे पर पानी फेरने का काम करना है। उन्होंने कहा कि राज्य में जब से झामुमो के नेतृत्व में सरकार बनी है तब शेष पृष्ठ 11 पर

### काशी के 50 कारीगरों ने इसे एक वर्ष में बनाया

## रामचरितमानस के प्रसंगों पर बनी काष्ठ मूर्तियां की लगेगी प्रदर्शनी

**-आरपी सिंह**

**वाराणसी।** काशी के काष्ठ कलाकारों द्वारा बनाई गई रामचरितमानस के 22 प्रसंगों पर आधारित लकड़ी की मूर्तियां, झांकियां व मुखौटे, रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर अयोध्या के कला संग्रहालय में प्रदर्शित किए जाएंगे। इन्हें 50 कलाकारों ने एक वर्ष में बनाया है। काशी में लकड़ी के खिलौने बनाने वाले कलाकारों ने भगवान राम से जुड़ी मूर्तियां और झांकियां पहली बार तैयार की है। इन सबको दिसंबर के अंत तक अयोध्या भेज दिया जाएगा। इनमें लंकापति रावण की मूर्ति को अयोध्या अधिपति राम से बड़ी बनाई गई है। रावण की मूर्ति 3624 इंच की है। राम की मूर्ति 188 इंच की है। छह माह सोने वाले कुंभकर्ण की अढाई फीट लंबी मूर्ति को बिस्तर पर लेटे व फल-फूल-पकवान तथा शोर के बीच दशार्या गया है। कुल 56 तरह के मुखौटे तैयार किए गए हैं। राम का चरित्र सौम्य है ,इसलिए उनकी मूर्ति में उनके भाव प्रदर्शित होते हैं। रावण व मेघनाद के मुखौटे उग्रता के भाव वाले हैं। अयोध्या के संग्रहालय में प्रदर्शित करने के लिए मानस प्रसंगों पर मूर्तियां और मुखौटे बनाने का प्रस्ताव मिलने पर काठ के खिलौना बनाने वाले कारीगर बिहारी लाल अग्रवाल व उनकी बेटी शुभी अग्रवाल ने सीता स्वयंवर, वन गमन, सीता हरण, रामेश्वर पूजा, राम सेतु, लक्ष्मण शक्ति, लंकेश परिवार, अशोक वाटिका, कुंभकरण,पुष्पक विमान में सवार प्रभु, राम दरबार, आदि की मूर्तियां व मुखौटों की डिजाइन की। फिर इन्हे भदैनी के अपने कारखाने में 50 कारीगरों के साथ एक साल में पूरा किया । राम दरबार के संग्रहालय में सबसे पहले लंकेश का परिवार दिखेगा। इन्हें गूलर की लकड़ी का बनाया गया है। गूलर की लकड़ी को सुखा कर जरूरत के अनुसार काटकर अलग-अलग भाव व चेहरों वाले मुखौटों ,मुद्राओं को आकार दिया गया है। इनको प्राकृतिक रंगों सहित सोने-चांदी की पॉलिश से पेंटिंग कर दर्शनीय बनाया गया है।

**कलाकारों ने भगवान राम से जुड़ी मूर्तियां और झांकियां पहली बार तैयार की हैं**

## हेमंत के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट के लिए कोर्ट जा सकती है ईडी

**रांची।** इनफोर्समेंट डारेक्टोरेट (ईडी) अब झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ वारंट और कार्रवाई के विकल्पों पर विचार कर रही है। सोरेन ईडी के छह समन को नजरअंदाज कर चुके हैं। उन्होंने समन की हर तारीख पर जवाबी पत्र भेजा, लेकिन वे एजेंसी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए। एजेंसी अब उनके खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी कराने और उनकी गिरफ्तारी के विकल्पों पर विधि विशेषज्ञों से परामर्श कर रही है। जमीन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने सोरेन को आखिरी समन बीते 10 दिसंबर को जारी किया था और उन्हें 12 दिसंबर को एजेंसी के रांची स्थित जोनल ऑफिस में दिन के 11 बजे उपस्थित होने को कहा था। सनद रहे कि ईडी की ओर से भेजे जा रहे समन को सीएम हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी याचिका सुने बगैर हाईकोर्ट जाने को कहा था। इसके बाद उन्होंने झारखंड हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर कर ईडी के समन को निरस्त करने का आग्रह किया, लेकिन यहां चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र और जस्टिस आनंद सेन की खंडपीठ ने बीते 13 अक्टूबर को उनकी खारिज करते हुए समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू ने अपनी दलील में कहा था कि सीएम सोरेन ने समन का पहले ही उल्लंघन किया है। वे ईडी के किसी भी समन पर उपस्थित नहीं हुए। ऐसे में उनका समन को चुनौती देने का कोई औचित्य नहीं है, इसलिए उन्हें राहत नहीं दी जा सकती है। ईडी के सूत्रों के मुताबिक, अदालत से याचिका खारिज होने के बाद सोरेन के पास पूछताछ के लिए उपस्थित न होने के कानूनी विकल्प भी नहीं हैं।

## एक तरफ सरकार आपके द्वार दूसरी तरफ भुखमरी का शिकार पीटीजी परिवार

### पांच माह से राशन का दाना नहीं मिला कोठी महुआ के आदिम परिवारों को

**संजय कुमार पांडेय**

**मेदिनीनगर।** एक तरफ गांव में रहने वाले आम गरीबों को सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत पंचायतों में शिविर लगाकर योजनाएं बांटी जा रही है। शासन के अधिकारी व पदाधिकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं को पहुंचाने की डिंगे हांकते फिर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ समाज के सबसे अंतिम पायदान पर रहने वाले दर्जनों आदिम जनजाति परिवारों को पांच -पांच महीनों से राशन का एक शेष पृष्ठ 11 पर



राशन मांगने चैनपुर प्रखंड कार्यालय पहुंचे आदिम परिवार के लोग

### बीडीओ बोले

इस संबंध में पूछने पर चैनपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी नीतेश भाष्कर ने कहा कि रामगढ़ के शिविर में उन्हें भी पीटीजी का राशन वितरण नहीं होने कि शिकायत मिली है। जिसके बाद उन्होंने तत्काल दूसरे मद से राशन का अविलम्ब वितरण कराने का निर्देश दिया है।

### क्या कहते हैं एजीएम

इस संबंध में पूछने पर चैनपुर प्रखंड के सहायक गोदाम प्रबंधक संजीव कुमार ने बताया कि पीटीजी का राशन बैक लॉक में फंस गया है। पिछले दिनों ऑफ लाइन राशन वितरण कर उसकी इंट्री ऑनलाइन नहीं की गई। नतीजा एसएफसी को एफसीआई इस मद में राशन नहीं दे रहा है। पिटीजी के राशन वितरण की जिम्मेदारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी की है, लेकिन यहां वर्तमान में कोई पदाधिकारी नहीं है।

## संसद के अंदर फैले पीले धुएं का काला सच क्या है ?



**सुनील बादल**

**संसद** पर आतंकी हमले की 22वीं बरसी पर 13 दिसबंर को लोकसभा में बीजेपी सांसद खगेन मुर्मू अपनी बात रख रहे थे तभी जब विजिटर्स गैलरी से 2 युवक अचानक नीचे कूद गएऔर सदन की बेंच पर कूदते हुए आगे बढ़ने लगे। इसी बीच उन्होंने जूते से निकालकर कुछ स्प्रे किया, जिससे सदन में पीला धुआं फैलने लगा। पूरे सदन में भगदड़ मच गई और कार्यवाही रोक दी गई। खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने संसद पर हमले की धमकी दी थी। इसके बाद से ही दिल्ली पुलिस अलर्ट पर थी। फिर भी 5 लेयर सुरक्षा तोड़कर लोकसभा में प्रदर्शनकारी घुसे और हंगामा किया। इस पीले धुंवे ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि हम सुरक्षा के चाहे जितने भी दावे करें पर षड्यंत्रकारी देश के दुश्मनों की सोच हमसे आगे है और उन्हें नई संसद की भी बारीक जानकारी है जो बिना बड़े लोगों की मदद और बहुत लंबी प्लानिंग के संभव नहीं लगती । मोटे तौर पर यह कहा जा सकता है कि पकड़े गए हैं वे मोहरे हैं असली खिलाड़ी कोई और है उसका मकसद जो भी रहा हो उसने देश की सबसे बड़ी पंचायत को आम आदमी से थोड़ा और दूर कर दिया है क्योंकि सुरक्षा के नाम पर और कड़ाई होगी जिससे आम आदमी शायद ही अंदर जा पाए खास भले इस बार की तरह पास बनवाकर चले जाएं और किसी और नए तरीके से कुछ नया हंगामा कर दें ।



सोचने वाली बात एक ये भी है कि आरोपियों ने भगत सिंह के स्टाइल को कॉपी क्यों की? पीला धुंआ फैलाकर, नारे लगाना, तानाशाही से मुक्ति मिले? आखिर ये सब किस ओर इशारा करता है। कौन है घटना के पीछे, उसे सामने लाना ही चाहिए और आरोपी ने जो तानाशाही से आजादी के नारे लगाए हैं उसके निहितार्थ भी सार्वजनिक होने चाहिए। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बेचैन करता है। जूते के अंदर पीले रंग का केन ले जाया जा सकता था तो कुछ और भी ले जाया जा सकता था । सुरक्षा एजेंसियां इस बात का पता कर रही हैं कि दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी? जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं। संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चित हैं। क्योंकि पिछले हमले के बाद संसद की सुरक्षा सेफ्टी मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद के चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा पहरा बिछा हुआ है। इंसानी सुरक्षा तंत्र से अगर कोई चूक भी हो जाए, तो पूरी बिल्डिंग तीसरी आंख यानी सीसीटीवी कैमरों से लैस है। कोई संदिग्ध क्या, परिंदा भी पर नहीं मार सकता। पर, अब इन मौखिक और पारंपरिक सुरक्षा व्यवस्था पर संसद सदस्यों को भरोसा नहीं रहा। क्योंकि उन सभी को धता बताते हुए आरोपी एक सांसद के साथ विश्वासघात कर विजिटर बनकर आसानी से भीतर घुस गए और देश को दुनिया के सामने शर्मसार कर दिया । गनीमत ये थी कि घटना के दौरान आरोपियों के हाथ में सिर्फ 'स्मोक बम' ही थे, अगर परसों पटना में बरामद पेन गन होता तो क्या होता? क्योंकि जब वो सुरक्षा तंत्र की आंखों में धूल झोंककर आपत्तिजनक वस्तुएं अंदर ले जा सकते हैं तो बंदूक-बारूद क्यों नहीं? इसलिए घटना को सबसे पहले सुरक्षा चूक ही कहेंगे। कथित जबरदस्त सुरक्षा पहरे को पारकर 'स्मोक बम' फेंककर संसद के शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड में ड्रॉप आउट रेट कम करने के लिए होगा

## तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी शिक्षक स्कूलों में मौजूद शिशु पंजी को अपडेट करने के लिए स्कूल क्षेत्र में पड़ने वाले इलाकों में तीन से 18 वर्ष के बच्चों का सर्वे करेंगे। टोले-मुहल्ले में कितने बच्चे हैं। इनमें किस आयु वर्ग के कितने बच्चे स्कूलों में पढ़ रहे हैं, कितने बच्चे ड्रॉप आउट हैं और कितने बच्चों का एडमिशन स्कूल में नहीं है, इसे नोट किया जाएगा। हर साल नामांकन की स्थिति और ड्रॉप आउट दर की स्थिति से अवगत होने के लिए शिशु पंजी को अपडेट किया जाता है, ताकि स्कूल से बाहर रहने वाले बच्चों की पहचान हो सके और ड्रॉप आउट के कारणों का पता चले सके। इसके बाद बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए अभिभावकों को जागरूक किया जाता है। शिशु पंजी को अपडेट करने से संबंधित प्रशिक्षण सभी जिलों के डीईईओ, डीएसई, एसडीओ, आरईओ, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी और प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों को दिया गया है।

## गागर में सागर

### बार से 1900 बोतल शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**हरिहरगंज।** उपायुक्त पलामू के निर्देश पर तथा उत्पाद अधीक्षक के पर्यवेक्षण में हरिहरगंज थाना क्षेत्र के सुल्तानी स्थित माउंटेन व्यू रेस्टोरेंट एंड बार में उत्पाद विभाग की टीम ने छापामारी कर विभिन्न ब्रांड के 1900 बोतल विदेशी शराब व बियर जब्त किया। साथ ही बार संचालक बिहार राज्य के ढिबरा थाना अंतर्गत किशुनी बीघा निवासी बिंदेश्वर यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में उत्पाद विभाग के सहायक अवर निरीक्षक अनूप प्रकाश ने हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया है। अवैध रूप से विदेशी शराब का भंडारण करने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी बार संचालक सहित बिहार के औरंगाबाद के क्षत्रिय नगर निवासी सुधीर सिंह को भी आरोपी बनाया गया है। बताया जाता है कि बार संचालक द्वारा जब्त शराब के बाबत कोई वैध कागजात प्रस्तुत नहीं किया जा सका। आरोपियों के खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत दोषी पाते हुए कार्रवाई की गयी।

### झामुमो व्यापार प्रकोष्ठ ने किया कंबल वितरण

**मेदिनीनगर।** ठंड के प्रकोप को देखते हुए झामुमो व्यापार प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दीपू चौरसिया ने शहर क्षेत्र में घूम-घूम कर कुली, मजदूर, रिक्शा चालक, ठेला चालक, गरीब महिलायें आदि के बीच कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की मदद करना सभी का नैतिक दायित्व है। उन्होंने कहा कि उपायुक्त के आदेश के बाद भी अभी तक चौराहों व सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध नहीं किया गया है। उन्होंने नगर निगम से तत्काल अलाव जलवाये जाने की मांग की है। इस मौके पर साकिब सिद्दीकी, छोटू, जिम्मी, कमल मुरारका, कमल जायसवाल उपस्थित थे।

राजकीयकृत हाईस्कूल पाण्डेयपुरा में चापाकल व जलमीनार खराब

# प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं विद्यार्थी



स्कूल में खराब हैण्डपम्प



### सात वर्ष पूर्व स्तरोन्नत की मान्यता मिलने के बाद भी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है : ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** एक तरफ सरकार विद्यार्थियों के लिए उच्च शिक्षा देने की अद्यतन तकनीक अपना रही है। करोड़ों रुपये खर्च किये जा रहे हैं, लेकिन पाटन प्रखंड के राजकीयकृत स्तरोन्नत्त हाई स्कूल पाण्डेयपुरा मे चापाकल व जलमीनार खराब हो जाने से विद्यार्थियों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि सात वर्ष पूर्व स्तरोन्नत्त की मान्यता मिलने के बाद भी स्कूल में बुनियादी सुविधाओं का घोर अभाव है। इस स्कूल में कक्षा एक से लेकर दशम कक्षा तक कुल 250 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। महज चार शिक्षकों के भरोसे किसी प्रकार पठन-पाठन का कार्य कराया जा रहा है। ऊपर से एक माह से स्कूल में पानी का भी घोर संकट उत्पन्न हो गया है। चापाकल तो पहले से ही खराब था। महज चार महीने पूर्व लगाये गये जलमीनार के भी जबाब दे देने से समस्या भयावह हो गयी है। पानी की कमी के कारण बच्चों को एमडीएम का भोजन भी सही समय पर नहीं मिल पा रहा है। एमडीएम की सहायिका व दाई द्वारा आधा किमी दूर से पानी लाकर किसी प्रकार एमडीएम का संचालन किया जा रहा है। प्रखंड के कई विद्यालयों में पानी का संकट विकराल है।

**शौचालय न होने से खुले में शौच करते हैं विद्यार्थी**

बताया जाता है कि विद्यालय में शौचालय भी नहीं है। इसके कारण विद्यार्थी खुले में शौच करने को विवश हैं। इससे छात्राओं को तो असहज स्थिति का सामना करना पड़ता है।

**प्रधानाध्यापिका बोलीं :** इस संबंध में प्रधानाध्यापिका सावित्री कुमारी का कहना है कि शिक्षा विभाग सहित जनप्रतिनिधि को भी पानी की समस्या से लिखित रूप से अवगत कराया गया है। फिलहाल स्कूल के अगल-बगल स्थित चापाकलों से पानी मंगा कर एमडीएम का भोजन बनाया जा रहा है। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी हरेंद्र तिवारी ने बताया कि विद्यालयों में पानी का प्रबंध पीएचईडी विभाग का काम है। उसकी देखरेख की जिम्मेदारी जनप्रतिनिधि की है।

मामला शिवपुर प्राथमिक विद्यालय का

# पथरा मुखिया के निरीक्षण में बंद मिला एमडीएम का संचालन




स्कूल की जांच करते मुखिया

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** प्रखंड के पथरा पंचायत के मुखिया नरेश पासवान इन दिनों क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसी कड़ी में उनके द्वारा विद्यालयों में शिक्षा का बेहतर माहौल बनाने व सरकारी योजनाओं का लाभ सही लाभुक तक पहुंचाने की कवायद की जा रही है। गुरुवार को उन्होंने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय शिवपुर का जायजा लिया। मौके पर प्रधानाध्यापिका ज्योति कुमारी सिंह उपस्थित थीं। इस दौरान मुखिया ने एमडीएम संचालन, रसोईघर, बैठक एवं कक्षा संचालन संबंधी जानकारी ली। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 98 छात्र नामांकित हैं। जिसमें मात्र 8 छात्र-छात्रायें ही उपस्थित पाये गये। उन बच्चों से भोजन, कक्षा संचालन, शौचालय का उपयोग, स्वच्छता आदि के बारे में भी पूछताछ की गयी। मुखिया ने छात्र-छात्राओं को मन लगाकर पढ़ाई करने तथा नियमित स्कूल आने की नसीहत दी। मुखिया ने बताया कि विद्यालय में विगत 20 दिनों से बच्चों को मिलने वाला मध्याह्न भोजन भी बंद है। उन्होंने शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारी से यथाशीघ्र एमडीएम को चालू कराने की मांग की है। उधर प्रधानाध्यापिका ने एमडीएम का खाद्यान्न नहीं मिलने की बात कही है।

केंद्रीय समिति सदस्य ने जताई चिंता

# किस्त न देने पर महिला को उठाने का मामला गंभीरः झामुमो

**नवीन मेल संवाददाता**

**छतरपुर।** माइक्रो फाइनेंस कंपनी द्वारा छतरपुर प्रखंड निवासी महिला को किश्त नहीं चुकाये जाने के कारण उठा कर ले जाने की घटना को झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा ने अत्यंत चिंताजनक बताया है। उन्होंने कंपनी के एजेंटों पर रिजर्व बैंक आफ इंडिया के आदेश की अवहेलना करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि आरबीआई के गाईडलाइन के अनुसार किसी भी ऋण धारक को कोई भी बैंक बंधक नहीं बना सकता। मानसिक रूप से प्रताड़ित या उनके घर जाकर उनसे बदसलूकी भी नहीं किया जा सकता है। ऋण जमा करने में देर होने के कारण महिला को जबरदस्ती उठाकर ऑफिस ले जाने की कोशिश अत्यंत गंभीर अपराध है। जो कतई माफ नहीं किया जा सकता है। छतरपुर में कुकुरमुत्ते की तरह माइक्रो फाइनेंस कंपनियां फैली हैं, जो पहले तो तमाम प्रलोभन देकर भोले-भाले ग्रामीणों को लोन देती हैं। इसके प्रतिउत्तर में तीस से चालीस प्रतिशत तक ब्याज वसूल करती हैं। पैसा चुकाने में दो-चार दिन देर होने पर ही लाभुकों को प्रताड़ित किया जाता है। जिसके कारण उन्हें आत्महत्या तक करना पड़ता है। बीस सूत्री की बैठक में भी जेएसपीएल के कर्मियों को स्पष्ट आदेश दिया गया था कि किसी भी हाल में प्राइवेट बैंक से लोन नहीं लिया जाये। क्षेत्र के हर जरूरतमंद महिलाओं तक पहुंच बनाकर सरकारी बैंकों से ऋण दिलाना सुनिश्चित किया जाये। बहुत जल्द महिलाओं के साथ बैठक कर माइक्रो फाइनेंस कंपनियों के खिलाफ आंदोलन के लिए उन्हें जागरूक किया जाएगा। कानूनी कार्रवाई हेतु न्यायालय भी जाने में भी सहयोग किया जाएगा।

## 700 लोगों ने अबुआ आवास के लिए दिया आवेदन

**हरिहरगंज।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को पिपरा प्रखंड मधुबान अंतर्गत दमवा उप स्वास्थ्य केंद्र परिसर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन बीडीओ अनिता केरकेट्टा, मुखिया राजेश राजवंशी, लाल बहादुर सिंह, सुनील सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर पंचायत के मुखिया ने कहा कि शिविर के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने का काम सरकार कर रही है। बीडीओ ने कहा कि बहुत से ऐसे लोग हैं, जो अपनी समस्याओं को लेकर प्रखंड में नहीं पहुंचते हैं। वैसे लोगों के लिए यह शिविर काफी लाभदायक सिद्ध हो रहा है। इस दौरान 15 स्टॉल लगाए गए थे। विभिन्न योजनाओं से संबंधित करीब 950 आवेदन लोगों ने शिविर में दिया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मरीजों को जांच के बाद दवा दिया गया। अबुआ आवास के लिए सर्वाधिक 700 आवेदन आये। इस दौरान आठवीं कक्षा की 11 छात्राओ में साइकिल वितरण किया गया।

### मुखिया ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर असहाय, बेसहारा, दिव्यांग, विधवा व वृद्धों के बीच पंचायत की मुखिया मीना देवी ने कंबल का वितरण किया। संचालन सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक सह मुखिया पति व्यास राम चौरसिया ने किया। मौके पर मुखिया मीना देवी ने कहा कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें अन्य विकास योजनाओं सहित कम्बल का भी वितरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी हमारे देश में ऐसे लोगों की कमी नहीं है। जिनके पास समुचित संसाधन नहीं है। प्रत्येक सामर्थ्यवान लोगों को जरुरतमंदों की मदद के लिए तत्पर रहना चाहिये। उन्होंने उम्मीद जताई कि कंबल मिल जाने से कड़ाके की ठंड में गरीबों को काफी राहत मिलेगी। इस अवसर पर वार्ड सदस्य शोभा देवी, सुनील चौरसिया, सुबोध गुप्ता, सुकेश कुमार, नंदकिशोर चौधरी, आकाश कुमार, लालो चौरसिया, राकेश कुमार, अमरेंद्र कुमार, सोनू कुमार, विष्णु महतो उपस्थित थे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा

# बीजेपी राज में ही विकास संभवः पूर्व सांसद

**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड में विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने पाटन बीडीओ अमित कुमार झा, अंचल अधिकारी दीपक कुमार मिश्रा व मुखिया मंजू देवी के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रजज्वलित कर किया। इस दौरान केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी गई। पूर्व सांसद ने इस मौके पर बताया कि पूरे देश में केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से एक अभूतपूर्व पहल के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर को झारखंड के खूंटी से विकसित भारत संकल्प यात्रा का शुभारंभ किया है। तात्कालिक सेवा-सुविधा के लिए डाक विभाग, स्वास्थ्य विभाग व अन्य विभागों द्वारा विभिन्न शिविर लगाये जा रहे हैं। सरकार की प्रमुख योजनाओं के बारे में नागरिकों को सूचित करने व उन्हें सशक्त बनाने के लिए शुरू की गयी इस यात्रा का उद्देश्य जागरूकता पैदा करना व कल्याणकारी कार्यक्रमों का लाभ सीधे लोगों तक पहुंचाना है।



कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व सांसद

उन्होंने विशेष रूप से कहा कि भाजपा राज में ही देश व राज्य का विकास संभव है। इस मौके पर मुखिया जैनुल सिद्दीकी, विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, जिला कार्यकारिणी सदस्य वशिष्ठ पांडे, निरंजन पासवान, श्याम देव सिंह, पाटन मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, अभिषेक सिंह, मंडल उपाध्यक्ष गौतम सिंह, उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, मंत्री अर्जुन तिवारी, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, जैनेंद्र यादव, प्रमोद सिंह, ओम प्रकाश पांडे, बबल शाह, पारस सिंह, नवलेश सिंह, अजय सिंह, कामता सिंह, शहादत हुसैन, राधेश्याम सिंह, रंजीत कुमार सिंह मौजूद थे।

## भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मनी कवि सुब्रमण्य की जयंती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय संत मरियम स्कूल में गुरुवार को देश के महान कवि भारतीयार सुब्रह्मण्य भारती की जयंती धूमधाम से मनाई गयी। स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने उपस्थित शिक्षको के साथ सामूहिक रूप से रिबन काट कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। अपने संबोधन में चेयरमैन अविनाश देव ने कहा की सुब्रह्मण्य भारती एक तमिल कवि थे उनको 'महाकवि भारतीयार' के नाम से भी जाना जाता है। वह एक कवि होने के साथ-साथ भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में शामिल सेनानी, समाज सुधारक एवं पत्रकार भी थे। सीबीएसई के दिशा-निर्देश के अनुसार आज पूरा देश महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती को भारतीय भाषा उत्सव के रूप में मना रहा है। भारतीय भाषा उत्सव भाषा विविधता की सुंदरता का आनंद लेने व उस विविधता में एकता की भावना का अनुभव करने का महोत्सव है। इस दौरान आयोजित पेंटिंग, सिंगिंग, डांसिंग आदि प्रतियोगिताओं में बच्चों ने भारी उत्साह के साथ शिरकत की। मौके पर स्कूल के प्रिंसिपल कुमार आदर्श, वाइस प्रिंसिपल एसबी शाहा भी मौजूद रहे।



कार्यक्रम का शुभांरभ करते चेयरमैन

### संविदा अवधि समाप्त होने से चिकित्सक असमंजस में

**मेदिनीनगर।** स्थानीय मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज में संविदा पर कार्यरत 6 डॉक्टरो की परेशानी थमने का नाम नहीं ले रही है। इनकी दो-दो साल की संविदा अवधि समाप्त होने के कई सप्ताह बाद भी अभी तक कोई निर्देश नहीं आने से ये चिकित्सक ऊहापोह की स्थिति में हैं। उन्हें यह भी जानकारी नहीं है कि उनका सेवा विस्तार होगा या नहीं। होगा भी तो यह कितनी अवधि का होगा। मेडिकल कॉलेज में फिजियोलॉजी के प्राध्यापक डॉक्टर राकेश कुमार का कॉन्ट्रैक्ट 26 अक्टूबर 2023 को ही समाप्त हो गया है। इसी प्रकार डा. केएच खान का सेवा कॉन्ट्रैक्ट भी 26 अक्टूबर 2023 को ही खत्म हो गया है। दंत विभाग की डा. सुषमा का कॉन्ट्रैक्ट 21 अक्टूबर 2023, शिशु रोग विशेषज्ञ डा. प्रशांत कुमार का 19 नवंबर 2023, पैथोलॉजी की डा. सीमा का 19 नवंबर एवं एनेस्थीसिया के डा. आदित्य प्रकाश का कॉन्ट्रैक्ट भी 19 नवंबर को पूरा हो गया। वर्ष 2024 में भी दो चिकित्सकों की सेवा संविदा भी समाप्त हो रही है। हालांकि पिछले दिनों झारखंड के वित्त मंत्री डा. रामेश्वर उरांव ने कहा था कि मामला उनके संज्ञान में है तथा वे इसे गंभीरता से ले रहे हैं। पदों की स्वीकृति के संबंध में बुधवार को आदेश भी जारी किया गया है।

### मंत्रणा के लिये 20 दिसंबर को डालटनगंज पहुंचने का आह्वान

**छतरपुर।** तहरीके बेदारी इस्लाहे मुआसरा कांफ्रेंस की पलामू जिला इकाई की बैठक में विभिन्न समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान मुस्लिम समाज को अपना हक अधिकार लेने, उर्दू को पूरे तौर पर लागू करने, वक्फ बोर्ड का गठन, उर्दू विश्वविद्यालय खोलने की मांग सहित समाज में दहेज जैसी कुरीतियों के प्रति एकजुटता व जागरूकता लाने पर बल दिया गया। बैठक की सदारत मौलाना खुर्शीद अनवर नूरी ने की। बैठक में मुसलमानों की विभिन्न समस्याओं के अलावा पिछड़ेपन के कारणों पर विस्तृत चर्चा की गई। मौलाना मुफ्ती मोजीबुल्लाह रजवी ने कहा कि झारखंड की सरकार राज्य में उर्दू को उसका हक नहीं दे रही है। स्कूलों में उर्दू शिक्षक नहीं हैं। कार्यालयों में ट्रांसलेटर नहीं हैं। राज्य में उर्दू यूनिवर्सिटी की स्थापना होनी चाहिए। अभी तक वक्फ बोर्ड का गठन नहीं हुआ। इसके अलावा हर जगह मुसलमानो को प्रताड़ित किया जा रहा है। इनके लिये भी हरिजन-आदिवासी की तरह सुरक्षा के लिए एक्ट बनना जरूरी है। मौलाना महताब आलम ने कहा कि पलामू जिला मुख्यालय स्थित राहत नगर ईदगाह मैदान डालटनगंज में 20 दिसंबर को आयोजित जिला स्तरीय कांफ्रेंस में भारी से भारी संख्या में भाग लेकर अपने हक की आवाज बुलंद करें। कांफ्रेंस में मौलाना गुलाम रसूल बलियावी के अलावा देश के कई जाने माने उलेमा हिस्सा लेंगे। मौलाना जुबैर, मौलाना जुनैद मिस्बाही, कारी खुर्शीद, अल्ताफ, जफरुद्दीन, नुरुल्लाह, मौलाना सफीक, कारी असलम अंसारी, मुख्तार अंसारी, आसिफ इकबाल, कैश अख्तर, कुर्बान अंसारी, शादाब अंसारी, नौखेज खा, अलीशेर अंसारी, फिरदौस आलम, नजरुल अंसारी, बदरुद्दीन अंसारी, अमीन अंसारी उपस्थित थे।

### डीएसई ने कई विद्यालयों का निरीक्षण किया

**हरिहरगंज।** जिला शिक्षा अधीक्षक मनोज कुमार ने गुरुवार को हरिहरगंज प्रखंड क्षेत्र के कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मेन रोड स्थित मध्य विद्यालय हरिहरगंज, मध्य विद्यालय अररुआ कला, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सियारभूका सहित कई विद्यालयों में पहुंचकर छात्र-शिक्षक उपस्थिति, मध्याह्न भोजन आदि की जांच की। वहीं शिक्षा स्तर में गुणात्मक वृद्धि के लिए प्रधानाध्यापकों को कई दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रामनरेश राम भी उपस्थित थे।


## कार्यालय, जिला खेल पदाधिकारी, गुमला
(जिला पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य शाखा)
रूम-04, नया समाहरणालय, गुमला
Email id- sportsgumla@gmail.com

**अति अल्पकालिन निविदा संबंधित शुद्धि पत्र**

मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता–2023 में पंचायत स्तर से लेकर राज्य स्तर तक के प्रतिभागी खिलाड़ियों को टी–शर्ट एवं खेल किट (जर्सी शॉट्स, फुटबॉल शूज, मोजा, सिन गार्ड एवं गोलकिपर ग्लब्स) उपलब्ध कराने हेतु ज्ञापांक 602/क्री० दिनांक 08.12.2023 के आलोक में प्रकाशित निविदा संख्या 313233 के द्वारा प्रकाशित निविदा की शर्ते के

1. पूर्व में प्रकाशित निविदा के कंडिका 3 "निविदादाता का तीन वर्षों (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) का औसत Turnover कम से कम 50,00,000.00 (पाँच लाख) रू०" को 50,00,000.00 (पचास लाख) रू० पढ़ा जाय।
2. आमंत्रित निविदा को जमा करने की अंमित तिथि दिनांक 20.12.2023 के अप० 4:30 बजे तक जिला खेल कार्यालय, गुमला में जमा की जयेगी एवं 21.12.2023 को 1:00 बजे विकास भवन, गुमला के सभाकक्ष में निविदा निष्पादन समिति के द्वारा खोली जायेगी।
3. पूर्व में निर्गत निविदा के शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगी।

ह०/–
जिला खेल पदाधिकारी, गुमला

PR 313489 District (23-24)_D

## कार्यालय जिला परिषद, गुमला

**आम सूचना**

श्री अमित कुमार, ग्राम–परवल, पो0–दतिया, थाना–करंज, जिला– गुमला को एतद सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा दिनांक 04.10.2023 को आहूत बाजार हाट सैरात बन्दोबस्ती में रायकेरा बाजार हाट उच्च डाकबोली 4,00,000.00(चार लाख)रू0 मात्र बोलकर प्राप्त किया गया है, एकरारनामा हेतु शेष राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट डाकबोली के 03(तीन) दिनों के अंदर जमा करने संबंधी शर्तें पूर्व निर्धारित थी, परन्तु लगभग दो महीना बीत जाने के बाद भी अब तक आपके द्वारा शेष राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट जमा नहीं किया गया है, जिससे कार्यालय जिला परिषद, गुमला को राजस्व की क्षति हो रही है।

अतः याचित राशि का डिमाण्ड ड्राफ्ट आम सूचना निर्गमन के 03(तीन) दिनों के अंदर कार्यालय जिला परिषद, गुमला में जमा कर एकरारनामा कराना सुनिश्चित करें अन्यथा जमा अग्रधन की राशि को जब्त करते हुए L2 को L1 की दर पर एकरारनामा कर दी जाएगी एवं भविष्य में आपके किसी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला

PR 313434 Rural Development(23-24)#D

## कार्यालय, नगर पंचायत, लातेहार

**आम सूचना**
**(5th Call)**

अपर अभियान निदेशक, राष्ट्रीय स्वाथ्य मिशन, झारखण्ड सरकार, रांची के पत्रांक 328 ¼ADM½ दिनांक 06.12.2022 के आलोक में लातेहार जिले के शहरी क्षेत्र में 15वें वित आयोग (स्वास्थ्य) के तहत् संचालित किये जाने वाले Urban Health and wellness Center के संचालन हेतु चिकित्सकों की सेवा प्राप्त किया जाना है। चिकित्सकों के चयन हेतु दिनांक 22.12.2023 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in interviiew निर्धारित किया गया है। इच्छुक निजी चिकित्सकों से निम्नांकित शर्तो के अधीन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र0 सं0 | विवरणी | आवश्यक शर्ते |
|---|---|---|
| 01 | पदनाम | General Duty Medical Officer |
| 02 | न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | मेडिकल कॉउन्सिल ऑफ इण्डिया से मान्यता प्राप्तकिसी भी संस्थान से M.B.B.S. की डिग्री |
| 03 | उम्र सीमा | अधिकतम 67 वर्ष (सिविल सर्जन के माध्यम से निर्गत मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र के आधार पर 70 वर्ष तक के चिकित्सकों की सेवा प्राप्त की जा सकती है। मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र की वैधता एक वर्ष के लिए मान्य होगा।) |
| 04 | मानदेय | रू0 63000/– (तिरसठ हजार रू0 मात्र) |
| 05 | कुल रिक्तियां | 01 (एक) |
| 06 | चयनित चिकित्सकों द्वार भविष्य के लिए नियमितिकरण हेतु किसी भी प्रकार का दावा मान्य नहीं होगा। | |
| 07 | मानदेय भुगतान में नियमानुसार TDS कटौती की जाएगी। | |
| 08 | Walk in Interview में उपस्थित होने के लिए किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। | |
| 09 | कार्य दिवस सोमवार से शनिवार (कार्य अवधि 08 घण्टा) | |

दिनांक 22.12.2023 को पूर्वाहन् 11:30 बजे नगर पंचायत, लातेहार के कार्यालय में Walk in Interview के लिए अपना बायोडाटा, सभी मूल प्रमाण पत्र एवं दो सेट छायाप्रति के साथ उपस्थित होना होगा।

प्रशासक,
नगर पंचायत, लातेहार।

PR.NO.313369 Urban Development and Housing(23-24):D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू

**अल्पकालिन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई– निविदा सूचना संख्या – EE/RDSD/PALAMAU-29/2022-23/RE-01P.R. No.293944

1.कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र० सं० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पलामू जिला के प्रखण्ड नीलाम्बर– पिताम्बरपुर अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास/ पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्गत कर्मचारी/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य का निर्माण। | 60599400.00 | 1212000.00 | 10000.00 | 12 माह। |
| 2 | पलामू जिला के प्रखण्ड सतबरवा अन्तर्गत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी–सह–अंचलाधिकारी आवास/ पर्यवेक्षक आवास/तृतीय वर्गत कर्मचारी/चतुर्थ वर्ग कर्मचारी आवास/प्रखण्ड परिसर का विकास एवं विविध कार्य का निर्माण। | 60599400.00 | 1212000.00 | 10000.00 | 12 माह। |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 18.12.2023
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 18.12.2023 से दिनांक 02.01.2024 को अपराह्न 5:00 बजे तक
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –04.01.2024 अपराह्न 2:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,पलामू

PR 313330 Rural Development(23-24).D

## गागर में सागर

### आग से झुलसकर किशोरी व महिला गंभीर


काल्पनिक फोटो

**मेदिनीनगर।** पाटन थाना क्षेत्र के ग्राम सेमरी निवासी पप्पू प्रसाद की पत्नी ममता देवी उम्र 22 वर्ष चूल्हा पर चाय बनाने के क्रम में आग से झुलसकर गंभीर रूप से घायल हो गईं। इस घटना के बारे में घायल ममता देवी ने बताया की बीती रात वह अपने घर में लकड़ी के चूल्हे पर चाय बना रहीं थीं। इसी बीच वह आग की चपेट में आ गईं। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुये पाटन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया गया। वहीं एक अन्य घटना में सतबरवा थाना क्षेत्र के ग्राम बकोरिया निवासी महराजा सिंह की पुत्री प्रभा कुमारी उम्र 14 वर्ष गैस चूल्हे से जल कर गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजनों ने बताया की प्रभा अपने घर में गैस पर खाना बना रही थी। बताया जाता है कि गैस सिलेंडर लीक था। जैसे ही प्रभा ने माचिस जलाई आग भभक कर पूरे कमरे में फैल गयी। परिजनों ने इलाज के लिए उसे मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### बदला जाये जर्जर विद्युत पोल व तार

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश महासचिव विश्वनाथ राम घूरा ने मुख्यमंत्री शिकायत केंद्र में आवेदन देकर कहा है कि मेदिनीनगर शहर के बाजार क्षेत्र सहित अन्य जगहों पर विद्युत पोल व तार काफी जर्जर हो चुके हैं। जिसके कारण कभी भी कोई अप्रिय घटना घट सकती है। इससे नागरिकों को अघोषित विद्युत कटौती का भी सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क का लगातार निर्माण होने से सड़क की ऊंचाई बढ़ रही है। इससे पहले से गड़े विद्युत पोल नीचे होते जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में खंभों की ऊंचाई बढ़ाना भी जरूरी है। ताकि रामनवमी व मोहर्रम पर जुलूस निकालने में असुविधा न हो।

### सड़क हादसे में युवक की स्थिति गंभीर

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के हमीदगंज निवासी मनीष कुमार उम्र 30 वर्ष बुधवार की रात बाइक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गये। इस घटना के बारे में घायल मनीष ने बताया कि बुधवार की रात बाजार से वह अपने घर हमीदगंज जा रहे थे। तभी रास्ते में साहित्य समाज चौक के पास अनियंत्रित होकर वह बाइक से गिर गये। इससे उन्हें गंभीर चोट आई है। स्थानीय लोगों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### 22वें दिन भी जारी सोहेया पहाड़ संघर्ष समिति का धरना

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर में सोहेया पहाड़ बचाओ संघर्ष समिति द्वारा दिया जा रहा धरना 22वें दिन भी जारी रहा। अभी तक मांगों के अनुपालन की दिशा में प्रशासनिक स्तर पर कोई पहल नहीं किये जाने से धरने पर बैठे लोगों का रोष बढ़ता जा रहा है। समिति के रामेश्वर महतो, बबलू सिंह राजपूत आदि का कहना है कि हुसैनाबाद थाना अंतर्गत मौजा कुर्मीपुर टोला कंचनपुर में मानक के विपरीत पहाड़ का पट्टा निरस्त करने व अवैध लीजधारकों का लीज रद्द करने की मांग को लेकर 16 फरवरी से ही सोहेया पहाड़ स्थान पर धरना दे रहे हैं। इसके बाद भी कोई पहल नहीं होने से कचहरी परिसर में धरना दिया जा रहा है। यदि अभी भी पहल नहीं की गयी तो आमरण अनशन किया जायेगा। मौके पर भोला महतो, रम्भा देवी, राजेन्द्र पासवान,रुचिर कुमार तिवारी मौजूद थे।

### पलामू के नये प्रमंडलीय आयुक्त ने ग्रहण किया पदभार

# जनसमस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता : कमिश्नर


नवागत आयुक्त से वर्ता करते आईजी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू के प्रमंडलीय आयुक्त के रूप में भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी दशरथ चंद्र दास ने गुरुवार को पदभार ग्रहण किया। आयुक्त कार्यालय पहुंचने पर उन्हें जिला प्रशासन की ओर से गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर मौजूद पलामू जोन के आईजी राजकुमार लकड़ा

#### जिला प्रशासन की ओर से दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

ने श्री दास को बधाई देते हुये पलामू प्रमंडल से जुड़े भौगोलिक एवं अन्य स्थितियों से अवगत कराया। नवागत आयुक्त श्री दास ने कहा कि जनसमस्याओं का निराकरण प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिये। इस दौरान आयुक्त के सचिव अरविंद कुमार, उपनिदेशक कल्याण मतियस विजय टोप्पो, सदर अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, डीएसपी एडमिन राहुल देव बड़ाईक, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव रंजन तिवारी, आयुक्त के पीए अमित रंजन, नाजिर प्रेम धीरज कुमार आदि ने गुलदस्ता भेंट कर आयुक्त का स्वागत किया। पदभार ग्रहण के उपरांत उन्होंने कार्यालय कर्मियों से परिचय प्राप्त किया एवं विभिन्न शाखाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी प्राप्त की।

### मतदान से लेकर परिणामों की घोषणा तक करेंगे निगरानी

# डीबाए चुनाव को झारखंड बार एसोसिएशन ने नियुक्त किये आब्जर्वर




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन चुनाव के लिये झारखंड स्टेट बार एसोसिएशन ने दो आब्जर्वर नियुक्त किये हैं। दोनों आब्जर्वर मतदान के दिन 16 दिसंबर को नियत समय पर मतदान केंद्र पर पहुंच जायेंगे। वे चुनाव परिणामों की घोषणा के बाद प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बाद ही यहां से जायेंगे। जिला बार एसोसिएशन चुनाव की पारदर्शिता व निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिये झारखंड बार एसोसिएशन ने भी समुचित तैयारी की है। मतदान से लेकर चुनाव परिणामों की घोषणा तक समस्त प्रक्रियाओं की निगरानी के लिये स्टेट बार एसोसिएशन के सदस्य दुमका के बालेश्वर प्रसाद सिंह व बोकारो के मृत्युंजय प्रसाद सिन्हा की बतौर आब्जर्वर तैनाती की गयी है। समस्त चुनावी प्रक्रिया उनकी निगरानी में ही होगी। पलामू बार एसोसिएशन के मुख्य चुनाव आयुक्त बैद्यनाथ चौबे ने बताया कि दोनों आब्जर्वर शनिवार सुबह 10.30 बजे मतदान केंद्र पर पहुंच जायेंगे। वे दिनभर मतदान प्रक्रिया की जायजा लेने के बाद सर्किट हाउस में रात्रि विश्राम करेंगे। 17 दिसंबर को उनकी उपस्थिति में ही मतगणना का कार्य शुरू किया जायेगा। विजयी उम्मीदवारों के प्रमाणपत्र पर भी उनका हस्ताक्षर रहेगा। चुनाव प्रक्रिया के व्यवस्थापक संजय दुबे ने बताया कि आब्जर्वरों द्वारा पूरी चुनावी प्रक्रिया की रिपोर्ट स्टेट बार एसोसिएशन को प्रेषित की जायेगी। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह साढ़े दस बजे मतदान शुरू हो जायेगा।

### आपकी सरकार कार्यक्रम में चैनपुर पहुंचे सरकार के सचिव

# शिविरों में दिख रहा अबुवा आवास का क्रेज : कृपानन्द झा

#### महुगावां के शिविर में 6 छात्राओं के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 42 हजार 500 रुपये का चेक वितरण किया गया

#### साईकल खरीदने को 8 छात्र-छात्राओं को डीबीटी के माध्यम से मिले 36 हजार रुपए


दीप प्रज्ज्वलित करते सचिव


प्रमाण पत्र के साथ लाभुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा व परिवहन विभाग के सचिव सह पलामू एवं गढ़वा के नोडल पदाधिकारी कृपानंद झा ने कहा कि आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत पलामू जिले में शिविर लगाकर आम लोगों को सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के प्रति लोगों में खासा उत्साह दिख रहा है। सरकार जनता के लिये विभिन्न योजनायें संचालित करती है, लेकिन जानकारी के अभाव में लोगों को लाभ नहीं मिल पाता है। इसी को दूर करने व लोगों को उनके घर में ही लाभान्वित करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले साल लगाये गये शिविर में लोगों को अप्रत्याशित लाभ दिया गया। इसी से प्रेरित होकर यह अभियान दोबारा चलाया जा रहा है। सचिव श्री झा गुरुवार को चैनपुर के महुगावां पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बार के शिविर में लोगों के बीच अबुआ आवास योजना का क्रेज देखा जा रहा है। वहीं ठंड के इस मौसम के मद्देनजर लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया जा रहा है। उन्होंने शिविर में विभिन्न लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया साथ ही बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि हमारा प्रयास है कि शिविर में ही आपके सारे कामों को निपटा दिया जाये। लेकिन कई ऐसे कार्य होते हैं जो टाइम टेकिंग वाले होते हैं। सभी कार्यों को भी एक महीने के भीतर निपटा दिया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग अपना निबंधन कराके पर्ची जरूर लें,ताकि आप अपने एप्लीकेशन को कभी भी ट्रैक कर पायें। कार्यक्रम का संचालन चैनपुर बीडीओ नीतेश भास्कर ने किया। मौके पर डीटीओ अनवर हुसैन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान, अंचलाधिकारी संजय बाखला आदि उपस्थित थे।

#### शिविर में परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

शिविर में सचिव कृपानंद झा समेत अन्य अधिकारियों ने 150 से अधिक लोगों के बीच कंबल एवं 6 बच्चियों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 42 हजार 5 सौ रूपए का चेक प्रदान किया। वहीं जेएसएलपीएस के तहत समूह की दीदियों के बीच पहचान पत्र का वितरण किया गया। शिविर में कल्याण विभाग के तहत डीबीटी के माध्यम से 8 छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल क्रय हेतु 36 हजार रुपये की राशि का वितरण किया गया। मनरेगा के तहत 5 लाभुकों के बीच जॉब कार्ड का वितरण भी किया गया।

#### कार्यक्रम में इन विभागों के लगे थे स्टॉल

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में मुख्य रूप से अबुआ आवास योजना, गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, स्वास्थ्य विभाग, श्रम नियोजन एवं प्रशिक्षण विभाग, शिक्षा विभाग, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण, पंचायती राज, बाल विकास परियोजना, आपूर्ति विभाग, प्रज्ञा केंद्र, आधार केंद्र, कृषि विभाग, मनरेगा, जेएसएलपीएस, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), राजस्व विभाग, कल्याण विभाग सामाजिक सुरक्षा (पेंशन) सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये थे।

# कार्यों में निष्पक्षता व पारदर्शिता की गारंटी : बलराम


बलराम तिवारी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष व वर्तमान में अध्यक्ष पद के उम्मीदवार बलराम तिवारी ने गुरुवार को एक वार्ता के दौरान अपनी प्राथमिकतायें बतायीं। उन्होंने कहा कि यदि चुनाव में अधिवक्ताओं का साथ मिला तो अधिवक्ताओं के विकास संबंधी समस्त कार्यों में पूर्ण पारदर्शिता व निष्पक्षता की वे गारंटी देते हैं। क्योंकि उनका मानना है कि निष्पक्ष होकर पारदर्शिता के साथ किया गया कोई भी कार्य सदैव उपयोगी होता है। इसके साथ ही समय के साथ अधिवक्ता समाज की जरूरतें भी बदली हैं। इस दिशा में समयानुकूल योजनाबद्ध तरीके से आगे बढ़ा जायेगा। उन्होंने कहा पिछले कार्यकाल में भी उन्होंने अधिवक्ता हित में तमाम दूरगामी कार्यों को अंजाम दिया है। इस बार भी अधिवक्ता कल्याण की चतुर्दिक योजना लेकर ही वे चुनाव मैदान में उतरे हैं। उम्मीद है परिणाम भी आशा के अनुरूप ही आयेगा।

#### गैर पेशेवर अधिवक्ताओं को लाभों से करेंगे वंचितः बिक्रम


बिक्रम कुमार त्रिपाठी

**मेदिनीनगर।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में संयुक्त सचिव प्रशासन के पद पर चुनाव लड़ रहे बिक्रम कुमार त्रिपाठी ने गुरुवार को एक वार्ता में कहा कि नियमित अधिवक्ताओं के कल्याण के लिये वे समर्पित भाव से कल्याण करेंगे। उन्होंने कहा कि वे वैसे अधिवक्ता जो निबंधन कराकर अन्य कार्यों अथवा अन्य संस्थाओं से जुड़े हैं। उन्हें अधिवक्ता संघ द्वारा मिलने वाले वेलफेयर लाभों से वंचित कर नियमित अधिवक्ताओं को उसका लाभ दिलायेंगे। अब तक किसी का भी वोट बैंक की राजनीति के तहत इस महत्वपूर्ण मुद्दे की तरफ ध्यान नहीं जाता है।

# कचहरी परिसर का सामुदायिक शौचालय बंद रहने से वादी परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कचहरी परिसर स्थित सामुदायिक सुलभ शौचालय बन्द रहने के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से परिसर स्थित अनुमंडलीय कार्यालय, परिवार न्यायालय, व्यवहार न्यायालय, निबंधन कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में आने वाले वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि परिसर स्थित सामुदायिक सुलभ शौचालय में कई महीने से ताला लटका है। जिससे कचहरी परिसर में आने वाले ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस परिसर में सामुदायिक सुलभ शौचालय की व्यवस्था नगर निगम द्वारा किया गया है, किंतु पता नहीं किन कारणों से महीनों से शौचालय में ताला बंद करके रखा गया है। शौचालय बंद होने के कारण लोग परिसर में ही इधर-उधर लघुशंका करने के लिये विवश हैं। कई स्थानों पर तो भीषण दुर्गंध के कारण सांस लेना भी दुरूह हो गया है। लोगों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**लोग बोले....**



अधिवक्ता नरेंद्र पाण्डेय का कहना है कि समुदायिक शौचालय कई महिने से बन्द पड़े हैं। इसका खामियाजा कचहरी परिसर में आने दुर दराजों से कार्याथियों के लिए एक सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था नगर निगम सरकारी स्तर पर हुई थी। और आने वाले ग्रामीणों को काफी सहुलियत होती थी। लेकिन कई महीनों से बन्द पड़ा है। इसका खामियाजा कचहरी परिसर में आने वाले भुगत रहे हैं।लेकिन ढपोरशंखी सरकार कागज पर ही योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य पुरी कर वाहवाही लूट रही है और इसका जनता विभिन्न समस्याओं से त्रस्त है लेकिन ध्यान देने वाला कोई नहीं है।

**अधिवक्ता ,रंजीत कुमार सिंह**



कचहरी परिसर परिवार न्यायालय परिसर में आने वाले लोग दुखदायी कार्यों से आते है।कई महिने पहले नगर निगम द्वारा कचहरी परिसर में सामुदायिक शौचालय की व्यवस्था की गई थी। लेकिन कचहरी जिला परिसर स्थित समुदायिक शौचालय निर्माण कार्य पूरा बन कर तैयार है लेकिन पता नहीं किस कारण से ताला लटका पड़ा है।जल्द ही खुल जाता है तो आने वाले ग्रामीण दूर दराज से उन्हें परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा।

**सुरेन्द्र कुमार**



कचहरी परिसर स्थित सैकड़ों महिला पुरुष हजारों की तादाद में हर रोज यहां महिला वादकारी पहुंचती हैं। बावजूद इसके जिला कचहरी में सामुदायिक शौचालय में पुरुषों का काम तो चल जाता है। दिक्कत महिलाओं के लिए यहां ज्यादा है।और जहां समुदायिक शौचालय हैं,मगर गंदे होने से उसमें जाने पर अच्छा खास आदमी बीमार पड़ जाये। एक सामुदायिक सुलभ शौचालय है, मगर वह भी जब देखो ताला ही लटका दिखाई देता है।

## परेशानी

### उपायुक्त का आदेश भी बेअसर

# कड़ाके की ठंड में भी शहर में अलाव की व्यवस्था नहीं

#### कड़ाके की ठंड को देखते हुये शहर के सार्वजनिक स्थलों पर नगर निगम तत्काल अलाव का प्रबंध करे : प्रथम मेयर

#### ठंड से बचाव के लिये गरीबों को आग का ही सहारा रहता है


शहर में अलाव जलवाती प्रथम मेयर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एक ओर जहां कड़ाके की ठंड शुरू हो गयी है। वहीं दूसरी ओर बस स्टैंड समेत सार्वजनिक स्थानों पर अभी तक अलाव की व्यवस्था नहीं होने से राहगीरों व यात्रियों की मुसीबत बढ़ गई है। इससे शाम व रात के समय यात्रियों को ठंड की मार झेलनी पड़ रही है। पिछले दिनों उपायुक्त द्वारा तत्काल सार्वजनिक स्थलों पर अलाव का प्रबंध करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद भी कोई पहल नहीं किये जाने से समस्या बढ़ती जा रही है। राहगीरों का कहना है कि दिन में खिली धूप से कुछ राहत मिल जाती है। लेकिन शाम के समय ठंड का असर शुरू हो जाता है। जैसे-जैसे रात चढ़ती जाती है वैसे-वैसे तापमान गिरने के साथ ही ठंड बढ़ती जाती है। बताते चलें कि ठंड से बचाव के लिये गरीबों को आग का ही सहारा रहता है। उनके पास पर्याप्त गर्म कपड़े नहीं रहते। प्रतिवर्ष अब तक अलाव का प्रबंध कर दिया जाता था। इस वर्ष पता नहीं किन कारणों से अलाव नहीं जलवाया जा रहा है।

#### फौरन अलाव का प्रबंध करे नगर निगमः प्रथम महापौर

**मेदिनीनगर।** नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने गुरुवार को चैनपुर टैक्सी स्टैंड, चैनपुर बाजार, शाहपुर स्थित विवेकानंद चौक, डालटनगंज स्टेशन के सामने एवं छहमुहान के समीप अपने निजी खर्चे से अलाव की व्यवस्था की। उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुये शहर के सार्वजनिक स्थलों पर नगर निगम तत्काल अलाव का प्रबंध करे। उन्होंने कहा कि हर वर्ष प्रशासन एवं निगम की तरफ से इस समय तक अलाव की व्यवस्था कर दी जाती थी, परंतु इस वर्ष विलंब हो रहा है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता को देखते हुए अन्य स्थलों पर भी अलाव जलवाने की व्यवस्था की जा रही है।

#### गांवों में जलने लगी गोरसी

ठंड का असर ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक देखा जा रहा है। जहां शाम होते ही ग्रामीण गोरसी विशेष प्रकार का कच्ची मिट्टी का बर्तन में धान की भूसी में आग सुलगाकर बैठ जा रहे हैं। रात भर यह जली रह रही है। इसके साथ ही अलाव जला रहे हैं। इसके अलावा घरों में गोरसी में गोबर के कंडे, लकड़ी जलाकर भी ठंड से बचने का प्रयास किया जा रहा है। शहरी क्षेत्रों में ज्यादातर घरों में रात के समय ठंड से बचने के लिए रूम हीटर का भी उपयोग किया जा रहा है।

#### सदर अस्पताल में अलाव का हो प्रबंध : प्रेम

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के 20 सूत्री सदस्य प्रेम प्रकाश ठाकुर ने ठंड को देखते हुए जिला प्रशासन से मांग की है कि सदर प्रखंड के हर पंचायत के चौक-चौराहों पर तथा मेदिनीनगर निगम क्षेत्र स्थित रेलवे स्टेशन, रिक्शा पड़ाव, टेंपो स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थलों पर तत्काल अलाव की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है। साथ ही जिला प्रशासन से गरीबों को राहत के लिये व्यापक पैमाने पर कंबल वितरण का भी आग्रह किया है।

#### रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में सर्वाधिक परेशानी

अलाव का प्रबंधन नहीं होने के कारण सर्वाधिक परेशानी रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड में हो रही है। क्योंकि डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर ज्यादातर यात्री ट्रेनें देर रात अथवा भोर में ही स्टेशन पर आती हैं। इनसे भारी संख्या में यात्री उतरते हैं। साथ ही ट्रेन पकड़ने के लिये भी बहुतायत में यात्री आते हैं। ऐसे में अलाव का प्रबंध नहीं होने से यात्री ठिठुरते हुये ट्रेन की प्रतीक्षा करने को विवश हैं।

### हम के प्रदेश अध्यक्ष ने बुलंद की आवाज

# दोनों हाथ से दिव्यांग रामकुमार को मिले सरकारी लाभ : राजेंद्र चौधरी


दोनों हाथों के दिव्यांग राम कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** एनडीए गठबंधन हिंदुस्तानी आवाम पार्टी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष पूर्व विधायक प्रत्याशी राजेंद्र चौधरी ने गुरुवार को एक वार्ता में रोष जताते हुये कहा कि विश्रामपुर प्रखंड के घासीदास ग्राम पंचायत निवासी दोनों हाथों से विकलांग रामकुमार विश्वकर्मा को आज तक किसी प्रकार का सरकारी लाभ नहीं मिल पाया है। जबकि जिला से लेकर प्रखंड स्तर के सभी सरकारी पदाधिकारी से मिलकर रामकुमार अपनी व्यथा सुना चुके हैं। इसके बाद भी सरकारी लाभ तो दूर अभी तक उनका दिव्यांग प्रमाण पत्र भी नहीं बन सका है। जिससे उनके लिये खुद का भरन-पोषण मुश्किल साबित हो रहा है। उन्होंने जिले के प्रशासनिक अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल समुचित कदम उठाये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि कोई मदद नहीं मिलने से दिव्यांग के समक्ष भूखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जायेगी।

## गागर में सागर

### स्कूल के बच्चों और शिक्षकों को दी गई आग से बचाव की जानकारी



**भंडरिया।** प्रखंड के मदगड़ी गांव स्थित संत जेवियर्स इंग्लिश मेडियम पब्लिक स्कूल में गुरुवार को अग्निशामक दस्ता द्वारा स्कूली बच्चों एवं शिक्षकों को आग से बचाव की जानकारी दी गई। इस दौरान गढ़वा से आए अग्निशामक विभाग के गणेश चन्द्र सिंह एवं जितेंद्र कुमार ने स्कूली बच्चों एवं शिक्षक/शिक्षिकाओं को आग से बचाव की जानकारी दी गई। अग्निशामक कर्मी ने बताया की आग लगने पर क्या करें, क्या न करें कि जानकारी दी गई। इस दौरान जानकारी देते हुए बताया गया कि आग से बचने के लिए फुस की झोपड़ी पर मिट्टी का लेप करें, खेत में अवशेष को नहीं जलाएं, खाना बनाते समय सामने दो बाल्टी पानी रखें, हवा बहने के समय भूलकर भी आग नहीं जलाएं। जहां तक संभव हो खाना खुले में सुबह 9 बजे के पहले शाम 6 बजे के बाद बनाएं। जलते हुए माचिस की तिल्ली, सिगरेट, बीड़ी को जहां तहां नहीं फेंके। रसोई घर के अंदर मिट्टी का तेल व अन्य ज्वलनशील पदार्थ को नहीं रखें। रसोई का काम खत्म होने के बाद रेगुलेटर को बंद कर दें। आग लगने पर 101 पर फोन लगावें। वही गैस सिलेंडर में आग लगने पर अग्निशामक यंत्र का उपयोग करें। शॉट - सर्किट से आग लगने पर किस तरह उस पर काबू पाया जा सके की जानकारी दी गई।कार्यक्रम में स्कूली बच्चों को मौकड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा की जानकारी दी गई। इस मौके पर विद्यालय के निदेशक भीम यादव वही प्रिंसिपल जेनी मिंज सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### 32 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण

**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड के सिंहपुर ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में गुरुवार को आंगनबाड़ी केन्द्र के 32 बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। स्वेटर का वितरण पंचायत के उप मुखिया शारदा पासवान व आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका बबिता देवी ने संयुक्तरूप से किया। इस अवसर पर उप मुखिया शारदा पासवान ने सभी अभिभावकों से बच्चों को प्रतिदिन आंगनबाड़ी केन्द्र भेजने का अनुरोध किया। उन्होंने कहा कि ठंड काफी बढ़ गई है। ऐसे में अभिभावक बच्चों को ठंड से बचाव के लिये बच्चों को स्वेटर पहनाकर ही आंगनबाड़ी में भेजें। मौके पर सहायिका लिलावती देवी, सुनीता देवी, बेबी देवी, रानी चंचला, लाया देवी, परी देवी, रेखा देवी, मालती देवी, लालती देवी, प्रीति देवी, उदय कुमार ठाकुर सहित अन्य उपस्थित थे।

### ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल जारी

**भवनाथपुर।** 12 दिसंबर से देश भर के डेढ़ लाख ग्रामीण डाकघर के सभी ग्रामीण डाक सेवक अपनी लंबीत 9 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इस हड़ताल को सफल बनाने में पलामू के भी लगभग 100 ग्रामीण डाक सेवक हड़ताल पर हैं। गुरुवार को इसी क्रम में भवनाथपुर उप डाकघर में भावनवथपुर के ग्रामीण डाक सेवक उपस्थित हुए। ग्रामीण डाक सेवकों की हड़ताल पर जाने के कारण डाकघर के सभी कार्य बाधित है, जिसमें जमा-निकासी, सुकन्या समृद्धि योजना एवं अन्य पार्सल और डाक एवं जरूरी कागजात का वितरण सभी कार्य बंद है। इस मौके पर केतार के विश्वनाथ प्रसाद, दीपक कुमार, परसोडीह के संजीव कुमार, बुका के प्रशांत चौबे, सिंदुरिया के पुनीत कमलापुरी, राजी के कमलेश्वर ठाकुर, अखिलेश सिंह, मकरी के आनन्द सिंह, अरसली के दीपनारायण सिंह, जाहिर अंसारी सहित लोग शामिल हैं।

### 20 महिलाओं का सफल बंध्याकरण

**भंडरिया।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को साप्ताहिक बंध्याकरण शिविर में 20 महिलाओं का सफल बंध्याकरण किया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा.विजय किशोर रजक ने बताया कि परिवार नियोजन के तहत अस्पताल परिसर में शिविर लगाकर बंध्याकरण किया जा रहा है। जल्द ही बंध्याकरण लक्ष्य को सहिया के माध्यम से पूरा किया जायेगा। इस मौके पर ऑपरेशन सहायक अनुज कुमार सिकंदर कुमार, बीटीटी संतोष कुमार, मेलबिना कुजूर सीएच ओ अंजलुस कच्छप अजिंता कुजुर अश्रीता बाड़ा के अलावे अन्य लोग उपस्थित थे।

### 60 लोगों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन

**गढ़वा।** चिरौंजिया मोड स्थित राधिका नेत्रालय में 60 लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। अस्पताल के निदेशक सुशील कुमार ने बताया कि अस्पताल में लगातार मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय चिकित्सकों के साथ-साथ बाहर के भी चिकित्सा अपनी भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अब तक 1134 लोगों का मोतियाबिंद का निशुल्क ऑपरेशन किया गया है। निशुल्क दवा और चश्मा भी उपलब्ध कराया गया। उन्होंने कहा कि जिले के जिन लोगों को मोतियाबिंद का ऑपरेशन करना है वह अपने साथ राशन कार्ड आधार कार्ड लाकर निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन कर सकते हैं।

---

### झामुमोमय हुआ बिश्रामपुर : बीडीसी, बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष सहित 200 से अधिक लोग शामिल

# आगामी चुनाव में बूथ एजेंट भी नहीं मिलेंगे विपक्ष को : मिथिलेश



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

रंका प्रखंड की बिश्रामपुर पंचायत झामुमोमय हो गई है। विश्रामपुर सहित विभिन्न पंचायतों के 200 से अधिक लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा का दामन थाम लिया है। बामसेफ के प्रखंड अध्यक्ष शंकर यादव, खरडीहा की बीडीसी नीरू देवी सहित दो सौ से अधिक लोग गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के गढ़वा स्थित आवास पर पहुंचकर पार्टी में शामिल हुए। मंत्री ठाकुर ने सभी को माला एवं पार्टी का पट्टा पहनकर पार्टी में शामिल किया। साथ ही सभी को मिठाई खिलाकर उनका स्वागत।

मौके पर मंत्री ठाकुर ने कहा कि आज जनता का रुझान जिस तेजी से झामुमो की ओर बढ़ रहा है उससे साबित होता है कि सभी लोग इस बात को भली-भांति समझ गए हैं कि विपक्ष के लोग जनता की चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर जनता के हित में किये जा रहे कार्यों एवं राज्य के विकास को बाधित करना चाहते हैं। जनता पूरी तरह जागरूक हो चुकी है। अपने हक और अधिकार को अच्छी तरह से समझ रही है। आगामी चुनाव में विपक्षियों को अपनी हरकत के कारण उन्हें बूथ एजेंट तक भी नहीं मिलेगा। सबका एकतरफा रुझान झामुमो की ओर है। मंत्री ने कहा कि कहीं भी किसी व्यक्ति की नहीं, बल्कि उसके कार्यों की कद्र होती है। क्षेत्र का विकास झूठ, फरेब एवं छलावा से नहीं, बल्कि निस्वार्थ भाव से समर्पित होकर कार्य करने से होता है, जो आज लोगों को देखने को मिल रहा है। पार्टी में शामिल होने वालों ने कहा कि वे सभी लोग मंत्री ठाकुर के विकास कार्यों एवं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के बेहतर जनहित के कार्यों से प्रभावित होकर झामुमो में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य बने 23 वर्ष हो चुके हैं, परंतु आज तक जितनी भी सरकारें बनी किसी ने भी जनहित का कोई कार्य नहीं किया और न ही क्षेत्र में कोई भी विकास कार्य किया, परंतु हेमंत सोरेन की सरकार बनने के बाद मंत्री ठाकुर के नेतृत्व में जिस गति से चौतरफा विकास हो रहा है। ऐसा अब तक न तो किसी ने किया है और नहीं भविष्य में किसी और को करने की संभावना है।

पार्टी में शामिल होने वालों में मुख्य रूप से उक्त सहित खरडिहा से बसंती पन्ना, देवनारायण यादव, शंकर यादव, बचन पांडेय, बिश्रामपुर से प्रवीण तिर्की, प्रदीप तिर्की, प्रकाश तिर्की, विकास तिर्की, सुशील एक्का, नितेश मिंज, ममता केरकेट्टा, आरती मिंज, कुलमनी कुजूर, संजय बाड़ा, इस्माइल कुजूर इमिलिया बाड़ा, फुलमनिया मिंज, फुलवंती मिंज, संगीता मिंज, कुणाल खलखो, मनीष खलखो, राजू लकड़ा, कुदरूम से अमर यादव, राजू यादव, शंकर यादव, छोटू यादव, रामचंद्र यादव, महीपत यादव, सुनीता देवी, संध्या देवी, रीना देवी, जितनी कुंवर, लाखो कुंवर, सुनीता देवी, ललिता देवी, सोना देवी, ममता देवी आदि का नाम शामिल है। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दिलीप गुप्ता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

---

# ग्रामीण प्रतिभाओं को इस वर्ष नहीं मिला अपना हुनर दिखाने का मौका

### गत वर्ष के खर्च का भुगतान न होने से नहीं हो सका मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हुआ। इसकी वजह से पंचायत स्तर पर प्रतिभावान खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का मौका नहीं मिल सका, जबकि जिला खेल पदाधिकारी द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी सहित मुखिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट कराने हेतु पत्र निर्गत किया गया था। इस पर प्रखंड विकास पदाधिकारी रविंद्र कुमारद्वारा पत्र निर्गत कर सभी मुखिया को अपनी-अपनी पंचायत में मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन करने का निर्देश दिया गया था। साथ ही पंचायत स्तर पर विजेता टीम को प्रखंड में खेलने के लिए लाया जाना था, लेकिन पंचायत स्तर पर ही टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया गया। इसकी वजह से किसी भी पंचायत से प्रखंड स्तर की टीम ने मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग नहीं लिया।




#### क्या कहते है मुखिया

खरौंधी प्रखंड के मुखिया द्वारा बताया गया कि पिछले वर्ष मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट कराने हेतु तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी गणेश महतो द्वारा पत्र निर्गत कर सूचित किया गया था। पंचायत स्तर पर मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट कराने हेतु सभी पंचायत को पांच 5000 रुपये की राशि दी जाएगी। खेल का पंचायत स्तर पर आयोजन करते हुए खिलाड़ियों को प्रखंड स्तर पर भी भेजा गया था। पूर्व में खर्च की राशि हमलोगों को नहीं मिली। जब भी राशि की मांग की गई तो आज भुगतान होगा कल भुगतान होगा कहा जाता रहा। 1 साल गुजर गया लेकिन उक्त भुगतान नहीं हुआ। आखिरकार हम अपना पैसा क्यों खर्च करें जब प्रखंड से पैसा नहीं मिलता है। सभी पंचायतों में प्रखंड विकास पदाधिकारी ही मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराएं हम सभी को कोई परेशानी नहीं है।

#### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि

विधायक प्रतिनिधि खरौंधी जितेंद्र प्रसाद यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का प्रखंड स्तरीय एवं पंचायत स्तरीय आयोजन नहीं होना यह दुर्भाग्यपूर्ण है। खर्च की गई राशि का भुगतान क्यों नहीं किया गया। इसकी जांच की जाए एवं दोषी पदाधिकारी एवं कर्मी के ऊपर कारवाई की जाए। इसके साथ ही पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर तक मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन कराया जाए।

#### क्या कहते हैं खेल प्रभारी

प्रखंड खेल प्रभारी अंजनी कुमार द्विवेदी ने कहा कि मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट के लिए पंचायत के सभी मुखिया से आयोजन करने हेतु संपर्क किया गया, लेकिन मुखिया द्वारा पिछले वर्ष के राशि भुगतान की मांग की गई एवं कहा गया कि जब तक पिछले वर्ष की राशि भुगतान नहीं मिलेगा मुखिया द्वारा किसी भी तरह का फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नहीं किया जाएगा। इसी वजह से पंचायत से लेकर प्रखंड स्तर तक मुख्यमंत्री फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन नहीं हो सकता। इस सबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी रविन्द्र कुमार से दूरभाष पर बात करनी चाहा लेकिन उनके उनका फोन नहीं लगा।

---

### कबड्डी प्रतियोगिता : बालक वर्ग में नगर उंटारी बना विजेता



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

गढ़वा जिला कबड्डी संघ के तत्वावधान में गुरुवार को अधौरा ग्राम स्थित टीडीएम कॉलेज के मैदान में जिला स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें गढ़वा जिले के 10 प्रखंडों के खिलाड़ी शामिल हुये। आगामी 19 दिसंबर से 21 दिसंबर तक जामताड़ा में आयोजित होने वाली 18वीं जूनियर बालक एवं बालिका राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता के लिये खिलाड़ियों का चयन किया गया।

इस प्रतियोगिता को सुचारु रूप से संपन्न कराने हेतु रेफरी की भूमिका हरेंद्र पासवान, विशाल सिंह ने निभाई। प्रतियोगिता का शुभारंभ गढ़वा जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष विकास स्वदेशी ने किया। बालक वर्ग में नगर उंटारी भवनाथपुर को 5 प्वाइंट से हराया तथा बालिका वर्ग में नगर उंटारी ने मझिआंव को 25 पॉइंट्स से हराकर विजेता बना। विकास स्वदेशी ने सभी खिलाड़ियों को मेडल देकर समानित किया। उन्होंने कहा कि 15 खिलाड़ियों का चयन किया गया है, जिनके लिये 4 दिनों का कैम्प लगेगा। उसके बाद खिलाड़ियों का अंतिम रूप में चयन होगा। चयनित खिलाड़ी जामताड़ा के लिए 18 दिसंबर को शक्तिपुंज से रवाना होंगे। चयनित खिलाड़ियों में बालक वर्ग में अनंजय सिंह, आलोक कुमार, प्रतीक कुमार, अनिकेत कुमार, शुभम शर्मा, रंजन कुमार, नितेश कुमार, भानु सिंह, प्रियंजली दुबे, रानी तिग्गा, नेहा कुमारी, अंजलि कुमारी, सोनी कुमारी, काजल कुमारी, अमृता कुमार, जूही कुमारी शामिल हैं।

---

### महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी पुलिस ने शुरू की जांच

**रमना।** थाना क्षेत्र के मंझिगांवा और इसके आसपास के ग्रामीण इलाकों में महिलाओं को ऋण दिलाने के नाम पर लाखों ठगी का मामला प्रकाश में आया है। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाहा नें सुधा सिंह के आवेदन पर मामला दर्ज करते हुए जांच आरंभ कर दी है। मंझिगांवा निवासी सुधा सिंह ने रमना थाना में मामला दर्ज कराया है। सुधा सिंह ने बताया कि उर्रिट फाइनेंसियल सर्विस पीवीटी लिमिटेड के पिन्टू सिंह और महेश्वर मोर्या नामक दो कर्मी द्वारा 30 नवंबर को गांव पहुच कर कंपनी और उसकी स्किम के बारे में बताते हुए कहा कि 4600-4600 सौ बीमा राशी जमा कराने पर एक लाख का ऋण मिलेगा। 8 दिसंबर को रमना मानदोहर स्थित कंपनी के कार्यालय में मेरे साथ 17 लोगों नें बताए गए बीमा राशी 4600-4600 जमा करा दिया। इसके अलावा गांव के करीब 50 अन्य लोग भी बीमा राशी जमा कराए हैं। सभी को कागजी खानापूर्ति करते हुए पासबुक देते हुए कहा गया कि 10 दिसंबर तक एक-एक लाख रुपये ऋण का पैसा खाता में चला जाएगा। संपर्क किया गया तो पिन्टू सिंह और महेश्वर मौर्या का मोबाइल बंद पाया गया। सोमवार को जब कंपनी के मानदोहर स्थित कार्यलय पहुंचे तो ताला बंद कर कंपनी के दोनों कर्मी फरार हो गए।

---

# गरीबों का पैसा सगमा प्रमुख को हजम नहीं करने देंगे : पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

सगमा प्रमुख द्वारा दर्जनों ग्रामीणों के खाता से अपने यहां संचालित सीएसपी से अपना अंगूठा लगाकर फर्जी निकासी की गई है। उक्त बातें पूर्व मंत्री रामचंद्र केशरी ने गुरुवार को चेचरिया स्थित अपने आवास पर प्रेस वार्ता के दौरान कहीं। उन्होंने कहा की बृद्ध ग्रामीणों की पेंशन की राशि उनके खाते में सरकार द्वारा भेजी जाती है। उक्त खाता से सगमा प्रमुख के सीएसपी से फर्जी तरीके से अंगूठा लगाकर पेंशन की राशि की निकासी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि इस मामले में सगमा प्रमुख पर करवाई तो होनी ही चाहिए। गरीबों का पैसा प्रमुख को हजम तो नहीं करने दूंगा।



उन्होंने कहा कि सगमा प्रमुख प्रखंड के चैनपुर गांव के 18 ग्रामीणों से पशु शेड के नाम पर 13000-13000 रुपये की अवैध वसूली की गई थी। इनमें से 7 ग्रामीणों का पैसा चैनपुर ग्राम स्थित चौपाल में सैकड़ों ग्रामीणों के सामने प्रमुख द्वारा वापस किया गया। इससे यह साबित हो गया है कि प्रमुख अजय साव द्वारा अन्य ग्रामीणों से भी पैसों की अवैध वसूली की गई है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के पूर्व बीडीओ सत्यम कुमार द्वारा प्रखंड प्रमुख की मिलीभगत से पैसे की वसूली की गई थी। उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी के पूर्व बीडीओ श्रवण राम द्वारा भी मनचाहा वेंडर को मिलाकर मनरेगा राशि की लूट की गई है। उनके द्वारा मनरेगा योजनाओं में जैसे तैसे करके योजना को पूरा कराने की कोशिश की गई। उसके पश्चात मनचाहे वेंडर के खाते में पैसा डलवा कर राशि की लूट की गई है। उन्होंने कहा कि बीडीओ श्रवण राम का नगर ऊंटरी से स्थानांतरण भी हो गया है, लेकिन वह जो भ्रष्टाचार प्रखंड में करके गये हैं, उसकी जांच कर उन पर कार्रवाई होना ही चाहिये। उन्होंने कहा कि बीडीओ श्रवण राम पहले भी जहां रहे हमेशा विवादों में रहे। वहां के जिला अधिकारियों द्वारा भी उन पर कई बार कार्रवाई की गई है। प्रेसवार्ता में अनुसूचित आयोग के पूर्व अध्यक्ष शिवधारी राम, मथुरा पासवान, सीताराम जायसवाल, दिनेश ठाकुर, सोबराती खां सहित अन्य उपस्थित थे।

---

### सड़क सुरक्षा अभियान के तहत सिलीदाग पंचायत में लोगों को किया गया जागरूक

**रमना।** सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर रमना पुलिस लगातार प्रखंड के पंचायतों में अभियान चलाकर लोगों को जागरुक कर रही है। इसी के तहत गुरुवार को थाना प्रभारी कृष्ण कुमार कुशवाह ने सिलीदाग पंचायत सचिवालय में सड़क सुरक्षा को लेकर लोगों को जागरुक किया। पंचायत सचिवालय में आयोजित जागरुगता अभियान के दौरान कृष्ण कुमार कुशवाहान ने कहा कि यातायात नियमों की जानकारी नही रहनें या पालन नही करने के स्थिति में सड़क पर दुर्घटना घट रही है। इस प्रकार के घटना में कई लोगों की जाने चली गई तथा कई लोग अपाहिज हो गए। उन्होंने कहा कि जब भी वाहन चलाए यातायात नियमों का पालन करते हुए मोटरसाइकिल के कागजात के साथ, हेलमेट, जूता का उपयोग करें, बड़ी वाहन चालक सीट बेल्ट लगाएं, शराब पीकर वाहन नहीं चलाएं, यातायत के सभी नियमों का पालन करें। इसकें अलावे कृष्ण कुमार कुशवाहा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सड़क के किनारे से पालतु पशु को बांधना बंद करें। यह भी सड़क दुर्घटना का एक कारण बनता है। साथ ही डायन प्रथा, दहेज प्रथा, बाल विवाह, बाल श्रम जैसी कुरीतियों की समाप्ति के लिए समाज को पहल करना चाहिए ताकि सामाजिक अपराध में गिरावट हों। इस अवसर पर मुखिया अनीता देवी, मुकेश कुमार ठाकुर आदि मौजूद थे।

---

**पहल** ग्रामीणों ने सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने को लेकर किया था प्रदर्शन

# प्रशासन की मौजूदगी में विवादित सड़क की मापी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के चौरिया में गुरुवार को विवादित सड़क की प्रशासन की मौजूदगी में मापी कराई गई। मापी के पश्चात उक्त सड़क का ग्रामीणों ने मरमती कार्य भी कराया।

जानकारी के अनुसार सड़क से नापी कर अतिक्रमण मुक्त करने के लिए आजसू पार्टी जिला प्रवक्ता सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने धरना प्रदर्शन किया था। धरना स्थल पर जाकर सीओ सुनील कुमार ने ग्रामीणों को समझाते हुए दो दिन में सड़क की मापी करने का आश्वासन दिया था। इसके पश्चात पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी के नेतृत्व में की गई धरना



प्रदर्शन समाप्त किया गया था। धरना प्रदर्शन के आलोक में उक्त सड़क का गुरुवार को खरौंधी थाना तथा केतार थाना के पुलिस बल की उपस्थिति में सीआई मोजीब खान ने नापी कराई। सीआई मोजिब खान ने बताया इस सड़क पर दो पक्षों में विवाद था। एक पक्ष सड़क की जमीन को सरकारी जमीन बोलकर अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग लगातार कर रहा था। वहीं दूसरा पक्ष सड़क की जमीन को अपनी रैयती जमीन बता रहा था। आज उक्त सड़क का मापी कर निष्पादन किया गया है। वहीं चौधरी ने विवादित सड़क की मापी हो जाने पर सीओ, सीआई तथा प्रशासन को धन्यवाद दिया है। साथ ही कहा कि सड़क को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए ग्रामीण लगातार मांग कर रहे थे। अब सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में सुविधा होगी। इस दौरान मुखिया प्रमोद राम, कर्मचारी अजमेरी अंसारी, अमीन बसीर अंसारी, खरौंधी थाना के एएसआई सुरेंद्र दुबे, केतार थाना के एएसआई विश्वनाथ हेंब्रम, यादव चौधरी, अरुण चौधरी, लक्ष्मण चौधरी, विनोद चौधरी आदि उपस्थित थे।

---

# 'यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें'

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

भवनाथपुर पंचायत एवं अरसली दक्षिणी पंचायत सचिवालय में गुरुवार को सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय ने कहा कि सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करके हम स्वयं की और सामने वाले की भी जान बचा सकते हैं। हमारा जीवन अमूल्य है। क्षण भर की लापरवाही से आज लोग अपनी जान गंवा दे रहे हैं। कहा कि अधिकतर सड़क दुर्घटनाएं यातायात नियम का पालन न करने के चलते होती हैं, जिसके कारण लोगों को आर्थिक व मानसिक परेशानी भी हो जाती है। इसलिए प्रत्येक नागरिक का



कर्तव्य है कि यातायात नियमों का अनुपालन खुद करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वहीं डायन, भूत कुप्रथा व साइबर क्राइम से भी बचें। मौके पर एसआई कुंदन यादव, मुखिया बेबी देवी, अरसली दक्षिणी मुखिया अनिता देवी, मंडल अध्यक्ष सोना किशोर यादव, उपमुखिया समलेश राउत, बीडीसी चंदन ठाकुर, शकील अहमद, ब्रह्मदेव चंद्रवंशी, बुचूल चंद्रवंशी, सुरेश गुप्ता, विजय राउत, अमृत रावत, अनिल राउत, दीपक वर्मा, ब्रजेश चंद्रवंशी, राकेश रवि, प्रदीप रजक, सुधीर, सुन्दर देवी, रीना वारी, रानी देवी, कबूतरी देवी उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### भूमि अधिग्रहण के लिए आयोजित शिविर का रैयतों ने किया बहिष्कार

**लातेहार।** उदयपूरा से सतबरवा के भोगू तक एनएच-75 में प्रस्तावित फोरलेन सड़क निर्माण में जमीन अधिग्रहण के लिए सदर प्रखंड सह अंचल कार्यालय में आयोजित शिविर का प्रभावित रैयतों ने गुरुवार को बहिष्कार कर कार्यालय के सभागार से बाहर चले गये। रैयत विस्थापन संघर्ष समिति के अध्यक्ष गुजर उरांव ने मौके पर बताया कि एनएचएआई के द्वारा बिना किसी सूचना और ग्रामसभा के ही जमीन अधिग्रहण की कार्रवाई शुरू कर दी गयी है। पूछे जाने पर अमीन कहते हैं कि ग्रामसभा हो गई है। वहीं अधिग्रहण की कार्रवाई पर कोई कागज या रजिस्टर नहीं दिखाते हैं। उरांव ने कहा कि विभाग फर्जी ग्रामसभा कर जमीन अधिग्रहण करना चाहता है। उन्होंने जमीन का कम मुआवजा देने का भी विरोध किया और कहा कि जब तक बाजार दर पर मुआवजा नहीं मिलेगा, रैयत अपनी जमीन नहीं देंगे। शिविर में अंचल निरीक्षक उदल राम, राजस्व उपनिरीक्षक सुशील कुमार, जिला भू-अर्जन कार्यालय के अमीन अजय कुमार विश्वकर्मा, मो. साबिर अंसारी, एनएचएआई के अधिकारी मनोहर कुमार व भरत महतो उपस्थित थे।

### एसजीआरएस ने बेहतर कार्य करने वाली सेविकाओं को किया सम्मानित

**बरवाडीह।** प्रखंड के बाल विकास परियोजना कार्यालय में गुरुवार को मुख्यमंत्री सारथी योजना को लेकर सीडीपीओ अनीता देवी की अध्यक्षता में प्रखंड की सभी सेविकाओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री सारथी योजना के लिए बेहतर कार्य करने वाली सेविका सुनीता देवी, विजय लक्ष्मी, अनिता देवी आदि को एसजीआरएस संस्था के राज्य समन्वयक अब्दुल जब्बार द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अनिता देवी, महिला सुपरवाइजर नीला रानी कुजूर इत्यादि को भी सम्मानित किया गया। मौके पर प्रखंड के सभी पंचायत के आंगनबाड़ी सेविका सुपरवाइजर मौजूद थे।
प्रतियोगिता के लिए बच्चे धनबाद के लिए रवाना
बारियातु। प्रखंड मुख्यालय स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर परिसर से गुरुवार को विद्या भारती योजना के तहत धनबाद मे आयोजित प्रांतीय कला संगम मे भाग लेने के लिए भैया बहनें सुरक्षा वाहन से रवाना हुए।

### विकलांगों के बीच उपकरणों का वितरण

**बालूमाथ।** प्रखंड बाल विकास परियोजना विभाग द्वारा विकलांग के बीच निःशुल्क व्हीलचेयर का वितरण किया गया। इस दौरान प्रखंड उप प्रमुख कामेश्वर राम एवं आंगनवाड़ी पर्यवेक्षाका कामिनी कुमारी ने पवन राम, लखन राम, दीपक राम, हमीदा परवीन, रूबी प्रवीण, मो. मुमताज आदि को विभिन्न उपकरण प्रदान किया।

### क्रिकेट लीग : बीसीए जूनियर ने इलेवन वारियर्स को आठ विकेट से दी शिकस्त

**गिद्धौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित जवाहरलाल फुटबॉल मैदान चल रहे जिला स्तरीय क्रिकेट लीग मैच में गुरुवार को 13वां मैच बीसीए जूनियर बनाम इलेवन वारियर्स के बीच खेला गय। टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए इलेवन वारियर्स टीम ने 19 ओवर में सभी विकेट खो कर 112 रन बनाए। इलेवन वारियर्स की ओर से शिवाजी 22, सुधांशु 21 व रूपेश ने सर्वाधिक 20 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। बीसीए जूनियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए सुभांकर व प्रत्युष ने शानदार तीन-तीन विकेट लिया। वहीं जवाबी पारी खेलते हुए बीसीए जूनियर टीम ने 13.2 ओवर में दो विकेट खो कर 113 रन बना कर विजय लक्ष्य प्राप्त कर लिया। बीसीए जूनियर की ओर से पंकज कुमार ने सर्वाधिक 56 रन व समीर ने 26 रन का योगदान दिया। पंकज कुमार को मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया। मैच में अंपायर की भूमिका राहुल व सुमित कुमार ने निभाई, जबकि स्कोर की भूमिका राज कुमार ने निभाया। मौके पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार सिंह, जिला क्रिकेट लीग के अध्यक्ष प्रेम राणा, गुड्डू कुमार, सुमित कुमार, राजेश कुमार, राहुल कुमार, सोनू कुमार सिंह, अखिलेश कुमार, उपेंद्र सिंह, दयानंद कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

### प्रिंस कुमार ने गोल्ड मेडल जीतकर गिद्धौर प्रखंड का नाम किया रोशन

**गिद्धौर।** डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स द्वारा धनबाद कोल नगरी में आयोजित राजस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में गिद्धौर प्रखंड



के प्रिंस कुमार ने गोल्ड मेडल जीतकर प्रखंड का नाम रोशन किया है। प्रिंस कुमार चतरा डीएवी के नवमी कक्षा का छात्र है। वह 100 मीटर तैराकी में प्रथम स्थान लाते हुए गोल्ड मेडल प्राप्त किया, जबकि 50 मीटर की तैराकी में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 100 मीटर की तैराकी में गोल्ड मेडल जीतने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाले तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने का रास्ता भी प्रिंस के लिए साफ हो गया है। प्रिंस की सफलता पर मुखिया निर्मला देवी, उप मुखिया मंजू देवी, कपिल कुमार, मनोज कुमार कुशवाहा, बबलू कुमार साव, सत्येंद्र कुमार दांगी, आशीष कुमार साव, अनिल कुमार दांगी, मुकेश कुमार, राजू लाल वर्मा, बंसी दांगी, मनोज कुमार वर्मा, बैजनाथ दांगी, यदुनंदन पांडेय, विकास कुमार, मंटू कुमार, प्रदीप कुमार, राजेश दांगी आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है। वहीं अपनी जीत का श्रेय प्रिंस पिता शिव कुमार दांगी, माता मालती देवी व अपने गुरुजनों को दिया है। प्रिंस के माता-पिता किसान हैं।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति व अस्पताल प्रबंधन की बैठक

# 'सदर में संचालित जन औषधि केंद्र 24 घंटे संचालित कराएं'

**नवीन मेल संवादददाता। चतरा**
समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति, अस्पताल प्रबंधन समिति एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा क्रियान्वित सभी कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक की गई। इसमें मुख्य रूप से गर्भवती महिला का एएनसी जाचं, संस्थागत प्रसव, सिजेरियन, आयरन, कैल्सियम, फोलिक एसिड, हीमोग्लोबिन जांच, एचआईवी जांच, कुपोषण उपचार केन्द्र, एसएनसीयू, नियमित टीकाकरण, कुष्ठ रोग, टीवी रोग, मलेरिया, एनसीडी स्क्रीनिंग, फाईलेरिया दवा की उपलब्धता, स्वास्थ्य संस्थान की आधारभुत संरचना, मानव संसाधन की उपलब्धता आदि के संदर्भ में समीक्षा कर आवश्यक



दिशा निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पूर्व के बैठक में दिए गये निर्देश के अनुपालन प्रतिवेदन की पीपीटी के माध्यम से समीक्षा की, जिसमें संस्थागत प्रसव में लक्ष्य के विरूद्ध कमी आने की सूची तैयार कर दो दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनी कुमारी को निर्देशित किया गया कि कुपोषण उपचार केन्द्रों में ज्यादा से ज्यादा बच्चों को रेफर कराया जाय, जिससे उन बच्चों को समय पर इलाज किया जा सके। वहीं उप विकास आयुक्त ने बताया कि शिकायतें मिल रही हैं कि सदर अस्पताल में संचालित जन औषधि केंद्र अपराहन 3 बजे बंद हो जाते हैं। इस संदर्भ में सिविल सर्जन डॉ. जगदीश प्रसाद को निर्देशित किया गया कि जन औषधि केंद्र को 24 घंटे संचालित कराएं। साथ ही यू-वीन पोर्टल को सुचारु रूप से सक्रिय कराने का निर्देश दिया ताकि टीकाकरण संबंधित शत प्रतिशत प्रतिवेदन उपलब्ध हो सके। सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि गैर संचारी रोगों का स्क्रीनिंग शत प्रतिशत कराया जाय। हंटरगंज प्रखंड की उप्लब्धि पर नाराजगी जताते हुए सिविल सर्जन को हंटरगंज का निरीक्षण करने समेत स्वास्थ्य व्यवस्था में सुधार लाने व मरीजों के समुचित इलाज हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। बैठक में उपरोक्त पदाधिकारियों के अलावे सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल उपाधीक्षक मनीष लाल, जिला प्रबंधन समेत अन्य सभी संबंधित उपस्थित थे।

# डाककर्मियों की हड़ताल से कामकाज पूरी तरह प्रभावित

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार/बरवाडीह**




अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवा संघ, पलामू प्रमंडल के आह्वान पर लातेहार जिले के सभी ग्रामीण डाकघर कर्मियों ने नौ सूत्री मांग को लेकर बेमियादी हड़ताल तीसरे दिन गुरुवार को भी जारी रखी। संघ के सुनील कुमार ने कहा कि सरकार ग्रामीण डाक कर्मियों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। इधर, लातेहार के पोस्ट मास्टर सह ऑल इंडिया पोस्ट एम्पलाई यूनियन संगठन के केंद्रीय महामंत्री इंद्रजीत पांडेय ने भी सभी मांगों को नैतिक समर्थन देते हुए कहा कि सरकार को ग्रामीण डाक सेवा कर्मियों की मांगों को पूरा करना चाहिए। रेलवे स्टेशन के डाककर्मियों ने भी हड़ताल में प्रदर्शन किया। मौके पर धीरेंद्र राम, याकूब खान, उज्जवल यादव, नसीम अहमद, अमूल अहमद, राहुल देव, शशि तिवारी, अजीत उरांव, पवन ओझा, ओम प्रकाश राम,आशीष बाड़ा, पुष्पांजित, रितेश, पवन उरांव आदि थे।

वहीं बरवाडीह प्रखंड मुख्यालय उप डाकघर, छिपादोहर उप डाकघर समेत प्रखंड के अन्य उप डाकघरों में कार्यरत ग्रामीण डाक सेवक कर्मियों की अपनी विभिन्न मांगों को लेकर चल रही अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को तीसरे दिन भी जारी रही। इस दौरान डाकघरों में कामकाज पूरी तरह प्रभावित रहा। इस संबंध में अखिल भारतीय ग्रामीण डाक सेवक संघ के गजेंद्र कुमार ने बताया कि संघ के आह्वान पर 9 सूत्री मांगों को लेकर हम सभी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल पर जाने वाले बरवाडीह डाक सेवक कर्मी गजेंद्र कुमार, अनिल सिन्हा, अनिकेत कुमार सिंह, राजकुमार प्रसाद, शिवनारायण प्रसाद, ऋषभ राज, संदीप कुमार सिन्हा, सिराजुद्दीन अंसारी, विक्रम कुमार मंजर हुसैन एवं छिपादोहर उप डाकघर के अमानुल्लाह अंसारी, एसएन ठाकुर, मनीष, अरूण सिंह, अलाउद्दीन अंसारी, अन्नू साउंडिक आदि उप डाकघर के ग्रामीण डाक सेवक संघ के कर्मी शामिल रहे।

## बालूमाथ में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ



**नवीन मेल संवाददाता। बालूमाथ**
प्रखंड के हाई स्कूल के मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबाल प्रतियागिता का उद्घाटन मैच बालिका वर्ग में बालूमाथ तथा शेरेगड़ा के बीच खेला गया। इससे पहले बीडीओ सोमा उरांव तथा चारो पंचायत के मुखिया ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर व फुटबाल को किक मारकर प्रतियागिता उद्घाटन किया। कड़े मुकाबले में शेरेगड़ा की बालिकाओं ने बालूमाथ की टीम को तीन गोल से पराजित किया। वहीं एक अन्य मैच में बालक वर्ग में भगिया तथा रजवार के बीच मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला हुआ और मध्यांतर तक स्कोर गोल रहित रहा। इसके बाद रजवार तथा भगिया की टीम ने एक दूसरे के विरुद्ध गोल करने के कई अवसर गंवाये। खेल खत्म होने तक दोनों टीम गोल रहित रही। अंततः पेनाल्टी शूट कराया गया, जिसमें रजवार की टीम विजय घोषित की गई। मौके पर बीडीओ सामा उरांव, एमओ सुमित कुमार सिन्हा, जेई बाबूलाल उरांव, पंचायत सेवक महेश मुंडा, रामदेव नागेसिया तथा चेताग शेरेगड़ा भगिया रजवार पंचायत के मुखिया उपस्थित थे।

बरवाडीह में मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ

# उद्घाटन मैच में उकामाड़ ने खुरा को रौंदा

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**
प्रखंड मुख्यालय के रेलवे क्लब मैदान में गुरुवार को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल कप प्रतियोगिता 2023 की शुरुआत हुई। इसका उद्घाटन प्रखंड के जिप सदस्य संतोषी शेखर, बीडीओ राकेश सहाय, 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, उपाध्यक्ष रणजीत राजू, विधायक प्रतिनिधि प्रेम सिंह, मुखिया कालो देवी, पूनम देवी, पंचायत समिति सदस्य प्रवीण कुमार, प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि रविंद्र राम, जिला फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव अशफाक अहमद मुन्ना, वरीय खिलाड़ी प्रेम कुमार अधूरा समेत अन्य अतिथियों के द्वारा सयुंक्त रूप सें किया गया।

पहला मैच उक्कामाड़ पंचायत और खुरा पंचायत के बीच खेला



गया, जिसमें उक्कामाड़ की टीम ने खुरा को 4 - 0 से हराया। वहीं दूसरा मैच चुंगरु और छेंचा पंचायत के बीच खेला जाना था पर निर्धारित समय पर चुंगरू पंचायत की टीम के मैदान में नहीं पहुंचने के कारण छेंचा पंचायत की टीम को विजय घोषित कर दिया गया। 17 दिसंबर को मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल टूर्नामेंट का फाइनल मैच खेला जाएगा। बीडीओ ने कहा कि फुटबॉल प्रतियोगिता के अलावा अन्य कई प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। मौके पर विद्युत विभाग के वरीय अनुभव अभियंता आशिफ इकबाल, प्रखंड समन्वयक मनजीत सिंह, काजमी अनवर, मंटू लाल उरांव, निर्णायक मंडल के अशफाक अहमद मुन्ना, प्रेम कुमार अधूरा, रेलवे क्लब सचिव रणजीत राणा, सुबोध कुमार पाल, सोमू वर्मा, रुपेश कुमार, आरएन चौधरी, गोपाल राजवंशी, संजय यादव आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में घायल छात्रा की इलाज के दौरान मौत, क्षेत्र में पसरा मातम



**पत्थलगड़ा(चतरा)।** विगत दिनों हजारीबाग जिले के कटकमसांडी जमुनिया सोत में हुई दुर्घटना में घायल पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत नोनगांव के स्कूली बच्ची शिवानी कुमारी (13), पिता कैलाश प्रजापति की मौत रांची में इलाज के दौरान बुधवार रात हो गई। वहीं मौत की जानकारी मिलते ही नोनगांव सहित प्रखंड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को बच्ची का शव गांव पहुंचने के बाद स्थानीय शमशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। ज्ञात हो कि दुर्घटना में वेन चालक की मौत घटना स्थल पर ही हो गई थी, जबकि कई बच्चे अभी भी विभिन्न अस्पतलों में इलाजरत हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इस तरह की घटना के बावजूद आज तक किसी विधायक, मंत्री ने न ही बच्चों को मदद करने की कोशिश की और न ही घटना की जानकारी लेने पहुंचे। वहीं जानकारी पाते ही प्रखंड विकास पदाधिकारी मोनी कुमारी नोनगांव पहुंचकर पीड़ित परिजनों से मिलकर ढांढस बंधाया। बीडीओ ने कहा कि परिजनों को हर संभव मदद की जायेगी। नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा ने भी दुःख व्यक्त किया। बच्ची के अंतिम संस्कार में ग्रामीण शामिल थे।

## टंडवा प्रखंड में बालू के नाम पर की जा रही अवैध वसूली

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**
टंडवा प्रखंड में इन दिनों बालू से तेल निकालने का खेल खूब चल रहा है। कसियाडीह पंचायत में बालू के नाम पर प्रतिदिन पचास हजार से एक लाख रुपये की वसूली हो रही है। उक्त पंचायत में घरेलू इस्तेमाल के लिए बालू उठाव का निर्देश जारी किया गया है। निर्देश के अनुसार प्रति ट्रेक्टर बालू उठाव पर 100 रुपये चालान लेने हैं, जबकि प्रति ट्रेक्टर 200 रुपये वसूले जा रहे हैं।

इतना ही नहीं, एक चालान पर ट्रेक्टर दिन भर बालू ढोते हैं और उनके चालान की राशि हर बार 200 ली जाती है। इससे सरकार के राजस्व को भारी नुकसान हो रहा है। एक ट्रैक्टर चालक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि प्रतिदिन लगभग 500 ट्रिप बालू ढुलाई होती है, जिसमें पहले ट्रिप में ही चालान दिया जाता है। बताया कि अगर पचास ट्रैक्टर 10-10 ट्रिप करते हैं तो सिर्फ पचास चालान ही कटते हैं। बाकी साढ़े चार सौ चालान का घोटाला हो रहा है। बताया कि चालान में उठाव का समय भी नहीं डाला जाता है, जिससे एक चालान से दिन और रात ढुलाई होती है। इतना ही नहीं, पंचायतों को जिस शर्त पर बालू घाट का आवंटन किया गया

**कसियाडीह में प्रतिदिन 50 हजार से एक लाख तक का 'घोटाला'**

है उसका भी अनुपालन नहीं हो रहा है। पंचायतों को बालू का सिर्फ घरेलू इस्तेमाल के लिए करना है पर उड़सु बालू घाट के बालू का इस्तेमाल व्यवसायिक कार्यो में किया जाता है। चालानों में बालू कहां गिराना है उसका गंतव्य भी लिखा होना जरूरी है। लेकिन उडसु घाट से जो चालान ट्रैक्टर चालकों को मिल रहा है उसमें गंतव्य बड़की नदी से उठाकर बड़की नदी में गिराने का लिखा गया है। इससे साफ होता है कि बालू माफिया कैसे सरकार को चूना लगा रहे हैं। सबसे चौंकाने वाली बात है कि चालान पर बड़की नदी बिंगलात लिखा हुआ है जबकि बालू का उठाव उड़सु नदी से हो रहा है। जानकारी के अनुसार बालू घाट के संचालन का जिम्मा पंचायत के मुखिया का होता है। ट्रैक्टर चालकों द्वारा 200 वसूली की शिकायत पर मुखिया पति द्वारा डीएमओ के माध्यम से ट्रैक्टर पकड़वाने की धमकी दी जाती है। मामले पर सीओ राजेंद्र दास ने कहा कि मामले की जांच कराई जाएगी। डीएमओ गोपाल दास ने फोन नहीं उठाया।

**कार्यालयः- जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू**

**अति अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित सरकारी राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2023–24 से 2025–26 तक तीन वर्षों के लिए **दिनांक 21/12/2023 को 12:00 बजे पूर्वाह्न** में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल की राशि एक मुश्त जमा करनी होगी।

**संबंधित मत्स्यजीवी सहयोग समिति वर्ष 2023–24 में अबन्दोबस्त जलकरों को सुरक्षित जमा निर्धारित राशि पर बन्दोबस्ती दिनांक 20/12/2023 तक अपनी अहर्त्ता को पूर्ण करते हुए बन्दोबस्ती ले सकती है।**

उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर **प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार** को कार्यदिवस के दिन बन्दोबस्ती की जायेगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | खेसरा सं0 | रकबा (ए0) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वर्षिक सु0 जमा राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 12 |
| | अंचल – मेदिनीनगर | | | | | |
| 1 | पुरनी पोखर | 59 | 294 | 1.58 | 1.20 | 5000.00 |
| 2 | नावा पोखर | 59 | 452 | 4.10 | 1.50 | 8000.00 |
| 3 | झरीवा आहर | 190 | 732 | 3.60 | 1.50 | 8000.00 |
| 4 | कोयल नदी घाट | - | - | - | - | 2000.00 |
| 5 | मैला नदी घाट | - | - | -* | - | 2500.00 |
| 6 | कुण्डेलवा आहर | 103 | 325, 326 | 0.94 | 0.70 | 4500.00 |
| 7 | पीढिया चेक डैम | 29 | 03 | 1.00 | 0.70 | 4500.00 |
| 8 | रजवाडीह तालाब | - | - | 1.50 | 1.10 | 10000.00 |
| 9 | के0एन0पीट नं0–02 | - | - | 1.00 | 0.70 | 2200.00 |
| 10 | डूबा टैंक | 42 | 168 | 2.16 | 2.00 | 12000.00 |
| 11 | बड़का आहर | 83 | 1763 | 5.70 | 4.20 | 20000.00 |
| 12 | नौका आहर | 227, 228 | 231, 247 | 9.75 | 8.60 | 25000.00 |
| | अंचल – पाटन | | | | | |
| 13 | नगेसर डूब तालाब | 62 | 336 | 3.16 | 3.00 | 20000.00 |
| 14 | बड़ा पोखर | 01 | 79 | 2.50 | 2.00 | 25000.00 |
| 15 | सिक्कीमछली घाट | - | - | - | - | 6500.00 |
| | अंचल – पाँकी | | | | | |
| 16 | कामत तालाब | 158 | 1383 | 2.32 | 2.27 | 35500.00 |
| 17 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.95 | 3000.00 |
| 18 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 142, 173,175 | 1.94 | 1.35 | 1500.00 |
| 19 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.20 | 10000.00 |
| 20 | डंडारकला तालाब | 414 | 668, 667, 663 | 0.81 | 0.46 | 3500.00 |
| 21 | पाँकी बाजार तालाब | 01 | 237, 3 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 |
| 22 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 1.07 | 3000.00 |
| 23 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 |
| 24 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.25 | 5000.00 |
| 25 | लोहरसी तालाब | 122 | 1314 | 0.86 | 0.60 | 62100.00 |
| 26 | कोटेया तालाब | 27 | 148 | 2.51 | 2.22 | 51500.00 |
| | अंचल – विश्रामपुर | | | | | |
| 27 | उली पहाड़ी तालाब | 45 | 359, 360 | 2.42 | 2.00 | 12000.00 |
| 28 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 29 | रकसाहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 |
| 30 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | - | - | 3000.00 |
| 31 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 |
| | अंचल – पाण्डू | | | | | |
| 32 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 6.12 | 2000.00 |
| | अंचल – मनातू | | | | | |
| 33 | झरीबा नाला | - | - | 20.00 | 13.62 | 10000.00 |
| | अंचल – छत्तरपुर | | | | | |
| 34 | करमाकला तालाब | 32 | 184 | 0.70 | 0.50 | 12000.00 |
| 35 | कंचनपुर आहर | 01 | 229 | 1.50 | 1.10 | 6500.00 |
| | अंचल – लेस्लीगंज | | | | | |
| 36 | अम्बा मछली घाट | 01 | 75 | 2.40 | 1.60 | 3000.00 |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–**
1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करनी होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वकता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वकता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,पलामू

PR313450 (Fish)23-24*D

**पहल** जिला आपूर्ति पदाधिकारी ने डीलरों के साथ की समीक्षात्मक बैठक

# सौ प्रतिशत राशन वितरण 20 तक करने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**
लातेहार जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा गुरुवार को प्रखंड सभागार में डीलरों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में गोदाम मैनेजर संजय मिंज, डीएसओ कार्यालय के आशिष यादव, डीलर संघ के अध्यक्ष रामदत्त प्रसाद, मंगल सोनी, बद्रीनाथ प्रसाद, अशोक प्रसाद, किशोरी प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, सुरेंद्र प्रसाद, शेरू खान, अनुप कुमार पांडेय, सत्येंद्र प्रसाद, रामप्रवेश गुप्ता आदि मौजूद थे।

बैठक में लकड़ा ने कहा कि दबे कुचले एवं आर्थिक रूप से कमजोर




लोगों के लिए सरकार द्वारा राशन वितरण की व्यवस्था कि गई है। इसमें बहानेबाजी या लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने डीलरों को 20 दिसंबर तक सौ प्रतिशत हर हाल में राशन वितरण करने का सख्त निर्देश दिया। बैठक में लकड़ा ने राशन वितरण नहीं करने वाले डीलरों से बारी-बारी से अब तक राशन वितरण नहीं करने का कारण पूछा व ससमय राशन वितरण करने का निर्देश दिया अन्यथा कार्रवाई करने की बात कही। लकड़ा ने छह माह से अधिक समय से राशन नही लेने वाले कार्डधारियों की सूची उचित कारण लिखकर तत्काल सौंपने का निर्देश दिया ताकि इन कार्डधारियों का कार्ड हटाया जा सके। लकड़ा ने उपस्थित डीलरों को डुप्लीकेट यूआईडी, शादी-शुदा, मृत, डबल कार्डधारी लाभुकों की सूची भी उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया। साथ ही कहा कि ईमानदारी पूर्वक काम करने का आह्वान किया।

## गागर में सागर

### सरकार आपके द्वार शिविर का आयोजन

**गुमला।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को जिले के घाघरा प्रखंड की संहल पंचायत में, सिसई के बड़गांव दक्षिण पंचायत में एवं गुमला के कोटाम पंचायत में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान लाभुकों के बीच गर्म पोशाक, कंबल, पेंशन स्वीकृति पत्र, ऋण, बीज इत्यादि का वितरण किया गया। जेएसएलपीएस के समूह के बीच ऋण वितरण भी किया गया। 15 दिसंबर को करती पंचायत, नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 16 में शिविर आयोजित किए जाएंगे।

### सीरम में लगा सरकार-आपके द्वार शिविर

**लोहरदगा।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन पेशरार प्रखंड की सीरम पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वृद्धों के बीच कंबल वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला आपूर्ति पदाधिकारी ज्ञानशंकर, प्रखंड विकास पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी, 20 सूत्री सदस्य, प्रखंड व पंचायत के जनप्रतिनिधिगण समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

### तालाब में डूबती महिला को बचाया

**गुमला।** जिले के पालकोट थाना क्षेत्र स्थित उमडा तिलई ग्राम निवासी 31 वर्षीय रायमुनी देवी (पति ऐतो खड़िया) बुधवार की संध्या में अपने खेत में काम करने के बाद अपने खेत के पास स्थित तालाब में हाथ पैर धोने गई और उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई और डूबने लगी। इसी क्रम में गांव के संदीप गोप की नजर उस पर पड़ी और वह तालाब में छलांग लगाकर रायमुनी देवी को तालाब से बाहर निकला। रायमुनी को बुधवार की रात्रि 10:00 बजे गुमला सदर अस्पताल लाया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। उसकी स्थिति गंभीर है।

### अच्छे कार्य पर पुलिसकर्मी सम्मानित

**गुमला।** पुलिस अधीक्षक गुमला द्वारा आज पुलिस लाइन में मासिक अपराध गोष्ठी किया गया, जिसमें पिछले महीने हुए अपराध, यूडी, लंबित वारंट, कांडों के निष्पादन की समीक्षा की और सभी थाना प्रभारी को सड़क सुरक्षा संबंधित जरूरी दिशानिर्देश दिया और अच्छा कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया।

### शराब को नष्ट कर तीन लोगों को दबोचा

**गुमला।** पुलिस कप्तान हरविंदर सिंह के दिशा निर्देश पर जिला आबकारी ( उत्पाद ) विभाग ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों के विभिन्न घरों में छापामारी कर महुआ शराब बना रहे भट्ठियों और लगभग 100 लीटर से शराब को नष्ट कर महिला सहित तीन लोगों को गिरफतार किया।

### लैंगिक उत्पीड़न व शोषण पर कार्यशाला

**गुमला।** पुस्तकालय कक्ष में डालसा द्वारा कार्यस्थल पर महिलाओं से लैंगिक उत्पीड़न के निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष के संबंध में विस्तृत कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में सिविल कोर्ट के महिला कर्मचारीगण, महिला सदस्य, बाल कल्याण समिति तथा संप्रेषण गृह, गुमला, प्रभारी जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, केंद्र प्रशासक, वन स्टॉप सेंटर, काउंसलर तथा शिक्षिका, संप्रेषण गृह तथा बालिका एस एस हाई स्कूल, गुमला के 10वीं तथा 11वीं कक्षा की छात्राएं शामिल थी। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश द्वारा किया गया। मौके पर सिविल जज सीनियर डिवीजन निर्मला बरला, न्यायिक दंडाधिकारी जया एस कुजुर, अधिवक्ता इंदु पांडे, डालसा सचिव पार्थ सारथी घोष मौजूद रहे।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**सेन्हा।** सेन्हा थाना के क्षेत्र के सरेंगहातु पूल के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गये। घायलों को देर रात्रि गश्ती पुलिस ने उठाकर सदर अस्पताल लोहरदगा पहुंचाया। पुअनि गणेश कुमार यादव ने कहा कि एक युवक की पहचान भंडरा थाना क्षेत्र के पल्मी गांव के बिरिया उरांव के पूत्र सुजीत उरांव के रूप में हुई है। दूसरे की पहचान नहीं हुई है। दोनों का इलाज चल रहा है।

### पुलिस ने चलाया वाहन जांच अभियान

**सेन्हा।** सेन्हा थाना के समीप अपराध रोकने के लिए सघन वाहन जांच अभियान प्रभारी थाना प्रभारी गणेश कुमार यादव ने सेन्हा पुलिस जवानों के सहयोग से चलाया। दो पहिया वाहनों की जांच की गई। बाइक चालक को रोककर हेलमेट तथा वाहन संबंधित कागजातों की जांच की गई। पुअनि गणेश यादव ने कहा कि लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा।

### आजसू पार्टी में शामिल हुए कई लोग

**लोहरदगा।** आजसू प्रधान कार्यालय ब्लॉक मोड़ में शहरी क्षेत्र के सदस्यों ने आजसू पार्टी का दामन थामा। इसमें मुख्य रूप से रोहित महतो, मोहित शर्मा, राजकुमार साहू, सनी साहू, विक्की विश्वकर्मा, प्रशांत साहू अपने समर्थकों के साथ आजसू पार्टी में शामिल हुए। मौके पर लोहरदगा विधानसभा प्रभारी नीरू शांति भगत, केंद्रीय सचिव लाल गुडडू नाथ शाहदेव, पूर्व केंद्रीय सचिव कवलजीत सिंह, केंद्रीय सचिव अरविंद यादव, केंद्रीय सचिव सूरज अग्रवाल, केंद्रीय महिला मोर्चा महासचिव अंजू देवी, लोहरदगा जिला महिला मोर्चा की अध्यक्ष अनीता साहू, नेता इकरामुल अंसारी, ब्रज सिंह आदि उपस्थित थे।

### विकसित भारत कार्यक्रम आयोजित

**लोहरदगा।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को किस्को प्रखंड की बेटहठ पंचायत और बगडू पंचायत में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, बैंक के पदाधिकारी, संबंधित विभागों के पदाधिकारियों द्वारा केंद्र सरकार प्रायोजित योजनाओं की जानकारी दी गई और योजनाओं का लाभ उठाने हेतु प्रेरित किया गया।

# विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने पेश किए बेहतरीन मॉडल

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

गुरुकुल एकेडमी में गुरुवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 5 से दस तक के दो दर्जन ग्रुप में बंटे विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और एक से बढ़कर एक अपने मॉडल प्रदर्शित किए। स्कूल की प्रबंधक अनुराधा आनंद ने विज्ञान प्रदर्शन का अवलोकन कर बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य है कि बच्चे केवल किताबी शिक्षा प्राप्त नही करें बल्कि हर क्षेत्र में आगे आएं। बीच-बीच में बच्चों के बीच इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से उनका बौद्धिक, मानसिक के साथ व्यक्तित्व का




सर्वांगीण विकास होता है। साथ ही बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा भी सामने आती हैं और छात्रों के बीच टीमवर्क और सहयोग की क्षमता भी बनती है। कार्यक्रम के अंत में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षक साहिल खान, अरविंद एक्का, अरमान अमीर, जेनेट कुजूर ने अहम भूमिका निभाई।

## प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों की वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

# 50 मीटर दौड़ में दिनेश उरांव ने मारी बाजी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय दिव्यांग बच्चों का वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन कस्तूरबा मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय बालिका के प्रांगण में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, लोहरदगा श्री राम जीवन नायक के द्वारा किया गया। श्री नायक ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि उक्त खेलकूद प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ शिक्षेकेत्तर गतिविधियों में भी पारंगत करना और उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़े रखता है।

उक्त खेलकूद प्रतियोगिता में प्रखंड लोहरदगा के विभिन्न विद्यालयों के



दिव्यांग बच्चों ने भाग लिया। इसमें 50 मीटर दौड़, रंगोली प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता, गीत प्रतियोगिता, कुर्सी रेस, बैलून फुलाव, माला बनाओ, बादाम छीलो, पेंटिंग प्रतियोगिता, सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता आदि का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। 50 मीटर दौड़ में दिनेश उरांव प्रथम, अलेक्स मिंज द्वितीय और ज्योति उरांव तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में सुष्मिता कुमारी प्रथम, मुस्कान वर्मा द्वितीय और सोनी कुमारी तृतीय स्थान प्राप्त की। कविता प्रतियोगिता में खुशबू उरांव, हफीफा खातून,अंकित कुमारी आदि ने भाग लिया। इसी तरह गीत प्रतियोगिता में रोहित और प्रथम तारामणि तिग्गा द्वितीय अनुप्रिती किंडो,तृतीय स्थान प्राप्त की। इसी प्रकार अन्य स्पधाओं में भी प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के सफल संचालन में सीमा शर्मा, बीआरपी, लोहरदगा, त्रिसंध्या प्रजापति, बीआरपी लोहरदगा, श्यामा मिश्रा बीआरपी लोहरदगा, धीरज पटेल, थैरेपिस्ट, सिलवंती मिंज, रिसोर्स शिक्षक और अन्य ने आवश्यक सहयोग किया।

# कोर्ट गेट पर मेटल डिटेक्टर लेकर तैनात रहेंगे पुलिसकर्मी

## डीआईजी बिरथरे ने किया लोहरदगा कोर्ट परिसर का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

डीआईजी अनूप बिरथरे ने गुरुवार को लोहरदगा व्यवहार न्यायालय का निरीक्षण किया। इस दौरान डीआईजी ने कोर्ट की सुरक्षा से संबंधित जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने कोर्ट की सुरक्षा से संबंधित कई निर्देश दिए। डीआइजी ने आदेश दिया है कि कोर्ट के गेट पर पुलिसकर्मी मेटल डिटेक्टर लेकर तैनात रहेंगे। कोई भी प्रवेश करेगा तो उसकी चेकिंग होगी। जो व्यक्ति गाड़ी से आएगा पुलिसकर्मी उसपर भी नजर रखेंगे।



इसके अलावा कोर्ट परिसर में पुलिसकर्मियों को सादे लिबास में तैनात किया जाएगा ताकि कोर्ट में आए व्यक्तियों पर वह नजर रख सके। अपने निरीक्षण के दौरान डीआईजी ने कोर्ट रूम से लेकर कोर्ट के बाहरी सरंचना का भी जायजा लिया। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों को बुलाकर उनसे हर चीज की जानकारी ली। कोर्ट में तैनात सुरक्षा कर्मियों को जो सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाए गए हैं उनकी जांच भी डीआईजी द्वारा की गई। इस दौरान सुरक्षा को लेकर कई खामियां डीआईजी ने पकड़ी, जिन्हें दूर करने का निर्देश दिया गया है। अपने निरीक्षण में डीआईजी ने पाया है कि अभी भी कोर्ट की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से मुकम्मल नहीं है। उसके लिए कुछ संसाधनों की जरूरत है जिसे लेकर उन्होंने न्याय पदाधिकारी के साथ बातचीत भी की ताकि उसे जल्द से जल्द दूर किया जा सके। निरीक्षण में उनके साथ एसपी हारीश बिन जमां के अलावे अन्य पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे। गौरतलब है कि झारखंड के सभी जिलों में कोर्ट परिसर जजों के आवासीय परिसर की सुरक्षा की समीक्षा डीजीपी ने पिछले दिनों की थी। इस दौरान डीजीपी ने रेंज डीआईजी स्तर के अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी रेंज डीआईजी अपने अपने क्षेत्राधिकार के जिलों में जितने भी व्यवहार न्यायालय, आवासीय परिसर व न्यायाधीश हैं, उन सभी की मॉनटरिंग करेंगे। साथ ही उन सभी की सुरक्षा से संबंधित समेकित प्रतिवेदन पुलिस मुख्यालय को उपलब्ध कराएंगे। इसी कड़ी में रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने लोहरदगा कोर्ट का मुआयना किया। रेंज डीआईजी को अपने-अपने रेंज के सभी जिलों के न्यायालय और न्यायाधीशों के आवासों की सुरक्षा की अघतन रिपोर्ट बनाकर डीजीपी को समर्पित करना है।

## पुलिस से गुमशुदा भाई की सकुशल वापसी की गुहार

**गुमला।** जिला के घाघरा थाना क्षेत्र स्थित पान टोली निवासी मंगलेश्वर उरांव ने सिसई थाने में आवेदन देकर अपने गुमशुदा छोटे भाई 45 वर्षीय सुजू उरांव को खोजने की गुहार लगाई है। आवेदन में उसने लिखा है कि वह और उसका छोटा भाई मंगलवार को एसबीआई बैंक की शाखा सिसई आये हुए थे। बैंक संबंधी कार्य पूर्ण कर हम लोग अपने घर जा रहे थे। इसी क्रम में सिसई थाना रोड स्थित एक दुकान में लगभग 2:00 बजे दिन में कुछ घरेलू सामानों की खरीदारी करने लगे। इसी क्रम में उसका छोटा भाई उक्त दुकान से निकलकर कहीं चला गया। अपने स्तर से उसकी काफी खोजबीन की, परंतु उसका अबतक कुछ भी आता पता नहीं चल सका है। उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है और वह मात्र उरांव भाषा ही बोल पाता है। पुलिस से उसकी बरामदगी की गुहार लगाई है।

## कराटे (अंडर-14) में राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा मोहन

**नवीन मेल संवाददाता। कुडू**

प्रखंड के जिंगी संकुल स्थित उ. मध्य विद्यालय तान में सातवीं कक्षा में अध्ययनरत मोहन टाना भगत दिल्ली के लिए रवाना हुआ। वह झारखंड सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा 'खेलो झारखंड' प्रतियोगिता के तहत



झारखंड राज्य का प्रतिनिधित्व दिल्ली में करेगा। टाना भगत इंडोर स्टेडियम रांची में विगत 27-28 सितंबर 2023 को आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में गोल्ड मेडल जीतकर मोहन टामा भगत ने अपनी दावेदारी सुनिश्चित की थी। उक्त चयन शिविर में जिंगी संकुल प्रधान सह राउ उच्च विद्यालय जिंगी के प्रभारी प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी स्वंय संकुल के कराटे खिलाड़ी छात्र-छात्राओं को लेकर गए हुए थे। गुरुवार को उच्च विद्यालय जिंगी में समारोह का आयोजन कर मोहन टाना भगत को विदाई दी गई। मौके पर प्र. प्रधानाध्यापक अलीरजा अंसारी ने कहा कि अपनी मेहनत और कोच देवंती मैम के बेहतरीन निर्देशन में मोहन ने दिल्ली तक का सफर तय कर एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। क्षेत्र के बच्चों में असीमित प्रतिभा है जिसे निखारने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाएगी। मौके पर तान स्कूल के प्रभारी अनिरूद्ध साहू, जिंगी स्कूल के शिक्षक -शिक्षिकाएं ज्याउल हक अंसारी, प्रमेश कुमार सिंह, खुशमारेन मर्शिला तिर्की, फूलमनी कुमारी, शमीना खातून, चांदो तिर्की आईसीटी इंस्ट्क्टर सादाब अंसारी,कोच देवंती कुमारी सहयोगी विनय कुमार सहित सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## धान का क्रय मूल्य 3100 रुपये करने की मांग की

**लोहरदगा।** भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र महतो ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड सरकार से धान का क्रय मूल्य 3100रु/क्विंटल दर से क्रय करने की मांग की। उन्होंने कहा झारखंड से सटे छत्तीसगढ़ राज्य में वहां की भाजपा सरकार बनते ही 3100 रु /क्विंटल धान की खरीदारी करने घोषणा की और झारखंड की सरकार इस दिशा में अभी तक किसान हित में कोई बदलाव नहीं किया।

इस ओर बताते चलें कि लोहरदगा जिले में समय पर बारिश नहीं होने से 40 प्रतिशत खेत पर बिचड़े छीटे के छींटे रह गए। 60 प्रतिशत जमीन पर खून पसीना लगाकर किसान दूर दूर से पानी का व्यवस्था बनाकर किसी तरह सिंचाई करके धान की फसल लगाई जिसकी पैदावार काफी कम हुई है। जो थोड़ी बहुत उपज हुई भी तो यहां के किसान औने पौने दाम पर धान बिचौलियों के हाथ बेच रहे हैं, जिससे किसानों को लागत मूल्य का भी पैसा नहीं मिल रहा है। किसान अपने जीविकोपार्जन को लेकर चिंतित हैं। इसको लेकर अभी तक सरकार की ओर से किसी तरह की पहल नहीं कि गई है।

## खान सुरक्षा सप्ताह पूरे उत्साह के साथ मनाएं : राकेश मिश्रा



**नवीन मेल संवाददता। लोहरदगा**

61 वें खान सुरक्षा सप्ताह चाईबासा क्षेत्र के अंतर्गत आज किक ऑफ समारोह हिंडालको परिसर में आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के अलावा टाटा स्टील, सेल, हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, यूसीआईएल एवं अन्य निजी खदान के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन मुख्य अतिथि खान सुरक्षा निदेशक, चाईबासा क्षेत्र राकेश मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।

राकेश मिश्रा ने उपस्थित कंपनियों के प्रतिनिधियों को सफलतापूर्वक खान सुरक्षा सप्ताह मनाने की शुभकामनाएं दी एवं निरीक्षक दल को खान में पारदर्शिता के साथ सुरक्षा अवलोकन एवं अन्य महत्वपूर्ण जानकारी को अवगत कराने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के उपाध्यक्ष एवं हिंडाल्को के उपाध्यक्ष खान प्रतीक कुमार ने निरीक्षण दल एवं माइंस से आए प्रतिनिधियों को सफलतापूर्वक पूरी तन्यमयता एवं उत्साह के साथ खान सुरक्षा सप्ताह मनाने की शुभेच्छा दी। खान सुरक्षा सप्ताह के सचिव अजय कुमार पांडेय ने बताया कि खान में काम करने वाले कर्मियों के बीच सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाना प्रमुख उद्देश्य है।

खान निदेशक राकेश मिश्रा, प्रतीक कुमार, अजय कुमार पांडे, और राजेश रंजन अंबष्ठा, प्रदीप भालेकर, दीपक प्रकाश एवं अन्य गणमान्य जनों के द्वारा संयुक्त रूप से खान सुरक्षा सप्ताह का झंडा दिखाकर निरीक्षक दल को निरीक्षण स्थल के लिए रवाना किया गया। कार्यक्रम में जितेंद्र कुमार, शंभू शरण वशिष्ठ, अखिलेश सिन्हा, गिरिराज चित्तौड़ा, प्रदीप कुमार, सत्यव्रत बेहेरा, अभय भारती, अंबर सिंह समेत खान प्रतिनिधि शामिल हुए।

## कार्यालय जिला परिषद, गुमला

### सैरात बन्दोवस्ती हेतु अल्पकालीन आम सूचना

एतद् द्वारा सर्व–साधारण को सूचित किया जाता है कि सिसई प्रखण्ड स्थित डाक बंगला विवाह मण्डप सहित का तीन वर्षों के लिये बन्दोवस्ती हेतु दिनांक 28.12.2023 को जिला परिषद, गुमला के कार्यालय परिसर में अपराहन् 3.00 बजे से डाक हेतु बोली आयोजित की गयी है, जिसका विवरणी निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | सैरात का नाम | न्युनतम डाक की राशि | जमानत की राशि | आवेदन प्रपत्र शुल्क |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सिसई प्रखण्ड स्थित डाक बंगला विवाह मण्डप सहित | 200000.00 (दो लाख रू0) प्रति वर्ष | 20000.00 | 500/– |

1. आवेदन प्रपत्र दिनांक 14.12.2023 से दिनांक 27–12–2023 तक निर्धारित राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय हो, जमा कर कार्यालय अवधि में प्राप्त किया जा सकता है।
2. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक डाकवक्ता के द्वारा जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट, जो सचिव, जिला परिषद, गुमला के पदनाम से प्रतिज्ञित एवं गुमला में भुगतेय हो, दिनांक 27.12.2023 तक जिला परिशद कार्यालय, गुमला में जमा करना होगा। डाक समाप्ति के पश्चात् प्रथम एवं द्वितीय डाकवक्ता को छोड़कर बाकी डाक बोलने वाले ब्यक्ति को जमानत राशि का डिमांड ड्राफ्ट डाक समाप्ति के पश्चात् लौटा दिया जायगा।
3. विस्तृत शर्त्तें से संबंधित सहमति पत्र आवेदन के साथ संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा।
4. विस्तृत आम सूचना के नियम व शर्तें गुमला जिला के वेबसाइट– **www.gumla.nic.in** / जिला परिषद् के सूचना पट्ट/अनुमण्डल कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, गुमला।

PR 313435 Rural Development(23-24)D

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## PLANNING AND INVESTIGATION DIVISION
## ROAD CONSTRUCTION DEPARTMENT (RCD),RANCHI
NirupanBhawan,3rd Floor,Room No. 401,56-Set,Doranda,Ranchi-834002

**e-Procurement (Short Tender Notice)**

**Letter of Invitation (LOI) No.-63/2023-24**

**e-Tender Ref No:–RCD/PID/RANCHI/63/2023-24 Date:-09.12.2023**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name Of Work | Consultancy Services for Preparation of Detailed Project Report for Construction of (i) Kulhi to Behera Toli Road via Hesatu (Length-11.13 Km) (ii)Behera Toli to Amantand Road (Length-4.10 Km) (iii) Behera Toli to Turel Road Via Tumera, Pundag More, Khapari Mahua (Length-9.60 Km) (iv)Sanghali to Kulhi Road via Madgari (Length-10.50 Km) (v)Nouka to Sanghali Road (Length-11.00 Km) (Total Length-46.33Km) under Bargarh Block including replacement/New Proposal of Culverts, Bridges, ROB's, RUB's, Complete Land Acquisition Plan including Ownership details all complete as per latest guidelines, Resettlement and Rehabilitation Proposal, Forest Diversion Proposal and Utility Shifting Proposal in details etc. as required by the Department (If any) under Garhwa District in the State of Jharkhand. *Only Empanelled consultant with RCD under category-I vide letter No. 3063(S) WE Dated 22.08.2022 are allowed to bid. |
| 2 | Tentative Length | 46.33 Km |
| 3 | Period of Completion of Work | 90 Days |
| 4 | Cost of Tender documents& Earnest Money Deposit | Cost of tender documents is Rs. 5000/- (Non-Refundable) EMD:- The quotationers have to deposit a fixed amount of Rs 95000.00 (Ninety Five thousand only) as Earnest Money. As per the Departmental Letter no.-4652(S) dated 06.10.2023, cost of tender document and Earnest Money Deposit will be received in online mode only through e-procurement portal (http://jharkhandtenders.gov.in) by internet banking/NEFT/RTGS facility as per Standard Operating Procedure (SOP) issued by Information Technology & e-Governance Department, Government of Jharkhand vide letter no- 120 dated 03.10.2023. |
| 5 | Mode of Bid Submission | e-tendering(https://jharkhandtenders.gov.in/) |
| 6 | Date/Time of Publication of Tender on Website | 18.12.2023,10:30 AM |
| 7 | Online Last Date/Time of Bid Submission | 02.01.2024 12:00 Noon |
| 8 | Date and Time of Bid opening | 03.01.2024 12:30 PM |
| 9 | Bid validity | 120 days |
| 10 | Designation and Contact no. of Tender inviting Officer | ExecutiveEngineer, Planning and Investigation Division,RCD, Ranchi, Mob No.-8083039058 |

Note:- Only e-Tender shall be accepted. Further details can be seen on e-procurement portal (https://jharkhandtenders.gov.in/).

**Executive Engineer,**
**Planning & Investigation Division,**
**Road Construction Department, Ranchi.**

PR 313429 Road(23-24).D

## पहल: मॉनिटरिंग कमेटी, पीड़ित प्रतिकर कमेटी व पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की हुई मीटिंग

# 8 पीड़िताओं की अंतरिम मुआवजा राशि तय

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राजेंद्र बहादुर पाल के कार्यालय कक्ष में गुरुवार को जिला स्तरीय मॉनिटरिंग कमेटी, पीड़ित प्रतिकर कमेटी एवं पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की बैठक बुलाई गई।

इसमें जिले के उपायुक्त सह डालसा के उपाध्यक्ष डॉ बाघमारे प्रसाद कृष्ण, पोक्सो जज अरविंद कुमार, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी चंदन, लोहरदगा पुलिस अधीक्षक सह सदस्य डालसा हारिस बिन जमा, डालसा सचिव राजेश कुमार, निबंधक राज कल्याण, सिविल



सर्जन, डीएफओ, जेलर, सीडब्ल्यूसी के सदस्य एवं अन्य लोग उपस्थित रहे। बैठक में सिविल कोर्ट परिसर एवं जज आवास की सुरक्षा का जायजा लिया गया। कुल 10 वादों में पीड़ित प्रतिकर राशि देने को लेकर चर्चा की गई, जिसमें 8 पीड़िताओं को अंतरिम मुआवजा प्रदान करने की राशि तय की गई एवं दो केस में फाइनल मुआवजा की राशि तय की गई। इसके साथ ही पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की भी बैठक बुलाई गई जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अतिरिक्त उपयुक्त लोहरदगा, पुलिस अधीक्षक लोहरदगा, स्पेशल जज पॉक्सो कोर्ट अरविंद कुमार, लोक अभियोजक मिनी लकडा, पुलिस निरीक्षक एवं बाल कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। पोक्सो स्टेकहोल्डर्स की मीटिंग का मुख्य उद्देश्य पोक्सो के केस में त्वरित न्याय सुनिश्चित करने के लिए उठाए जा रहे कदमों की समीक्षा करना था।

मीटिंग के दौरान यह पाया गया कि गवाहों के गवाही समय पर न होने कारण पोक्सो के मामले लंबे समय तक न्यायालय में चलते रहते हैं। इसके कारण पोक्सो के पीड़िता या पीड़ित को समय पर न्याय नहीं मिल पाता है, जबकि पोक्सो केस को छह माह में निष्पादन करने का निर्देश है। चिकित्सकीय जांच परीक्षण एवं उम्र निर्धारण के संबंध मे कई दिशा निर्देश भी जारी किए गए। न्यायालय में बाल कल्याण समिति द्वारा नियुक्त पोक्सो कोर्ट में नियुक्त सहायक पर्सन को भी निर्देश दिया गया कि वो समय पर गवाह की गवाही करवाएं।

## एक नजर

### आकर्षण का केंद्र होगा 125 पंखुड़ियों वाला नौ कमलाकार गुंबद

**वाराणसी।** स्वर्वेद महामंदिर विश्व का अद्वितीय आध्यात्मिक केंद्र है। 182 फीट ऊंचे और 80 हजार वर्गफीट क्षेत्र में निर्मित मंदिर में एक साथ 20 साधक योग और साधना कर सकेंगे। महामंदिर की दीवारों पर स्वर्वेद के दोहे, वेदों के मंत्र और संतों की वाणियों को सफेद मकराना संगमरमर पर उकेरा गया है। सात तल वाले महामंदिर के हर तल पर सद्गुरुदेव की संगमरमर की सुंदर मूर्ति सुसज्जित हो रही है। स्वर्वेद महामंदिर धाम के दरवाजे विश्व के सभी वर्ग-संप्रदाय के लिए खुले हैं। महामंदिर के भीतर 404 खंभों और छह मंचों पर जीवंत नक्काशी की गई है।

### ऐसा लगे नारा की दिल्ली तक पहुंचे आवाज : योगी



**आगमगढ़।** सीएम योगी आदित्यनाथ का गुरुवार को आजमगढ़ पहुंचे। आजमगढ़ में सीएम योगी आदित्यनाथ ने विकसित भारत संकल्प यात्रा वैन का शुभारंभ किया। सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन के दौरान कहा, कभी आजमगढ़ के नाम से कांपती थी पूरी दुनिया ऐसा लगे नारा की दिल्ली तक आवाज पहुंचे। उक्त बातें सीएम योगी आदित्यनाथ ने संबोधन के दौरान उस समय कही जब उनके द्वारा लगाए गए नारे पर लोगों की धीमी आवाज रही। उन्होंने कहा कि किसी ने नहीं सोचा था कि करीब दस वर्ष के अंदर देश में इतना परिवर्तन देखने को मिलेगा।

## आंध्र प्रदेश में दिख सकता है तेलंगाना इफेक्ट

# 24 विधायकों पर गाज गिरा सकते हैं रेड्डी

**एजेंसी। हैदराबाद**



आंध्रे प्रदेश के मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी 2024 के चुनाव के लिए बड़े फैसले ले सकते हैं। राज्य में लोकसभा चुनाव के साथ ही विधानसभा के चुनाव होने हैं। बताया जा रहा है कि 24 वर्तमान विधायकों पर गाज गिर सकती है इनमें 22 एससी और दो एसटी विधायकों शामिल हैं। हालांकि, कहीं यह आंकड़ा 40 का भी बताया जा रहा है। कुछ विधायकों के सीट भी बदले जा सकते हैं। लेकिन अधिकांश को चुनावी प्रक्रिया से बाहर रखा जाएगा, यह साफ होता दिखाई दे रहा है। ऐसा कहा जाता है कि मुख्यमंत्री ने, खासकर तेलंगाना चुनाव के नतीजों का विश्लेषण करने के बाद, कम प्रदर्शन वाले नेताओं को हटाने का मन बना लिया है। पिछले 18 महीनों में हुई समन्वय समिति की बैठकों में, उन्होंने 'नॉन-परफॉर्मिंग' विधायकों और पार्टी नेताओं को अपने तरीके सुधारने या बाहर होने का जोखिम उठाने की चेतावनी दी थी। माना जा रहा है कि अब उन्होंने नामों पर फैसला कर लिया है। जो नाम बाहर आ रहे हैं उनमें राजम, पयाकराओपेट, अमलापुरम, रजोल, पी गन्नवरम, चिंथलापुडी, नंदीगामा, तिरुवुरु, प्रथीपाडु, ताड़ीकोंडा, वेमुरु, संथनुथलापाडु, येरागोंडापलेम, कोंडेपी, गुडूर, सुल्लुरुपेट, सत्यवेदु, गंगाधर और पुथलापट्टू शामिल हैं। बताया जाता है कि वह अराकू और पोलावरम के एसटी विधायकों को हटाने के बारे में भी सोच रहे हैं। सीएम पहले ही दो मंत्रियों को स्थानांतरित कर चुके हैं - मेरुगा नागार्जुन को वेमुरु से संथनुथलापाडु, और आदिमुलापु सुरेश को येरागोंडापलेम से कोंडेपी - और पूर्व मंत्री मेकाथोती सुचरिता को प्रथीपाडु से ताडिकोंडा में स्थानांतरित कर दिया गया है। उनके दो-तीन एससी विधायकों को नए निर्वाचन क्षेत्रों में स्थानांतरित करने की भी संभावना है। बताया जाता है कि जगन ने चुनाव के बाद उनके मामलों पर विचार करने का वादा किया है और उनसे पार्टी की जीत सुनिश्चित करने के लिए काम करने को कहा है।

# महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास मुठभेड़ में 2 नक्सली ढेर

**गढ़चिरौली (महाराष्ट्र)।** गढ़चिरौली (महाराष्ट्र), 14 दिसंबर (आईएएनएस)। महाराष्ट्र-छत्तीसगढ़ सीमा के पास जंगलों में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम दो नक?सली मारे गए। एक अधिकारी ने यहां गुरुवार को यह जानकारी दी। यह घटना एक गुप्त सूचना के बाद हुई कि नक?सलियों की एक बड़ी टुकड़ी छत्तीसगढ़ में गोडलवाही चौकी से लगभग 10 किमी दूर बोधिनटोला के पास डेरा डाले हुए थी। इंटेल ने कहा कि नक?सली सुरक्षा बलों पर घात लगाकर हमला करने और तोड़फोड़ की गतिविधियों को अंजाम देने और स्थानीय आदिवासियों को पुलिस मुखबिर बताकर मारने की योजना बना रहे थे। सूचना मिलने पर गुरुवार सुबह पुलिस दल इलाके की सर्चिंग के लिए तैनात किए गए थे, तभी नक्सलियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई की और करीब एक घंटे तक गोलीबारी चलती रही।



गोलीबारी रुकने के बाद पुलिस टीमों ने इलाके की तलाशी ली, जिसमें दो माओवादियों के शव और उनके हथियार, एक एके-47 और एक एसएलआर राइफल बरामद हुई। मारे गए नक्सलियों में से एक की पहचान कसानसुर दलम के डिप्टी कमांडर दुर्गेश वट्टी के रूप में की गई है। जो 2019 के घातक जंबुलखेड़ा विस्फोट के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक था, जिसमें 15 गढ़चिरौली पुलिस अधिकारी मारे गए थे। दूसरे शव की पहचान करने की कोशिश की जा रही है। गढ़चिरौली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, क्षेत्र में तलाशी अभियान जारी है।

## अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी गिरोह का पदार्फाश



**मध्यप्रदेश।** पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने कहा कि कुल 22 हथियार बरामद किए गए हैं। यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'केंद्रीय खुफिया एजेंसी (सीआईए) और खन्ना पुलिस ने मध्यप्रदेश से संचालित एक अंतरराज्यीय अवैध हथियार तस्करी रैकेट का भंडाफोड़ किया और हथियार की आपूर्ति करने वाले दो तस्करी गिरोह का पदार्फाश किया। मध्यप्रदेश से हथियार निमार्ता सहित 10 लोगों को गिरफ्तार किया गया और उसके पास से 22 हथियारों की बरामदगी हुई है। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच जारी है।

## भाजपा अध्यक्ष नड्डा 15 से 17 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश का दौरा करेंगे



**बिलासपुर।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्ण में भाग लेने के लिए 15 से 17 दिसंबर तक हिमाचल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने बृहस्पतिवार को एक बयान में बताया कि नड्डा शुक्रवार को बिलासपुर में अपने गांव विजयपुर पहुंचेंगे जहां वह रात को ठहरेंगे। शनिवार को वह बिलासपुर में पार्टी द्वारा आयोजित एक सम्मान समारोह में भाग लेंगे। वहां से वह सड़क मार्ग से मंडी जिले के सुंदरनगर जाएंगे जहां उनका एक अन्य सम्मान समारोह और एक रोड शो में भाग लेने का कार्यक्रम है। भाजपा अध्यक्ष सुंदरनगर में नव निर्मित भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करेंगे और विकसित भारत संकल्प यात्रा के रूप में आयोजित की जा रही ह्यरथ यात्राह्ण में भाग लेंगे। बयान के अनुसार, इसके बाद नड्डा कुल्लू के लिए रवाना होंगे और वहां रात्रि विश्राम करेंगे तथा अगले दिन राष्ट्रीय राजधानी लौट जाएंगे।

## मछली पालन में बिहार बना आत्मनिर्भर

**वैशाली।** बिहार के सोनपुर के प्रसिद्ध हरिहर क्षेत्र मेला में पशुपालन व मत्स्य विभाग के एक साथ दो स्टॉल का उद्घाटन किया गया। बिहार सरकार के पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के मंत्री अफाक आलम ने फीता काटकर और दीप प्रज्वलित कर मेले में विभागीय स्टॉल का उद्घाटन किया। इस दौरान कई किसानों को गाय खरीदने के लिए अनुदान राशि का पत्र भी दिया गया। वहीं पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए अफाक आलम ने बताया कि बिहार मत्स्य पालन में आत्मनिर्भर हो गया है। यहां बाहर से मछलियां नहीं आती, बाहर मछलियां भेजी जाती हैं।

## संसद की सुरक्षा में चूक : पुलिस ने बंगाल में आरोपी ललित झा के परिचितों से की पूछताछ

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को संसद की सुरक्षा में चूक होने के मामले में गुरुवार को निलक्खा आइच नामक युवक से पूछताछ की। पश्चिम बंगाल के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में स्नातक द्वितीय वर्ष का छात्र आइच कथित तौर पर सुरक्षा उल्लंघन मामले के छह आरोपियों में से एक ललित झा का परिचित था, जो अभी भी फरार है। दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा को सूचना मिली थी।

## सिक्किम में फंसे 1,200 से अधिक पर्यटकों को सेना ने बचाया

**गंगटोक।** पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया गया और उन्हें आश्रय, गर्म कपड़े, चिकित्सा सहायता और भोजन मुहैया कराया गया। उन्होंने बताया कि पर्यटकों को राज्य की राजधानी गंगटोक भेजने की व्यवस्था की जा रही है।

# देहरादून में 20 करोड़ की लूट का आरोपी वैशाली से गिरफ्तार

**एजेंसी। वैशाली**

बिहार की वैशाली पुलिस ने उत्तराखंड पुलिस द्वारा 2 लाख रुपए इनाम घोषित किए गए अपराधी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद इसकी सूचना देहरादून पुलिस को दे दी गई है। देहरादून पुलिस टीम आने के बाद आरोपी को अपने साथ ले जाएगी। **उत्तराखंड का 2 लाख का इनामी वैशाली से गिरफ्तार:** बताया जाता है कि उत्तराखंड के देहरादून में 20 करोड़ रुपए के सोना लूट के आरोपी प्रिंस कुमार को बिदुपुर थाना क्षेत्र के दिलावरपुर गोवर्धन गांव से वैशाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर पुलिस ने प्रिंस कुमार को तब गिरफ्तार किया जब वह जगह बदल बदल कर छुप रहा था। देहरादून में 20 करोड़ की लूट का मुख्य आरोपी है प्रिंसः बता दें कि कुछ दिनों पूर्व देहरादून में रिलायंस ज्वेलरी शॉप से 20 करोड़ रुपए का सोना लूट गया था।

## कार्यालय नगर पंचायत मझिआँव
Email : nagarpanchayatmanzhiaon@gmail.com

### प्रेस विज्ञप्ति

एतद द्वारा माँ भगवती इन्टरप्राइजेज ग्राम– बटउवा, पो0–टण्डवा, थाना–बिशुनपुरा, गढ़वा को सूचित किया जाता है कि आपके द्वारा नगर पंचायत मझिऑव में 15वें वित्त आयोग अंतर्गत राजेश विश्वकर्मा के घर से रामप्यारी शर्मा के घर तक आर0सी0सी0 नाली निर्माण कार्य का एकरारनामा किया गया था। एकरारनामा के अनुसार कार्य प्रारम्भ की तिथि 07.09.2022 एवं कार्य समाप्ति की तिथि 06.11.2022 था, परन्तु आपके द्वारा निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है, जिसे प्रारम्भ करने हेतु इस कार्यालय के पत्रांक 740 दिनांक 12.12.2022, पत्रांक 03 दिनांक 02.01.2023 (स्मार–01), पत्रांक 56 दिनांक 12.01.2023 (स्मार–02) एवं पत्रांक 67 दिनांक 19.01.2023 (स्मार–03) के द्वारा सूचना देने के बावजुद भी आपके द्वारा कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। इससे प्रतित होता है कि उपरोक्त कार्य को करने में आपकी रूचि नहीं है। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको अंतिम बार सूचित करना है कि दो दिनों के अन्दर कार्य प्रारम्भ करते हुए एक माह में कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें अन्यथा बाध्य होकर एकरारनामा में निहित प्रावधान के अनुरूप आपकी एकरारनामा को विखण्डीत करते हुए जमानत की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा आपका निबंधन को काली सूची में दर्ज करने हेतु उच्चाधिकारियों को सूचित करना अद्योहस्ताक्षरी की बाध्यता होगी तथा इसकी पूर्ण जिम्मेवारी आपकी होगी।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 313484 Urban Development(23-24)#D

## कार्यालय जिला परिषद, पलामू
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

### शुद्धि-पत्र

इस कार्यालय के द्वारा ज्ञापांक 1656/जि0प0, दिनांक 07.12.2023 के माध्यम से प्रकाशित अतिअल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– 07/2023–24, जिसका PR No.- 313033 है, में आंशिक संशोधन करते हुए निम्नांकित योजनाओं के निविदा को अपरिहार्य कारणो से स्थागित किया जाता है :–

| क्र0 | प्रखण्ड | ग्राम पंचायत | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 90 | सदर मेदिनीनगर | रजवाडीह | पंचायत भवन रजवाडीह का मरम्मति। | 983600.00 |
| 167 | पाटन | नौडीहा | पंचायत भवन नौडीहा का मरम्मति। | 979900.00 |
| 57 | हुसैनाबाद | महुअरी | पंचायत भवन महुअरी का मरम्मति। | 979900.00 |
| 92 | छतरपुर | कालापहाड़ | पंचायत भवन कालापहाड़ का मरम्मति। | 2300500.00 |

ह0/–
जिला अभियंता
जिला परिषद, पलामू

PR 313458 Palamu(23-24)#D

## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, डालटनगंज
(E-mail: eercdmedini-jhr@nic.in)

### शुद्धि–पत्र

एतद द्वारा सूचित करना है कि इस कार्यालय द्वारा दिनांक–23.11.2023 को विभिन्न समाचार पत्रो के माध्यम से ई–निविदा पत्रांक सं0– **3/ RCD/Daltonganj/2023-24/ 1175 (2nd Call)** आमंत्रित की गई है, जिसका **PR No. 311900 Road(23-24)_D** है, जिसमें झारखण्ड सरकार, सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गर्वनेंस विभाग, झारखण्ड मंत्रालय, धुर्वा राँची का ज्ञापांक–120, दिनांक–03.10.2023 के द्वारा निम्नलिखित कंडिका संशोधित किया जाता है :–

| Sl.No. | Reference Clause No. | | Text to be substituted as under |
|---|---|---|---|
| 1 | Addendum | Page No.- 03, Clause No.- 05 | Cost of bidding document (for a non refundable fee) & Bid security as indicated shall be payable online through http://jharkhandtenders.gov.in in adherence to the order issued vide memo no. 120, dated : 03.10.2023 of Information Technology & e-Government Department, Govt. of Jharkhand |
| | SBD Part-01 | Page No.- 04 & 07, Clause No. - 05 | |
| | SBD Part-02 | Page No.- 04 & 07, Clause No. - 05 | |
| 2 | Addendum | Page No.- 02, Clause No. - 03 | The Date & Time as displayed on portal shall be valid for all action(s) of requesting bid submission & bid opening etc. |
| | SBD Part-01 | Page No.- 04 & 06, Clause No. - 03 | |
| | SBD Part-02 | Page No.- 03 & 06, Clause No. - 03 | |
| 3 | Addendum | Page No.- 02, Clause No. - 04 | Relevant clauses of Tender fee & Bid Security in adherence to the order issued vide memo no.-120, dated-03.10.2023 of Information Technology & e-Government Department, Govt. of Jharkhand shall supersede the extant clauses of uploaded bidding document and shall be accordingly deemed amended to that extent (copy of the order & SOP are annexed herein). |
| | SBD Part-01 | Page No.- 04 & 07, Clause No. - 04 | |
| | SBD Part-02 | Page No.- 04 & 07, Clause No. - 04 | |

निविदा की अन्य शर्ते यथावत रहेगी।

कार्यपालक अभियंता,
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, डाल्टेनगंज

PR 313432 Road(23-24)#D

## Office of the Executive Engineer
## Road Construction Department, Road Division,Garhwa.

### e-Procurement Notice
For National Competitive Bidding
(Short Term Tender)

e-Tender Reference No. : RCD/GARHWA/1257/2023-24
Date:- 12.12.2023

| | | |
|---|---|---|
| 1. | Name of the work | Improvement of Riding Quality work of Nagaruntari-Bhawnathpur-Kharaundhi-Dala Road (upto U.P.Border) (Total Length - 37.310 KM) under Road Division Garhwa. |
| 2a. | Approximate Value of Work | Rs. 16,01,05,931.00 (Rupees Sixteen crore One Lakh Five thousand Nine hundred Thirty One) only. |
| b. | Bid Security* | Rs. 16,02,000.00 (Rupees Sixteen Lac Two Thousand) only. |
| 3. | Time of Completion | 06 (Six) Months. |
| 4. | Last date/Time for receipt of bids | 02-01-2024, 12.00 Noon |
| 5. | Date of Publication of Tender on website | 20-12-2023, 10.30 A.M. |
| 6. | Name & address of office Inviting tender | Executive Engineer, RCD, Road Division, GarhwaPin Code - 822114 |
| 7. | Contact no. of Procurement officer | 06561-295161 |
| 8. | Helpline number of e-Procurement cell | 0651-2401010 |

Note :-The Bid Amount & Bid security will be decrease or increase.
**Further details can be seen on website** http://jharkhandtenders.gov.in
UCAN registration is mandatory for the bidders who are already registered in appropriate class with road construction department Govt. of Jharkhand.

**Executive Engineer,**
**Road Construction Department,Road Division,Garhwa.**

PR 313380 Road(23-24).D

## JHRKHAND STATE BEVERAGES CORPORATION LTD. RANCHI
## (A GOVT. OF JHARKHAND UNDERTAKING)
Corporate Identification No :-U51228JH2010SGC014519, TIN No – 20520108277
Utpad Bhawan, Ground Floor, Near New Police Station, Kanke Road, Ranchi - 834008
E-mail :- jsbcl.jharkhand@gmail.com

E-Tender Notice No :- JSBCL/16 Date- 13-12-2023

### NOTICE INVITING E-TENDER
### E-TENDER FOR EMPANELMENT OF PLACEMENT AGENCY

E- Tenders are invited for empanelment of placement agency for supply of manpower for retail vending shops of JSBCL in the designated Zone :-03 (Ramgarh & Bokaro) and Zone :-06 (Palamu, Garhwa & Latehar) within the state of Jharkhand through e-tender process. Detailed tender document is available at https://jharkhandtenders.gov.in & http://jsbcl.in Interested companies/firms/parties may visit the website for more details.

**Important dates**

| S.N. | Particulars | Date | Time |
|---|---|---|---|
| 1 | Date of Uploading of tender document on website. | 13/12/2023 | |
| 2 | Starting Date for submission of E-Tender | 14/12/2023 | |
| 3 | Last date/closing date for submission of E-Tender | 05/01/2024 | 04:00 P.M. |
| 4 | Last date for submission of document (Hard copy) in the JSBCL office. | 05/01/2024 | 06:00 P.M. |
| 5 | Online opening of Technical Bid. | 18/01/2024 | 04:00 P.M. |

**Note :-**
1) For details of tender terms & conditions please visit website https://jharkhandtenders.gov.in & http://jsbcl.in from the dates mentioned above.
2) Bidders has to submit their bids online through https://jharkhandtenders.gov.in and physical copy of the same is to be submitted in JSBCL (HQ) at Ranchi.

Sd/-
General Manager (Operation),
Jharkhand State Beverages Corporation Ltd.
Jharkhand, Ranchi

PR313341 (Excise)23-24*D

## Government of Jharkhand
## Urban Development & Housing Department
### Medininagar Municipal Corporation
### e-Procurment Tender Notice

| S.I. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **Part – A** | | | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/ 20/2023-24 | Construction of P.C.C. road from Pathak ji house to Shamsan ghat in ward no. 01 Under Medininagar Municipal corporation | 30,63,329/- | 61,300/- | 10,000/- | 6 माह |
| 2 | UDHD/MMC/ 21/2023-24 | Laying of Paver block (i) Bateshwar Paswan to Tapeshwar Paswan house via C.P Shukla house (460'x10') (ii) Ashok Pandey to Munna Shukla house (165'x10') (iii) Kameshi Shukla house to Murari Shukla house via Vinod Vishwakarma house and P.C.C. repair from Mantu Shukla house to Parshuram Vishwakarma tent house in ward no.01 Under Medininagar Municipal corporation | 38,64,998/- | 77,300/- | 10,000/- | 6 माह |
| 3 | UDHD/MMC/ 22/2023-24 | Construction of P.C.C. road and Retaining wall from Gopal sahu house to Dinesh Diwedi house in sudna Near Koyal river in ward no. 02 Under Medininagar Municipal corporation | 44,23,519/- | 88,500/- | 10,000/- | 6 माह |
| 4 | UDHD/MMC/ 23/2023-24 | Construction of PCC Road and Drain From (i) Ashok pandey house to Panchwati nagar PCC road via. vinlesh dubey house (ii) Vindhyachal thakur house to Panchwati nagar PCC road via Lalan thakur house (iii) Rajendra ram house to Koyal river via Middle school (iv) Ayodhya prasad to Pappu bhuiya house in ward no. 02 Under Medininagar Municipal Corporation | 81,43,172/- | 1,62,900/- | 10,000/- | 8 माह |
| 5 | UDHD/MMC/ 24/2023-24 | Laying of Paver Block from Main road near Chandra Residency to Lalit singh house via Ramchandra Dubey house in ward no.03 under Medininagar Municipal Corporation | 49,38,626/- | 98,800/- | 10,000/- | 6 माह |
| 6 | UDHD/MMC/ 25/2023-24 | Construction of P.C.C. road with Culvert From Bijli Grid to Ramakant Tiwari house via tripurari Prasad house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal corporation | 54,13,714/- | 1,08,300/- | 10,000/- | 6 माह |
| 7 | UDHD/MMC/ 26/2023-24 | Laying of Paver Block from sadar thana road Vindeshwari Prajapati house to Mithelesh singh house, Shyamlal daroga house to Anganbari centre via shiv kumar advocate house, sandhya devi house, Niranjan Dubey house to Vikash singh house , Ajay vishwakarma house to Ramanand pandey house, Shyamlal Daroga house to Durga mahto house, Satyendra Prajapati house to Rajeshwar Prajapati house and Maharanapratap college gate to T.V tower P.C.C. road in ward no. 03 Under MMC | 88,22,634/- | 1,76,500/- | 10,000/- | 8 माह |
| 8 | UDHD/MMC/ 27/2023-24 | Construction of PCC road and Drain from beside for Rukmani dubey house to anil sukla house, surendra ram house to vinod yadav house via. Nahar (ii) PCC road and Drain from chotu kirana store to monika lakra house (iii) PCC road and drain from Lakhan saw house to kameshwar singh house in ward no. 03 under Medininagar Municipal Corporation | 72,72,335/- | 1,45,500/- | 10,000/- | 8 माह |
| 9 | UDHD/MMC/ 28/2023-24 | Construction of P.C.C. road from ravindra pal house to Krishna yadav house , Umesh ram house to Bacchan kr, Pankaj house and Krishna mahto house to Main road near Santosh Mehta house in ward no. 03 Under Medininagar | 73,89,135/- | 1,47,800/- | 10,000/- | 8 माह |
| 10 | UDHD/MMC/ 29/2023-24 | Construction of P.C.C road from Amrawati Tractor Showroom to near Satsang Mandir, Vishal singh via Sanjay Sahu, Gobardhan asthal PCC road in ward no. 03 Under Medininagar Municipal corporation. | 74,41,661/- | 1,48,900/- | 10,000/- | 8 माह |
| 11 | UDHD/MMC/ 30/2023-24 | Construction of PCC Road and Drain From (i) Alok Mehta house to Sanjay dubey house (ii) Ramashish pandey to Ranjit singh house (iii) Naveen Pathak to Sudarshan mehta house (iv) Haridwar mehta to Uday pal house (v) Sanchita Upadhyay to Lalmani ojha house (vi) Late virodhi singh to Satyanarayan tiwari house (vii) Govind mehta house to Purshotam Shukla house (viii) Giri singh house to Lalan singh house and PCC Road From Sarita pal house to ahar, Buchan singh shop to Mohan chaurasiya house in ward no. 09 Under Medininagar Municipal Corporation, | 98,83,775/- | 1,97,700/- | 10,000/- | 9 माह |
| 12 | UDHD/MMC/ 31/2023-24 | Construction of Drain from Naresh singh house to Culvert near Ajay kumar Sinha house via Jamuna Dubey house, Vinay Kumar Singh house, Laxmi Singh house and Brij kishor singh house and P.C.C. road from Naresh singh house to Yamuna Dubey house in ward no. 15 Under Medininagar Municipal Corporation | 37,98,490/- | 76,000/- | 10,000/- | 6 माह |
| 13 | UDHD/MMC/ 32/2023-24 | Construction of (i) P.C.C. road from Aditya tiwari house to Chandrasekhar tiwari house via Mahavir temple (ii) P.C.C. road from Ashok Paswan house to Peepal tree via Shyam bihari Paswan house in ward no 04 | 28,82,219/- | 57,700/- | 10,000/- | 6 माह |
| 14 | UDHD/MMC/ 33/2023-24 | Construction of Bituminous road from sadar Thana to Bhai Tent house via. Gyan Niketan School in ward no. 03 under medininagar Municipal Corporation | 1,21,99,390/ - | 2,74,000/- | 10,000/- | 12 माह |
| 15 | UDHD/MMC/ 34/2023-24 | Construction of ward office Building in ward no. 18 Medininagar Municipal Corporation | 49,49,641/- | 99,000/- | 10,000/- | 6 माह |
| 16 | UDHD/MMC/ 35/2023-24 | Construction of Crematorium shed in sudna near water treatment plant, Koyal river side in ward no. 02 Under Medininagar Municipal Corporation | 34,83,629/- | 69,700/- | 10,000/- | 6 माह |
| 17 | UDHD/MMC/ 36/2023-24 | Construction of PCC road from Govind Singh house to Surendra Sharma house and drain from chandan singh house to ashok singh house under Medininagar Municipal Corporation | 11,75,780/- | 23,600/- | 5,000/- | 6 माह |
| 18 | UDHD/MMC/ 37/2023-24 | Laying of Paver block from Vrindavan Gate to Vijay Prasad house via. Ashok Singh house, gaurav agarwal house, Kameshwar Prasad house under Medininagar Municipal Corporation | 18,26,620/- | 36,600/- | 5,000/- | 6 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 13/12/2023 |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 16/12/2023 AT 10:00 PM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 16/12/2023 AT 10:00 PM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 04/01/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 05/01/2024 AT 02:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

**NOTE :-** Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 313355 District (23-24)_D

**समस्याएं जितनी ज्यादा हमें तोड़ती हैं, उससे कहीं ज्यादा हमें मजबूत भी बना देती हैं : अज्ञात**



# तीन नये चेहरों के राजनैतिक मायने

***भारतीय*** जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश व राजस्थान में अनुमानों से परे जीत के बाद जिस प्रकार नए चेहरों को मुख्यमंत्री बनाकर चौंका दिया है, उससे पार्टी से लेकर विपक्ष तक को राजनीति का नया संदेश गया साथ जमीनी कार्यकताओं का भी हौसला बुलंद हो गया है। पार्टी और विशेषतः प्रधानमंत्री मोदी ने आम जन को यह संदेश दिया कि साधारण से साधारण कार्यकर्ता भी पार्टी में एक दिन ऊंचे से ऊंचे पद पर पहुंच सकता है। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय, मध्य प्रदेश में मोहन यादव और आज राजस्थान में भजनलाल शर्मा को जिस तरह मुख्यमन्त्री का पद सौंपा गया है उससे यह भी साफ करने की कोशिश की गई है कि कोई भी अपनी लोकप्रियता का ढिंढोरा पीटकर और विधायकों को अपनी जेब में रखने का भ्रम दिखा कर मुख्यमन्त्री बन सकता है तो भाजपा आलाकमान उसके इस दबाव को बर्दाश्त नहीं करेगा। पुरानी पार्टियों की परंपरिक शैली के उलट भाजपा में गढ़ी जा रही नयी राजनीतिक परिभाषाएं ही उसकी लोकप्रियता का आधार बन रही है। भाजपा नेतृत्व के इस कदम से अनेक पार्टियां भी संभवतः अपने कामकाज की शैली बदलने पर विवश हो जाएं। आजतक सभी पार्टियां इस लाइन पर काम करती थीं कि जिसका जनाधार मजबूत उस वरिष्ठ को ही नेतृत्व सौंपा जाए । भाजपा ने एक तीर से दो शिककार किया है न केवल नए चेहरों पर भरोसा किया है बल्कि राजनीति के धुरंधर खिलाड़ियों को भी उनकी जमीन दिखाने की कोशिश की है, इस तरह की राजनीति के दूरगामी सकारात्मक परिणाम देखने को मिल सकते हैं, वहीं राजनीति में नये चेहरों के आने से नए समीकरणों से इनकार नहीं किया जा सकता । अब तक भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो इसे नियति मानने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सभी पार्टियों के लिए एक रास्ता खोल दिया है । अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विधानसभा पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकताओं तक एक सुखद समाचार की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है। इससे लोकतंत्र भी मजबूत होता है और अपने वास्तविक एवं आदर्श स्वरूप को आकार देने का पात्र बनता है। मोदी ने अपने नाम पर प्रादेशिक चुनाव लड़कर एवं जीतकर एक नयी प्रकार की राजनीति को विकसित करने का धरातल तैयार कर दिया है। इसी का परिणाम है कि राजस्थान की राजनीति में अब पीढ़ी परिवर्तन का बिगुल बज गया है। राजस्थान में अशोक गहलोत और वसुंधरा राजे बारी-बारी सत्ता संभालते आ रहे थे और सत्ता छोड़ने को तैयार नहीं थे, ऐसे में उनको निराशा हाथ लगी है। लोकसभा चुनाव के बाद देखना है कि व्यक्तिवादी राजनीति का युग समाप्ति की ओर अग्रसर है या भारत में राजनीति की यह नई परिभाषा एक उदाहरण बन कर ही रह जाती है।

> **अब तक भारतीय राजनीति में परिवारवाद, धन एवं ताकत का बोलबाला रहा है, जमीन से जुड़े लोग तो इसे नियति मानने लगे थे। लेकिन भाजपा की राजनीति ने सभी पार्टियों के लिए एक रास्ता खोल दिया है । अनेक विधायकों की उम्र बीत जाती है मुख्यमंत्री पद का इंतजार करते, पर राजस्थान में भाजपा ने पहली बार जीतकर विस पहुंचे भजनलाल शर्मा को मुख्यमंत्री बनाकर एक ऐसा संदेश दिया है, जिसका असर पार्टी में निचले स्तर के कार्यकर्ताओं तक एक सुखद समाचार की तरह पहुंचा है। ऐसे फैसले कम होते हैं, पर जब होते हैं, तब लोकतंत्र और उसकी जमीनी राजनीति के प्रति आम लोगों का भरोसा बढ़ता है।**

## इन दिनों

# राष्ट्र को संगठित करने वाले महायोद्धा सरदार पटेल



ललित गर्ग

***कर्मवीर*** व्यक्तियों का जीवन विलक्षण होता है, वे अपने जीवन काल में तथा उसके बाद प्रेरणास्रोत बने रहते हैं। इतिहास अक्सर ऐसे महान लोगों से ऐसा काम करवा देता है जिसकी उम्मीद नहीं होती। और जब राष्ट्र की आवश्यकता का प्रतीक ऐसे महान इंसान बनते हैं तो उनका कद सहज ही बड़ा बन जाता है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ऐसे ही विराट व्यक्तित्व के धनी एवं कर्मवीर महापुरुष थे। वे एक राजनेता ही नहीं, एक स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि इस देश की आत्मा थे। राष्ट्रीय एकता, भारतीयता एवं राजनीति में नैतिकता की वे अद्भुत मिसाल थे। आजादी के बाद विभिन्न रियासतों में बिखरे भारत के भू-राजनीतिक एकीकरण में केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए पटेल को भारत का बिस्मार्क और लौह पुरूष भी कहा जाता है। उन्हें 1991 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। पटेल की राष्ट्रीयता को संगठित करने की बुलंद एवं विलक्षण उपलब्धियां उम्र के पैमानों में इतनी ज्यादा है कि उनके आकलन में गणित का हर फार्मूला छोटा पड़ जाता है। भले ही वे आज हमारे बीच नहीं है लेकिन वे इस माटी के लिए किये गये उल्लेखनीय अवदानों के लिए सदियों तक याद किये जायेंगे। उनका जन्म दिवस राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया जाता है। 15 दिसम्बर उनका निर्वाण दिवस है। सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है। आज जब देश आजाद है, आत्मनिर्भर है तो वैचारिक मतभेद उसके विकास में बेड़ियाँ बनी हुई हैं। आजादी के पहले इस स्वार्थी दृष्टिकोण एवं स्वहित की भावना का फायदा अंग्रेज उठाते थे और आज देश के राजनीतिक लोग। देश में एकता के स्वर को सबसे ज्यादा बुलंद सरदार पटेल ने किया था। उनकी सोच, उनका दर्शन, उनकी राष्ट्रीयता के कारण ही आज हम एक सूत्रता में बंध हुए हैं। उनकी सोच युवा जैसी नयी सोच थी। वे सदैव देश को एकता का संदेश देते थे। राष्ट्रीयता को उन्होंने केवल परिभाषित ही नहीं किया बल्कि उसे संगठित करके दिखाया। वे अपने निजी त्याग, राष्ट्रीयता के प्रति सर्वस्व बलिदान कर देने की भावना एवं कठिन जीवनचर्या को वर्चस्वी बनाकर किसी पर नहीं थोपते अपितु व्यक्ति की स्वयं की कमजोरियों को उसे महसूस करवाकर उससे उसको बाहर निकालने का मानवीय स्पर्श करते थे। आपने 'साल' का वृक्ष देखा होगा- काफी ऊंचा 'शील' का वृक्ष भी देखें- जितना ऊंचा है उससे ज्यादा गहरा है। सरदार पटेल के व्यक्तित्व एवं कृतित्व में ऐसी ही ऊंचाई और गहराई थी। जरूरत है इस गहराई को मापने की।



> **सरदार वल्लभ भाई पटेल ने अपने पुरुषार्थ से राष्ट्र का भाग्य रचा, उनका जन्म 31 अक्टूबर 1875 को गुजरात के नडियाड में हुआ। वे कृषक परिवार से थे। उनके पिता का नाम झवेरभाई पटेल एवं माता का नाम लाडबा देवी है। वे उनकी चौथी संतान हैं। लन्दन जाकर उन्होंने बैरिस्टर की पढाई की और वापस आकर अहमदाबाद में वकालत करने लगे। महात्मा गांधी के विचारों से प्रेरित होकर उन्होने भारत के स्वतन्त्रता आन्दोलन में भाग लिया। सरदार पटेल की शिक्षाएं, जीवन-आदर्श एवं राष्ट्र को प्रदत्त अवदान हमें प्रेरणा देते रहेंगे। उनके विचार एवं सोच जहां हमारे लिये जीवन को सफल एवं सार्थक बनाने का आधार है वहीं राष्ट्रीयता के खुद को न्यौछावर कर देने की प्रेरणा है। अहिंसा का समर्थन करते हुए सरदार पटेल का कहना था कि कायरों की अहिंसा का कोई मूल्य नहीं है। जो तलवार चलाना जानते हुए भी तलवार को म्यान में रखता है, उसकी अहिंसा सच्ची अहिंसा होती है। उनका कहना था कि हमारा सिर कभी न झुकने वाला होना चाहिए। उन्हें देश के छोटे से छोटे स्तर के व्यक्ति की भी कितनी चिंता थी, उसी को व्यक्त करते हुए उन्होंने एक बार कहा था कि उनकी एक ही इच्छा है कि भारत एक अच्छा उत्पादक हो और इस देश में कोई भी व्यक्ति अन्न के लिए आंसू बहाता हुआ भूखा न रहे। सरदार पटेल का जीवन और दर्शन भातीयता को सुदृढ़ करने में नियोजित करने में लगा रहा है। एकता में सबसे बड़ा बाधक स्वहित है। आज के समय में स्वहित ही सर्वोपरि हो गया है।**

## आप की बात

### सामुदायिक शौचालय बंद रहने से परेशानी

कचहरी परिसर स्थित सामुदायिक सुलभ शौचालय बन्द रहने के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से परिसर स्थित अनुमंडलीय कार्यालय, परिवार न्यायालय, व्यवहार न्यायालय, निबंधन कार्यालय सहित विभिन्न कार्यालयों में आने वाले वादकारियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि परिसर स्थित सामुदायिक सुलभ शौचालय में कई महीने से ताला लटका है। जिससे कचहरी परिसर में आने वाले ग्रामीणों विशेषकर महिलाओं को दर-दर भटकना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इस परिसर में सामुदायिक सुलभ शौचालय की व्यवस्था नगर निगम द्वारा किया गया है, किंतु पता नहीं किन कारणों से महीनों से शौचालय में ताला बंद करके रखा गया है। शौचालय बंद होने के कारण लोग परिसर में ही इधर-उधर लघुशंका करने के लिये विवश हैं। कई स्थानों पर तो भीषण दुर्गंध के कारण सांस लेना भी दुरूह हो गया है। चारों तरफ गंदगी के कारण मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ गया है। दिन में भी तीखे डंक वाले मच्छर लोगों को चैन नहीं लेने दे रहें है। कचहरी जैसे महत्वपूर्ण परिसर में शौचालय में ताला बंद रहना लोगों की समझ से परे है। इस संबंध में शासन प्रशासन को निश्चित ही तत्काल ध्यान देना चाहिये। जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुये इस संबंध में तत्काल आवश्यक कदम उठाये जाने की मांग की है।

**- ओपी प्रजापति, मेदिनीनगर**

**अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com**

## प्रकृति

# संसद में फैलाये गये पीले घुएं का काला सच क्या है



डॉ. रमेश ठाकुर

***शीतकालीन*** सत्र के 10वें दिन भारतीय संसद के अंदर शायद कुछ असामान्य होना तय था। 22 बरस पहले आतंकियों के दिये जख़्म प्रत्येक 13 दिसंबर को हरे हो जाते हैं। कल गनीमत ये समझें कि यह घटना 'पीले धुएं' तक सीमित रही। सरकार इस घटना को हल्के में कतई न ले। साजिशकर्ताओं की बुने एक-एक जालों की पहचान की जानी चाहिए। इससे जुड़े हर सवाल का जवाब तलाशना होगा। हमें यह पक्के तौर पर जानना होगा कि उनका मकसद सिर्फ दहशत फैलाना था या कुछ और। चाक-चौबंद सुरक्षा-व्यवस्था में कहां चूक हुई, इसकी सख्त समीक्षा की जरूरत है। बहरहाल, हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे। इस साजिश के आरोपी सामान्य हैं या असामान्य प्रवृत्ति के, ये तो जांच के बाद ही पता चल पायेगा। पर, लोग अंदेशा ऐसा भी लगा रहे हैं कि कहीं 22 साल पहले 13 दिसंबर को जो घटना संसद में घटी थी ये उसकी पुनरावृत्ति तो नहीं? या फिर उसके पार्ट-2 की चेतावनी है। इस लापरवाही की जवाबदेही किसकी हो, ये बिना देर किये सुनिश्चित हो। एक थ्योरी ये समझ में नहीं आती, आखिर शीतकालीन सत्र को चले कई दिन हो चुके हैं। पर, हरकत संसद हमले की बरसी के दिन ही क्यों होती है। आखिर किसके इशारे पर इस घटना को अंजाम दिया गया। आरोपियों का हमले की बरसी के दिन 'संसद अटैक-2' का संदेश देना निश्चित रूप से बैचेन करता है। दुश्मन अंदरूनी है या बाहरी, उसे खींचकर बाहर निकालना होगा। प्रतीत ऐसा होता है कि आरोपी सिर्फ मोहरा मात्र हैं। मास्टर माइंड कोई और है। जब से नई संसद में सत्र और संसदीय कार्य शुरू हुए हैं, संसद सदस्य अपनी सुरक्षा के प्रति निश्चिंत और बेखबर हैं। क्योंकि संसद की सुरक्षा, मानकों के लिहाज से अत्याधुनिक बताई जाती है। संसद के चप्पे-चप्पे पर पहरा है।

> **हाल ही में बनकर तैयार हुई संसद अत्याधुनिक सुरक्षा तकनीकों से लैस बतायी जाती है। लेकिन बुधवार को जिस अंदाज में घटना हुई, उससे साफ है कि साजिश के तार बहुत लंबे थे।**

## बोधि वृक्ष

# ऋषि मार्कण्डेय की कथा

***ब्रह्मा*** जी का एक दिन 1008 चतुर्युग है एक चतुर्युग =सतयुग +त्रेतायुग +द्वापरयुग+कलयुग अर्थात कुल 43.20 लाख वर्ष। भगवान इंद्र की आयु 72 चतुर्युग है। इन वर्षों के लिए शासन पूरा करने के बाद इंद्र की मृत्यु हो जाती है और एक अन्य योग्य आत्मा स्वर्ग के राजा का पद पा लेती है। ऐसे 14 इंद्र एक महारानी उर्वशी के पति बनते हैं। यह दर्शाता है, भगवान इंद्र की रानी की आत्मा यानी उर्वशी ने किसी मानव जन्म में इतने शुभ कर्म किए होंगे कि वह इतनी लंबी अवधि के लिए स्वर्ग में विलासिता का आनंद लेती है और स्वर्ग के 14 राजाओं के साथ सहवास का आनंद लेती है। तब ऋषि मार्कण्डेय ने कहा 'वे 14 इंद्र भी मरेंगे, तो आप क्या करोगी?' अप्सरा उर्वशी ने उत्तर दिया 'मैं मृत्यु के बाद गधी बनूंगस और पृथ्वी पर जीवन बिताऊंगी, ऐसा ही उन सभी 14 इंद्रों के साथ होगा। वे पृथ्वी पर गधे का जीवन प्राप्त करेंगे'। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा 'तो फिर तुम मुझे ऐसे लोक में क्यों ले जा रही हो, जिसका राजा मृत्यु के बाद गधा बन जाता है और रानी गधी का जीवन प्राप्त करती है?' उर्वशी ने जवाब दिया अपने सम्मान की रक्षा के लिए, नहीं तो सब लोग मुझे ताने देंगे'। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा कि गधियों की कैसी इज्जत? तू वर्तमान में भी गधी है क्योंकि तू चौदह खसम (वर) करेगी और मृत्यु उपरांत तू स्वयं स्वीकार रही है कि मैं गधी बनूंगी। उर्वशी परेशान होकर वहां से लौट गई। विधानानुसार अपना इन्द्र का राज्य, मार्कण्डेय ऋषि को देने के लिए वहीं पर इन्द्र आ गया और कहा कि ऋषि जी हम हारे और आप जीते । कृपया इंद्र की पदवी स्वीकार करें। मार्कण्डेय ऋषि ने कहा इंद्र! मेरे लिए इंद्र की उपाधि किसी काम की नहीं है। मेरे लिए, यह एक कौवे की बीट के समान है'। **(क्रमशः)**

## फेसबुक वॉल से

Yati Sharma and Kuldeep Gaur follow

ocean jain @ocjain4


यह मोहतरमा 40 साल की हैं.... आज संसद पर हमले में पकड़ी गई हैं... खुद को student बता रही थी... बेरोजगारी का गाना गा रही थी.

अगर 40 साल की उम्र तक कोई भी इंसान student ही है और कोई भी रोजगार नहीं कर रहा है.....तो मेरे हिसाब से इसके लिए कोई सरकार जिम्मेदार नहीं है.... हैरानी की बात है कि ऐसे समाज के बोझ taxpayers के पैसे पर पलते रहते हैं.. और समाज को कोई भी सकारात्मक विचार नहीं दे सकते... इनका कोई contribution नहीं.

Translate post



## X - से




# मध्य प्रदेश में मोहन यादव का पहला निर्णय - मानसिक अत्याचार से मुक्ति



डॉ. मयंक चतुर्वेदी


***इतिहास*** साक्षी भाव से वर्तमान और भविष्य को इस बात का दिग्दर्शन देता है कि आपके पूर्वजों ने क्या किया है। आपके पूर्वजों ने जो बोया उसी फसल को वर्तमान या भविष्य की पीढ़ी काटने के लिए प्रेरित या विवश रहती है। मध्य प्रदेश में मुख्यमंत्री पद ग्रहण करने के तुरंत बाद डॉ. मोहन यादव ने प्रथम नस्ती पर जिन बिन्दुओं एवं निर्णयों को लेकर अपने हस्ताक्षर किये उन्होंने आज एक ऐसे भविष्य के मप्र का आगाज किया है, जिसे यदि संत तुलसी की भाषा में कहें तो परहित सरिस धर्म नहीं भाई, पर पीडा सम नहिं अधमाई॥ (रामचरित मानस - 7/49/1) परोपकार से बढ़कर दूसरा धर्म नहीं है और किसी को दुख पहुंचाने से बढ़ कर कोई दूसरा अधर्म नहीं है। दुनिया के तमाम देशों और राज्यों में, जहां भी दृष्टि जाय आप देखें, कितनी जगह बहुसंख्यक समाज अल्पसंख्यकों से प्रताड़ित होता हुआ दिखता है? किंतु भारत में यह कई मुद्दों पर प्रताड़ना जैसे आम बात है। मप्र राज्य में भी इस्लाम को मानने वालों ने ध्वनि यंत्रों के माध्यम से अजान की आवाज से लोगों को परेशान करके रखा है, लेकिन अब तक कोई सत्ता ऐसी नहीं रही, जिसने सीधे और साफ संकेत दिये हों, कि अपनी मजहबी जरूरतों को इस तरह पूरा करो कि किसी दूसरे को इससे परेशानी न हो। इस्लाम-मुसलमान के नाम पर पाकिस्तान, भारत से कटकर अलग हुआ। परन्तु शेष भारत ने अपने लिए जो विकास का रास्ता चुना, वह **"सर्वे भवन्तु सुखिनः"** का रास्ता था, जिसमें क्या मुसलमान और क्या अन्य सभी को समान रूप से बल्कि कहना चाहिए कि कमजोर और संख्याबल में उन्हें कम मानते हुए विशेष अल्पसंख्यक का दर्जा देकर अतिरिक्त लाभ दिये गये। मस्जिदों पर अजान देने के नाम पर लगे बड़े-बड़े लाउडस्पीकर इसी कड़ी का बड़ा उदाहरण है। यह किसी को वह सुनाना जो उसके धार्मिक विश्वास से मेल नहीं खाता, वह भी नियमित और अनेक बार, ताकि वह आज नहीं तो कल सुनने-सुनते ही सही मनोवैज्ञानिक रूप से उसे सच मान बैठे, यह भी भाव कहीं न कहीं लाउडस्पीकर की इस ऊंची आवाज के पीछे होने का कारण लगता है।

> **दुनिया के तमाम देशों और राज्यों में, जहां भी दृष्टि जाय आप देखें, कितनी जगह बहुसंख्यक समाज अल्पसंख्यकों से प्रताड़ित होता हुआ दिखता है, किंतु भारत में यह कई मुद्दों पर प्रताड़ना जैसे आम बात है।**

## टेक वर्ल्ड

# Apple जल्द ही ला रहा सस्ता लैपटॉप

एक कोरियाई सोर्स के हवाले से कहा गया है कि MacRumors ने बताया कि Apple 12 इंच और 13 इंच के मॉडल को लाने की तैयारी कर रहा है। जिनकी कीमत मौजूदा MacBook' लैपटॉप से कम हो सकती है। इन दिनों Apple कंपनी लगातार सुर्खियां बटोर रही है। जहां कंपनी जल्द ही एक नया मैकबुक और एक नया आईमैक 24 इंच पेश कर सकती है। वहीं इस बीच ये भी चर्चा है कि ऐपल एक सस्ते मैकबुक पर काम कर रहा है जिसकी कीमत लगभग 58,500 रुपये हो सकती है। दरअसल, एक कोरियाई सोर्स के हवाले से कहा गया है कि MacRumors ने बताया कि Apple 12 इंच और 13 इंच के मॉडल को लाने की तैयारी कर रहा है। जिनकी कीमत मौजूदा MacBook' लैपटॉप से कम हो सकती है। वहीं समाचार आउटलेट्स का कहना है कि ऐपल दो स्क्रीन साइज में नये मैकबुक मॉडल को बना रहा हैं। आईपैड टैबलेट और मैकबुक मॉडल की मांग में भारी गिरावट को देखते हुए ऐपल के ऐसा करने की संभावना पहले से कहीं ज्यादा है। ऐपल के विश्लेषक मिंग-ची कुओ ने ये भी कहा कि ऐपल कम कीमत वाले लैपटॉप बनाने की तैयारी कर रहा है जिससे मैकबुक को सस्ते दाम में खरीदा जा सकेगा। साथ ही कम कीमत वाले इस लैपटॉप को 2024 में लॉन्च किया जा सकता है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि, शुरूआती लक्ष्य 8 से 10 मिलियन यूनिट प्रति वर्ष आंके गये थे। हालांकि, फिलहाल ये स्पष्ट नहीं है कि ये मॉडल गूगल क्रोमबुक के साथ प्रतिस्पर्धा कर सकते हैं।



**- कुसुम**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मशरूम रैप है विटामिन डी का हेल्दी और टेस्टी ऑप्शन

सर्दियां शुरू हो चुकी है और मशरूम को डाइट में शामिल करने का समय आ चुका है। मशरूम उन महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थों में से एक है, जो बच्चों को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं। तो क्यों न इस सर्दी इन पोषक तत्वों को अपनी डाइट में शामिल किया जाए। मशरूम एक खास विंटर सुपरफूड है। वहीं ठंड में इसका सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है। आजकल मशरूम के तरह-तरह के व्यंजन काफी ट्रेंड कर रहे हैं, बड़े-बड़े रेस्टोरेंट से लेकर स्ट्रीट फूड में भी मशरूम की डिश आसानी से उपलब्ध होती है। मार्केट में भी आपको ढेरों वैरायटी के मशरूम आसानी से मिल जाएंगे। ऐसे में आप अपनी पसंदीदा मशरूम डिश को घर पर तैयार कर सकती हैं। बाजार में उपलब्ध मशरूम के व्यंजन प्रोसेस्ड हो सकते हैं। साथ ही आपको मशरूम की क्वालिटी का पता नहीं होता। इसलिए घर पर फ्रेश मशरूम का उपयोग एक हेल्दी आईडिया है।



सर्दियां शुरू हो चुकी है और मशरूम को डाइट में शामिल करने का समय आ चुका है। मशरूम उन महत्वपूर्ण खाद्य पदार्थों में से एक है, जो बच्चों को जरूरी पोषण प्रदान करते हैं। तो क्यों न इस सर्दी इन पोषक तत्वों को अपनी डाइट में शामिल किया जाए। आप मशरूम रैप या मशरुम रोल तैयार कर, इसे अपनी डाइट का हिस्सा बना सकती हैं। बच्चे भी बड़े चाव से मशरुम रैप को खाना पसंद करेंगे। यह आपके बच्चों के लिए भी बेहद फायदेमंद साबित हो सकता है।

हेल्थ शॉट्स ने मशरूम के महत्वपूर्ण फायदों का पता लगाने के लिए इट्राइट द न्यूट्रिशन क्लिनिक, मुंबई की न्यूट्रीशनिस्ट मालविका आठवले से बात की। एक्सपर्ट ने इस सुपरफूड के कई महत्वपूर्ण फायदे बताएं हैं। साथ ही हम जानेंगे मशरूम रैप तैयार करने की हेल्दी और आसान सी रेसिपी।

## रोटी तैयार करने के लिए आपको चाहिए

**गेंहू का आटा :** 1 कप
**अरारोट :** 2 चम्मच
**मीठा सोडा :** 1/4 चम्मच
**घी या बटर :** 1/2 चम्मच
**नमक :** (स्वादानुसार)

## मशरुम रोल की फिलिंग तैयार करने के लिए आपको चाहिए :

2 कप कटे हुए ताजे मशरूम
1/2 कब कटा हुआ प्याज
बारीक कटी लहसुन की 5 से 7 कलियां
स्वाद अनुसार नमक
1/4 चम्मच काली मिर्च पाउडर
1/4 चम्मच धनिया- जीरा पाउडर
1 चम्मच कसूरी मेथी
2 चम्मच ताजी क्रीम
2 चम्मच बारीक कटी ताजी धनिया की पत्तियां
1 चम्मच घी और बटर

## किस तरह तैयार करना है रोटी

सबसे पहले रोटी तैयार करने के लिए आटा, अरारोट, बेकिंग सोडा और नमक को एक साथ मिलाकर एक सॉफ्ट डो तैयार करें।
अब इसे गीले सूती कपड़े से ढककर 1 से 2 घंटे के लिए छोड़ दें।
अपनी रुचि के विषय चुनें और फीड कस्टमाइज करें

## कस्टमाइज करें

फिर डो से लोई बनाएं और इसे जितना हो सके उतना पतला बेलें।
तवे को लो फ्लेम पर चढ़ाएं और जब यह गर्म हो जाए तो तैयार की गई रोटी को दोनों तरफ से सेक कर पकाएं।
गर्म रोटी पर घी या बटर लगाएं और इसे साइड में रख दें।
इस तरह तैयार करें मशरुम रोल की फिलिंग एक पैन में घी या बटर डालें और उसके गर्म हो जाने पर उसमें अदरक और प्याज डालकर इन्हें एक मिनट तक भूने।
फिर इसमें धनिया जीरा-पाउडर, कसूरी मेथी काली मिर्च पाउडर डालें और साथ में 30 से 40 सेकंड तक भुने।
अब पैन में मशरूम और नमक डालकर, इन्हें एक से दो मिनट तक भूनते हुए पकाएं।



गैस को बंद कर दे और इसमें क्रीम और धनिया की पत्तियां डाल दें।

## इस तरह तैयार करें रोल

रोल तैयार करने में लिए तैयार की गई रोटी पर मशरुम की फिलिंग डालें, आवश्यकता लगे तो ऊपर से थोड़ा क्रीम डाल सकती हैं।
अब इन्हें रोल करते हुए पैक करें फिर 2 से 3 टुकड़ों में काट लें और इसे एन्जॉय करें।
इसे बच्चों को लंच में सर्वे करने के साथ ही सुबह ब्रेकफास्ट और रात को डिनर में भी सर्वे कर सकती हैं। यह एक ऑल राउंडर डिश है, जिसमें आपको स्वाद और पोषण दोनों ही भरपूर मात्रा में मिलते हैं।

## सेहत के लिए मशरुम के कुछ खास फायदे

**विटामिन डी का समृद्ध स्त्रोत है :** मशरूम विटामिन डी का एक समृद्ध स्त्रोत है। शरीर में विटामिन डी की कमी एंजायटी डिप्रैशन जैसे तमाम मानसिक स्थितियों का कारण बन सकती है, इसके अलावा यह शरीर को भी नुकसान पहुंचती है। ऐसे में मशरूम शरीर में विटामिन डी की कमी नहीं होने देता और कैल्शियम अवशोषण को बढ़ावा देते हुए हड्डियों को भी मजबूत बनाता है।

## इम्यूनिटी बूस्टिंग प्रॉपर्टीज बढ़ा देती हैं इसकी गुणवत्ता

ठंड के मौसम में शरीर आसानी से संक्रमित हो जाता है, साथ ही इस दौरान इम्यूनिटी पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ऐसे में मशरूम का सेवन आपकी मदद कर सकता है। मशरूम एंटीऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्त्रोत है, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में हमारी मदद करता है। मशरूम के सेवन से शरीर में साइटोकीन नामक एक प्रकार के सॉल्युबल प्रोटीन का रेगुलेशन बढ़ जाता है, जो इम्यून रिस्पांस में मेडिएटर की तरह काम करता है।

## पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद होते हैं

मशरूम एक प्रकार का प्रीबायोटिक है और इसके सेवन से आंतों में हेल्दी बैक्टीरिया का ग्रोथ बढ़ता है। जो पाचन क्रिया को संतुलित रखने के लिए बेहद आवश्यक है। इसके अलावा मशरूम में हेल्दी काबोर्हाइड्रेट पाए जाते हैं, जो पाचन क्रिया के लिए फायदेमंद होते हैं। मशरूम के सेवन से बॉवेल मूवमेंट नियमित रहता है और आपको कब्ज, अपच जैसी परेशानियां नहीं होती।

## त्वचा स्वास्थ्य को बढ़ावा दे

सर्दियों में त्वचा की नमी छिन जाती है, और त्वचा ड्राई नजर आने लगती है। इसमें मशरूम आपकी मदद कर सकता है। मशरूम में पर्याप्त मात्रा में पानी मौजूद होता है, जिससे आपकी बॉडी लंबे समय तक हाइड्रेटेड रहती है। इसके अलावा मशरूम में मौजूद पॉलिसैचेराइड त्वचा में नमी को बरकरार रखते हुए इसे ड्राइनेस से प्रोटेक्ट करते हैं। आप इसे त्वचा पर टॉपिकली भी इस्तेमाल कर सकती हैं, यह स्क्रब की तरह कार्य करता है और डेड स्किन से उसको बाहर निकलने में मददगार हो सकता है।

# क्या सर्दियों में आपकी आंखें भी हो जाती हैं लाल

सर्दी के मौसम में हवा में मॉइस्चर की कमी के कारण कई लोगों को रेडनेस और ड्राइनेस जैसी समस्याएं होने लगती है। जिससे उनकी 'आई हेल्थ' पर प्रभाव पड़ता है और वे काफी परेशान हो जाते हैं। किसी भी व्यक्ति के लिए आंखें बहुत अहम और संवेदनशील अंग होती है। लेकिन बदलते समय के साथ आजकल लोगों की आंखें कई कारणों की वजह से नकारात्मक रूप से प्रभावित हो रही है। इन नकारात्मक प्रभावों में कई प्राकृतिक कारण भी आंखों के स्वास्थ्य को खराब करने के लिए जिम्मेदार है। इन्हीं प्राकृतिक कारणों में सर्दी का मौसम भी शामिल है। सर्दी का मौसम अपने साथ कई तरह के लाभ के साथ स्वास्थ्य के लिए समस्याएं भी लेकर आता है। तमाम मौसमी बीमारियों के साथ सर्दियों में कई ऐसी परेशानियां भी है, जो व्यक्ति को काफी परेशान कर देती है। सर्दी के मौसम में हवा में मॉइस्चर की कमी के कारण कई लोगों को रेडनेस और ड्राइनेस जैसी समस्याएं होने लगती है। जिससे उनकी 'आई हेल्थ' पर प्रभाव पड़ता है और वे काफी परेशान हो जाते हैं। वहीं, वैश्विक रूप में इन दिनों आंखों की समस्या में काफी उछाल देखा गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट बताती है कि, पूरे विश्व में लगभग 2.2 बिलियन लोगों को आंखों की समस्या हैं, जिसमें 1 बिलियन लोगों की समस्या ऐसी है, जो कभी ठीक ही नहीं हो सकती। साथ ही रिपोर्ट यह भी बताती है कि आंखों में होने वाली सबसे बड़ी समस्या यानी 'विजन लॉस' किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकता है। इसके साथ ही 'आईसाइट' या देखने की समस्या में अधिकांश रूप से 50 वर्ष के ऊपर वाले लोगों को अत्यधिक खतरा होता है। सर्दियों में आंखों में होने वाली समस्याओं के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्थशॉट्स ने बैंगलोर स्थित नेत्रधामा सुपर स्पेशिलिटी आई हॉस्पिटल की एग्जेक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सुप्रिया श्रीगणेश ने संपर्क किया। डॉ सुप्रिया ने बताया कि सर्दी का मौसम, हमारी आंखों के लिए चुनौतियों का एक सेट लेकर आता है। ड्राई और ठंडा मौसम हमारी आंखों के लिए असुविधा और जलन जैसी स्थिति पैदा कर सकता है और इसके कारण कभी-कभी आंखों में गंभीर संक्रमण भी हो सकता है।



**ड्राई आइज :** सर्दियों के मौसम में आंखों का सूख जाना एक आम बात होती हैं। डॉ.सुप्रिया बताती हैं कि जब आंखों में अपर्याप्त रूप से आंसू उत्पन्न होते हैं, तब आंखों का ल्युब्रिकेशन भी सही ढंग से नहीं हो पाता। जिसके कारण आंखों में असुविधा, खुजली, रेडनेस और जलन हो सकती है।

**मौसमी एलर्जी :** वातावरण में मौजूद गंदगी जैसे धूल, मिट्टी या अन्य तमाम तरह की चीजों से व्यक्ति की आंखों में एलर्जी विकसित हो सकती है, जिससे खुजली, आंखों मने पानी आना सहित कई अन्य समस्याएं जैसे छींक आना, नाक बहना और नाक बंद भी हो सकती है।

**आंखों का संक्रमण :** सर्दी में ठंडे और शुष्क मौसम में वायरस या बैक्टीरिया के कारण होने वाले आंखों के संक्रमण की संभावना बढ़ जाती है। इनके लक्षणों में रेडनेस, सूजन और आंखों से निरंतर पानी आना भी शामिल हो सकता है, जिससे कंजंक्टिवाइटिस या पिंक आई जैसी एक सामान्य समस्या विकसित हो सकती है।

**फोटो-केराटाइटिस :** ठंड में आमतौर पर हम सूरज को रौशनी में बैठना ज्यादा पसंद करते हैं। इसलिए यूवी रेडिएशन के अत्यधिक संपर्क में रहने से फोटो-केराटाइटिस या स्नो ब्लाइंडनेस जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ठंडे क्षेत्रों में आम तौर पर, यह स्थिति दर्द और परेशानी के साथ-साथ अस्थायी दृष्टि हानि का कारण बन सकती है।

**आंखों के बचाव के लिए अपनाएं यह टिप्स :** सर्दियों के मौसम में हमारी आंखों की सेहत सुनिश्चित करना और संभावित समस्याओं को रोकने के लिए तमाम तरह से आंखों का बचाव करना बहुत जरुरी है। इसके साथ ही सर्दियों के दौरान होने वाली संभावित दृष्टि समस्याओं के बारे में जागरूक रहना भी लोगों के लिए महत्वपूर्ण है।

**आंखो को मॉस्चराइज रखें :** सर्दियों में ह्यूमिडिटी कम होने के कारण व्यक्ति को ड्राई आइज की समस्या होती है, जिसके चलते इससे निपटने के लिए, आंखों को नकारात्मक रूप से प्रभावित करने वाली चीजों से बचें। यदि आप कोई वाहन चला रहें हो तो ठंडी हवा के संपर्क में आने से बचें। साथ ही स्क्रीन का उपयोग करते समय 20-20-20 नियम का पालन करेंः प्रत्येक 20 मिनट के लिए, 20 सेकंड के लिए 20 फीट दूर किसी चीज को देखें।

**हाइड्रेटेड रहें :** आंखों सहित पूरे शरीर की नमी बनाए रखने के लिए पर्याप्त पानी पीना महत्वपूर्ण है। डॉ सुप्रिया बतातीं हैं कि हाइड्रेटेड रहने और ड्राई आइज के खतरे को कम करने के लिए प्रतिदिन कम से कम आठ गिलास पानी पीने का लक्ष्य रखें।

**ह्यूमिडिफायर का उपयोग करें :** ह्यूमिडिफायर का उपयोग करके शुष्क इनडोर हवा का मुकाबला करें, विशेष रूप से आप घर में जहां सबसे ज्यादा समय बिताते है, वहां इसका प्रयोग अवश्य करें। यह हवा में नमी बनाए रखने, आंखों के आराम और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने में मदद करता है।

**धूप के चश्मे पहने :** 100% यूवी सुरक्षा वाले धूप का चश्मा पहनकर अपनी आंखों को हानिकारक यूवी किरणों से बचाएं। सर्दियों में फोटो-केराटाइटिस या स्नो ब्लाइंडनेस जैसी स्थितियों को रोकने के लिए यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

# सूखे नींबू को फेंकने की जगह ऐसे करें रियूज



अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है। नींबू का इस्तेमाल हम सभी अपनी कई डिशेज में करते हैं। लेकिन अक्सर ऐसा होता है कि अगर ढेर सारे नींबू एक साथ ले आएं तो इससे वे सूखने लगते हैं। इन सूखे हुए नींबू को डिश में इस्तेमाल करने का मन नहीं होता है, इसलिए हम बिना सोचे-समझे इन्हें बाहर कर देते हैं। जबकि वास्तव में ये सूखे हुए नींबू भी कई तरह से इस्तेमाल किए जा सकते हैं।

**बनाएं इंफ्यूज्ड वाटर :** अगर आपको प्लेन पानी पीना अच्छा नहीं लगता है तो आप सूखे हुए नींबू की मदद से इंफ्यूज्ड वाटर तैयार करें। इसके लिए आप पानी के जार में सूखे नींबू के टुकड़े डालें। साथ ही साथ, आप इसमें अपनी पसंद से कुछ हर्ब्स भी मिलाएं। यह पानी आपकी बॉडी को डिटॉक्स करने में भी मदद करेगा।

**बनाएं साइट्रस ऑयल :** साइट्रस ऑयल बनाने के लिए सूखे हुए नींबू या फिर उसके सूखे छिलके को जैतून के तेल के साथ मिलाएं। आप इसे सलाद के लिए ड्रेसिंग या फिर मीट और सब्जियों के लिए मैरिनेड के रूप में उपयोग करें।

**बनाएं होममेड क्लीनर :** अगर आपके फ्रिज में रखे नींबू सूख चुके हैं तो ऐसे में आप उसकी मदद से एक होममेड क्लीनर भी बना सकते हैं। इसके लिए आप सिरे में सूखे हुए नींबू व उसके छिलके को मिलाएं। इससे ना केवल क्लीनिंग बेहतर होती है, बल्कि एक खुशबू भी आती है।

**करें कॉकटेल गार्निश :** अपने कॉकटेल को गार्निश करने के लिए आप सूखे नींबू की स्लाइस का इस्तेमाल कर सकते है। वे आपकी ड्रिंक को ना केवल देखने में अट्रैक्टिव लगती है, साथ ही साथ इससे उनका टेस्ट भी काफी अच्छा हो जाता है।

**करें चॉपिंग बोर्ड की क्लीनिंग :** चॉपिंग बोर्ड का इस्तेमाल यूं तो हम सभी हर दिन करते हैं, लेकिन अक्सर उसकी क्लीनिंग पर बहुत अधिक ध्यान नहीं देते हैं। जिसके कारण चॉपिंग बोर्ड जल्द की गंदा नजर आता है। ऐसे में उसे दोबारा अच्छी तरह क्लीन करने के लिए सूखे हुए नींबू का इस्तेमाल करें। आपको बस इतना करना है कि आप सूखे हुए नींबू को बीच में से काट लें। फिर उसे चॉपिंग बोर्ड पर रब करते हुए क्लीन करें।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6914

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| 4 | 7 | | | | 8 | 3 | | 9 |
| | | 8 | 7 | 3 | | 1 | 2 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 1 | | 7 | 6 |
| | | | | | | | | |
| 5 | 1 | | 8 | 7 | | 4 | 9 | |
| | 2 | 4 | | 6 | 5 | 7 | | |
| 7 | | 1 | 3 | | | | 5 | 8 |
| | | | 1 | | | | 4 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6913 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |

## दैनिक पंचांग

**15 दिसम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 06.43 बजे से |
| चंद्र | धनु में | मकर | 08.49 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 10.35 बजे से |
| बुध | धनु में | मीन | 12.08 बजे से |
| गुरु | मेष में | मेष | 13.38 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 15.19 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मिथुन | 17.17 बजे से |
| राहु | मीन में | कर्क | 19.30 बजे से |
| केतु | कन्या में | सिंह | 21.46 बजे से |
| राहुकाल | | कन्या | 23.58 बजे से |
| 10.30 से | | तुला | 02.09 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | वृश्चिक | 04.23 ब.से |

**शुक्रवार** 2023 वर्ष का 349 वां दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** तृतीया 22.31 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाषाढ़ा 08.11 बजे तदनन्तर उत्तराषाढ़ा 06.25 बजे को समाप्त।
**योग** वृद्धि 10.17 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 11.45 बजे तदनन्तर गर 22.31 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 2.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 23° 14'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1871828
**जूलियन दिन** 2460293.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2550
**हिजरी सन्** 1445
**महीना** जमादि उस्सानी **तारीख** 01
**विशेष** सरदार पटेल पुण्यतिथि।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक | |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक | |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक | |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक | |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक | |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक | |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक | |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7976



**बाएँ से दाएँ**
1. चोगा, गाऊन-3
3. पायजामा, शलवार-4
6. भाग्य, लक-3
7. सूर्य, भास्कर-2
8. बिता हुआ दिन-2
10. न्यूनता, निम्नता-5
12. मैडल, पदक-3
15. माला का मोती-3
17. कुलिन स्त्री-5
20. थूक, लेस-2
22. विलंब, लेट-2
23. जाँच, निरीक्षण-3
24. श्मशान, शवदाहगृह-4
25. साफ, बेदाग-3

**ऊपर से नीचे**
2. दानशीलता, उदारता-5
3. पाठ, शिक्षा-3
4. रात्रि जागरण-4
5. नेत्रावरण-3
7. लीन, मगन-2
9. बुरी आदत-2
11. कामदेव-3
13. मगरमच्छ-3
14. इंतजार करना-2,3
15. आलेप, लोशन-4
16. सफेद का विलोम-2
18. पानी से सराबोर-2
19. माजरा, हालात-3
21. रिपोर्ट-3

### शब्द पहेली -7975 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि :** निकटस्थ व्यक्ति का सहयोग काम को गति दिला देगा। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**वृष राशि :** अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा।

**मिथुन राशि :** अपने काम को प्राथमिकता से करें। बुरी संगति से बचें। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**कर्क राशि :** दूसरों के कार्यों में अनावश्यक हस्तक्षेप न करें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे।

**सिंह राशि :** मान-सम्मान में वृद्धि होगी। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कन्या राशि :** संतोषजनक सफलता मिलेगी। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। मेहमानों का आगमन होगा।

**तुला राशि :** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी।

**वृश्चिक राशि :** अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**धनु राशि :** शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वी परेशान कर सकते हैं। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। वैचारिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें।

**मकर राशि :** व्यापार में वृद्धि व उत्तम लाभ मिलेगा। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। नौकरी क्षेत्र में कुछ उलझनें रहेंगी। यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि व शिक्षा में परेशानी आ सकती है।

**कुंभ राशि :** महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा।

**मीन राशि :** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित विघ्न पैदा होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी।




## एक नजर

### गद्दाम कुमार चुने गए तेलंगाना विधानसभा के अध्यक्ष

**हैदराबाद।** गद्दाम प्रसाद कुमार को गुरुवार को सर्वसम्मति से तीसरी तेलंगाना विधानसभा का अध्यक्ष चुना गया। प्रोटेम स्पीकर अकबरुद्दीन ओवैसी ने घोषणा की कि चूंकि प्रसाद कुमार अध्यक्ष पद के लिए नामांकन दाखिल करने वाले एकमात्र उम्मीदवार हैं, इसलिए उन्हें सर्वसम्मति से चुना गया। प्रसाद कुमार की ओर से कांग्रेस, बीआरएस, एआईएमआईएम और सीपीआई के सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित नामांकन के 23 सेट प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क, विधायी मामलों के मंत्री डी. श्रीधर बाबू और सभी विधायक दलों के नेता उन्हें कुर्सी तक ले गए। 7 दिसंबर को सरकार बनाने वाली कांग्रेस पार्टी ने उसी दिन स्पीकर के रूप में प्रसाद कुमार के नाम की घोषणा की थी। दलित नेता कुमार का चयन उनके व्यापक अनुभव को ध्यान में रखते हुए किया गया है।

### अमेरिकी राष्ट्रपति के खिलाफ महाभियोग जांच को मंजूरी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी संसद ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडेन के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रस्ताव के समर्थन में 221 और इसके खिलाफ 212 मत मिले। अमेरिकी राष्ट्रपति अपने बेटे हंटर बाइडेन के विवादास्पद अंतरराष्ट्रीय सौदों के बचाव को लेकर घिरे हैं। प्रस्ताव के जरिये राष्ट्रपति बाइडेन के खिलाफ महाभियोग जांच शुरू करने को मंजूरी दी गई। हालांकि राष्ट्रपति बाइडेन ने इसे राजनीतिक हथकंडा बताया है। यह पूरा मामला अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदों से जुड़ा हुआ है। रिपब्लिकन पार्टी के सदस्य हंटर बाइडेन के व्यापारिक सौदे की जांच कर रहे हैं। इस मामले में उन्हें पेश होने के लिए नोटिस जारी किया था। हंटर बाइडेन ने बंद कमरे की बजाय सार्वजनिक रूप से गवाही देने की बात कही। उन्होंने बंद कमरे में किसी भी तरह का ब्यौरा देने से मना कर दिया।

### वेनेजुएला में सड़क हादसों में 8 की मौत

**कराकस।** वेनेजुएला की राजधानी कराकस को तटीय शहर गुआरेनास से जोड़ने वाले राजमार्ग पर हुई कई सड़क दुर्घटनाओं में कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को इसकी पुष्टि की। जोखिम प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा के उप मंत्री कार्लोस पेरेज अम्पुएडा ने एक्स पर कहा, राजमार्ग पर 17 वाहनों की आपस में टक्कर हो गयी और उनमें आग लग गई। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पिछली दुर्घटना के कारण वहां मौजूद वाहनों के साथ एक लॉरी की टक्कर के कारण हुई।

### यूएन जलवायु महासभा ने यूएई समानताएं संपन्न की

**बीजिंग।** पूर्व योजना से एक दिन बढ़ाने के बाद संयुक्त राष्ट्र जलवायु महासभा कॉप-28 बुधवार को संयुक्त अरब अमीरात में समाप्त हुई। इस महासभा ने वैश्विक स्टॉकटेक, जलवायु निधि, मिटिगेशन, अनुकूलन, नुकसान व बबार्दी समेत कई मुद्दों पर यूएई समानताएं संपन्न की। कॉप 28 अध्यक्ष सुल्तान जाबिर ने समापन समारोह पर भाषण देते हुए कहा कि संपन्न हुआ समझौता मजबूत, संतुलित और जलवायु कार्रवाई को गति देने वाली एक मुश्त योजना है। यही यूएई समानताएं हैं।

## लोकसभा में सुरक्षा चूक पर सरकार ने कहा

# जांच शुरू, राजनीतिक रंग न दें

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने गुरुवार को कहा कि लोकसभा में बुधवार को सुरक्षा चूक की घटना के मामले में उच्च-स्तरीय जांच शुरू कर दी गई है और विपक्ष को इस मुद्दे पर राजनीति नहीं करनी चाहिए। लोकसभा की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद अपराह्न दो बजे जब शुरू हुई तो विपक्षी सदस्यों ने बुधवार को सदन में सुरक्षा की चूक संबंधी घटना को लेकर नारेबाजी शुरू कर दी। इसी बीच संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा, हम सब सहमत हैं कि कल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना सदस्यों की सुरक्षा के लिहाज से गंभीर थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने घटना के तत्काल बाद सभी दलों के सदन के नेताओं की बैठक बुलाई और संसद की सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए सबके सुझाव सुने। जोशी ने कहा कि सांसदों के कुछ सुझावों को लागू किया जा चुका है तथा लोकसभा अध्यक्ष ने आज स्वयं कहा है कि सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए भविष्य में और भी कदम उठाए जाएंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा, मेरे विचार से यह मुद्दा हम सभी से जुड़ा है और हमें एक स्वर में बोलना होगा। उन्होंने कहा कि इस तरह के राष्ट्रीय मुद्दे पर किसी भी सदस्य से राजनीति की अपेक्षा नहीं की जाती। जोशी ने 1974 से लेकर 1999 तक सदन में सुरक्षा चूक की कुछ घटनाओं का विवरण देते हुए कहा कि पहले भी दर्शक दीर्घाओं से नारेबाजी, कागज फेंकने और यहां तक कि सदन में कूदने की घटनाएं होती रही हैं।

उन्होंने कहा, मैं इन घटनाओं की तुलना कल की घटना से नहीं कर रहा। लेकिन हमें अपने अतीत से सबक सीखना होता है, ताकि भविष्य उज्ज्वल हो। जोशी ने कहा कि पहले भी इस तरह के मामलों में तत्कालीन लोकसभा अध्यक्षों के निर्देश के अनुसार कार्रवाई की जाती रही हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार की घटना के बाद लोकसभा अध्यक्ष ने गृह सचिव को पत्र लिखकर उच्च-स्तरीय जांच के लिए कहा है और जांच शुरू हो चुकी है। उन्होंने कहा कि सरकार भी इस मुद्दे पर बहुत ही संवेदनशील है। जोशी ने कहा कि सभी मुद्दों को राजनीतिक रंग देने की कुछ सदस्यों की आदत बन गई है। उन्होंने कहा, मैं उनसे निवेदन करता हूं कि इस मुद्दे का राजनीतिकरण न करें और सदन की कार्यवाही आगे बढ़ाएं। संसद पर 2001 में हुए आतंकवादी हमले की बरसी पर बुधवार को एक बड़ी सुरक्षा चूक की घटना में दो व्यक्ति- सागर शर्मा और मनोरंजन डी. शून्यकाल के दौरान दर्शक दीर्घा से लोकसभा कक्ष में कूद गए। उन्होंने 'केन' से पीली गैस भी छोड़ी। बाद में सांसदों ने उन्हें काबू में किया।



### पीएम मोदी ने शाह, नड्डा और मंत्रियों के साथ की बैठक



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को संसद के दोनों सदनों लोक सभा और राज्य सभा की कार्यवाही शुरू होने से पहले केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ बैठक की। बैठक में केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रल्हाद जोशी और सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर सहित कई अन्य केंद्रीय मंत्री भी शामिल हुए। हालांकि इस बैठक को लेकर कोई औपचारिक बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन यह माना जा रहा है कि बुधवार को हुई घटना के संबंध में दोनों सदनों के हालात और विपक्षी दलों के रवैये को लेकर सरकार और पार्टी किस तरह से आगे काम करे, इसकी रणनीति को लेकर बैठक में चर्चा हुई है।

### मनोरंजन डी. की नहीं है कोई आपराधिक पृष्ठभूमि

**मैसूरु (कर्नाटक)।** लोकसभा की कार्यवाही के दौरान बुधवार को दर्शक दीर्घा से सदन के भीतर कूदे दो लोगों में से एक मनोरंजन डी. सोशल मीडिया पर भगत सिंह फैन क्लब नामक पेज से जुड़ा है और वह क्रांतिकारी की तरह लगता है। मैसूरु पुलिस बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने वाले मनोरंजन के बारे में पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों ने बताया कि जांच से पता चला है कि उसकी कोई आपराधिक पृष्ठभूमि नहीं है। वह काफी चुप रहने वाला व्यक्ति है लेकिन जिन किताबों को वह पढ़ता है उन्हें देखकर वह क्रांतिकारी की तरह लगता है। एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा कि मनोरंजन स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह का प्रशंसक लगता है जिन्हें ब्रिटिश राज में 1931 में 23 साल की उम्र में फांसी की सजा दी गयी थी। उन्होंने कहा, ऐसा लगता है कि भगत सिंह और उनके समूह ने स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान जो किया था, ये लोग उसे दोहराना चाहते थे।

### कार्ति चिदंबरम ने सरकार पर साधा निशाना



सदन से सांसदों के निलंबन पर कांग्रेस एमपी कार्ति चिदंबरम ने कहा कि कल जो हुआ वह एक बड़ी सुरक्षा और खुफिया विफलता थी। उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि सरकार सदन को बताए कि कल क्या हुआ और वे क्या कदम उठा रहे हैं। कार्ति चिदंबरम ने इस पर प्रधानमंत्री और गृह मंत्री के बयान की मांग की। उन्होंने कहा कि हमारी मांग को दबाने के लिए 14 सांसदों को शेष सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया है।

### संसद सुरक्षा चूकः छह लोगों ने मिलकर रची थी साजिश



दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक की घटना के संबंध में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत मामला दर्ज किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। संसद पर 2001 को हुए आतंकी हमले की बरसी के दिन बुधवार को सुरक्षा में सेंधमारी की बड़ी घटना उस वक्त सामने आई जब लोकसभा की कार्यवाही के दौरान दर्शक दीर्घा से दो लोग- सागर शर्मा और मनोरंजन डी सदन के भीतर कूद गए, नारेबाजी की और केन के जरिये पीले रंग का धुआं फैला दिया। इस बीच कुछ सांसदों ने दोनों को पकड़ लिया। लगभग उसी वक्त दो अन्य आरोपियों अमोल शिंदे और नीलम देवी- ने संसद परिसर के बाहर 'केन' से रंगीन धुआं छोड़ा और तानाशाही नहीं चलेगी के नारे लगाए। पुलिस ने कहा कि इस घटना की योजना छह लोगों ने मिल कर बनाई थी और ये चारों लोग उसी समूह का हिस्सा हैं। अधिकारियों ने बताया कि घटना के संबंध में यूएपीए और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

## निलंबित होने के बाद भी रास में आए टीएमसी सांसद, सभापति ने दी चेतावनी

**नई दिल्ली।** तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रायन को संसद के शीतकालीन सत्र से निलंबित कर दिया गया है। राज्यसभा के सभापति का कहना है कि डेरेक ने सदन की कार्यवाही में व्यवधान उत्पन्न किया है। हालांकि, निलंबन के बावजूद तृणमूल सांसद राज्यसभा में मौजूद रहे। इस बार सभापति ने उन्हें चेतावनी देते हुए सदन से चले जाने का निर्देश दिया। डेरेक को संसद सत्र से निलंबित करने के उपरांत राज्यसभा की कार्यवाही दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। हालांकि, दोपहर 2 बजे जब राज्यसभा की कार्यवाही शुरू हुई तो डेरेक सदन में मौजूद



थे। राज्यसभा में विपक्षी सांसद लगातार 'तानाशाही नहीं चलेगी' के नारे लगाते रहे। गौरतलब है कि राज्यसभा सांसद डेरेक ओ ब्रायन व कई अन्य विपक्षी सांसद, गुरुवार को संसद की सुरक्षा पर चर्चा की मांग कर रहे थे। संसद की सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर चर्चा के लिए विपक्ष के 28 सदस्यों ने नोटिस दिए थे। लेकिन, सभापति ने नियमों का हवाला देते हुए इसकी इजाजत नहीं दी। इसके बाद विपक्ष के सांसद सभापति के आसन के ठीक सामने वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे। आसन के ठीक सामने नारेबाजी कर रहे तृणमूल कांग्रेस के सांसद डेरेक ओ ब्रॉयन को सभापति ने तुरंत सदन से निकल जाने का आदेश दिया। उन्हें संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र के लिए निलंबित कर दिया गया। सभापति ने नियम 256 के अंतर्गत डेरेक ओ ब्रॉयन पर कार्रवाई की है। डेरेक को शेष बचे शीतकालीन सत्र से बाहर कर दिया गया।

## 14 सांसदों के निलंबन से विपक्ष नाराज, सरकार को घेरने का प्रयास

### यदि संसद में घुसने वाले मुस्लिम होते : जदयू सांसद राजीव रंजन सिंह

### पास उपलब्ध करवाने वाले भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा के विरुद्ध कोई एक्शन क्यों नहीं?-कनीमोझी

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

बुधवार को संसद में हुई सुरक्षा में चूक की घटना को लेकर गुरुवार को लोकसभा व राज्यसभा में जमकर हंगामा हुआ। इस हंगामे के बीच दोनों सदनों से कुल 14 विपक्षी सांसदों को निलंबित कर दिया गया। विपक्षी सांसद , केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से सुरक्षा में हुई चूक पर जवाब चाहते हैं। संसद से निलंबित किए गए सांसदों में डीएमके नेता कनीमोझी भी शामिल हैं। उन्होंने सरकार पर मैसूर के भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा को छोड़ने और तृणमूल की महुआ मोइत्रा से इन्क्वायरी पूरी हुए बिना ही सदस्यता छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वहां एक सांसद है जो इन लोगों को अंदर आने के लिए पास उपलब्ध करवाता है। उस सांसद के खिलाफ कोई एक्शन नहीं लिया गया है जबकि हमने देखा कि महुआ मोइत्रा के केस में क्या हुआ। उन्होंने कहा कि विपक्ष चाहता है कि इस मसले पर पीएम नरेन्द्र मोदी व अमित शाह संसद में बोलें। क्या यह लोकतंत्र है? नीतीश कुमार की पार्टी के सांसद राजीव रंजन सिंह ने कहा कि सांसदों को निलंबित करके सरकार अपना फेलियर छिपाना चाहती है और विपक्ष को डराना चाहती है। उन्होंने कहा कि आपने उनके बर्ताव का तरीका देखा होगा। यदि कल संसद में एंट्री करने वाले दो शख्स मुस्लिम होते या किसी कांग्रेस सांसद ने पास जारी किया होता तो क्या सोचें क्या होता। राज्य सभा सांसद कपिल सिब्बल ने कहा कि सरकार अगर विपक्ष नहीं चाहती है तो उसे पूरे विपक्ष को सस्पेंड कर देना चाहिए। क्योंकि वो नहीं चाहते कि उनसे सवाल पूछे जाएं। हम कह रहे हैं कि गृह मंत्री आए और स्थिति पर जवाब दें।

## केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट को बताया

## डिजिटल जब्ती और तलाशी में सभी केंद्रीय एजेंसियां सीबीआई मैनुअल का पालन करेंगी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की जब्ती पर दिशानिर्देशों को अंतिम रूप दिए जाने तक केंद्रीय एजेंसियां डिजिटल साक्ष्य पर सीबीआई मैनुअल का पालन करेंगी। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू ने न्यायमूर्ति संजय किशन कौल और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ से कहा कि डिजिटल उपकरणों की खोज और जब्ती के लिए व्यापक दिशानिर्देश अधिसूचित होने तक केंद्र सरकार की सभी एजेंसियां कम से कम 2020 सीबीआई मैनुअल का पालन करेंगी। पीठ कई याचिकाओं पर विचार कर रही थी, जिसमें फाउंडेशन फॉर मीडिया प्रोफेशनल्स द्वारा दायर एक जनहित याचिका (पीआईएल) भी शामिल थी, जिसमें पत्रकारों के इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की पुलिस द्वारा जब्ती पर दिशानिर्देश की मांग की गई थी। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश एएसजी राजू ने शीर्ष अदालत से सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध करते हुए कहा कि दिशानिर्देश तैयार करने में समय लगेगा, क्योंकि इसमें फोरेंसिक प्रयोगशाला और अन्य विशेषज्ञों से परामर्श की जरूरत है। इस पर जस्टिस कौल ने उनसे पूछा कि नतीजा कब आएगा और क्या वह यह बयान देने को तैयार हैं कि इस बीच मौजूदा मैनुअल में से किसी का पालन किया जाएगा। एएसजी राजू ने जवाब दिया कि जांच एजेंसियां सीबीआई मैनुअल और सीआरपीसी (आपराधिक प्रक्रिया संहिता) का पालन करेंगी। मामले की आगे की सुनवाई 6 फरवरी को होगी।

## नेपाली कांग्रेस में टकराव बढ़ा

# देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज

**एजेंसी। काठमांडू**

नेपाल की प्रचंड सरकार की सबसे बड़ी सहयोगी नेपाली कांग्रेस में टकराव बढ़ता ही जा रहा है। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेरबहादुर देउबा को पार्टी संसदीय दल के नेता पद से हटाने की मुहिम तेज हो गई है। इस मुहिम का नेतृत्व पार्टी महासचिव गगन थापा कर रहे हैं। गगन थापा ने पार्टी के विरोधी गुट की बैठक में संसदीय दल के नेता पद से शेरबहादुर देउबा को हटा कर वरिष्ठ नेता शेखर कोइराला को इस पद पर नियुक्त किए जाने का प्रस्ताव रखा है। थापा ने कहा कि देउबा को संसदीय दल के नेता पद से हटा कर सत्तारूढ़ सीपीएन (एमसी) के साथ गठबंधन को तोड़ना चाहिए। उन्होंने देउबा पर सत्ता के लिए कम्युनिष्ट दलों के साथ मिलकर पार्टी को कमजोर करने का आरोप लगाया है। थापा ने आरोप लगाया कि देउबा पूरी पार्टी के लिए काम करने की बजाए कुछ चुनिंदा लोगों के फायदे के लिए काम कर रहे हैं।

## इजरायल ने वेस्ट बैंक पर किया हमला, दो की मौत, 10 घायल



**गाजा।** इजरायल ने वेस्ट बैंक के जेनिन शहर पर ड्रोन हमले किए, जिसमें फिलिस्तीन के करीब दो लोगों की मौत हो गयी और 10 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीन न्यूज एजेंसी वफा ने गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। एजेंसी ने बताया कि मारे गए लोगों में एक नाबालिग भी शामिल है, जबकि घायलों में से तीन लोगों को गंभीर चोटें आई हैं। इजरायली सेना जेनिन शरणार्थी शिविर में बड़े पैमाने पर ऑपरेशन कर रही है, जिसमें इजरायली बलों ने लगभग 400 इमारतों को स्कैन किया, सैकड़ों फिलिस्तीनियों को हिरासत में लिया, साथ ही हथियार और अन्य उपकरण भी जब्त किए।

## फिल्म जगत

### मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा 'किलर सूप' में क्राइम के साथ कॉमेडी का तड़का




**मुंबई।** मनोज बाजपेयी आगामी स्ट्रीमिंग सीरीज 'किलर सूप' में नजर आएंगे। यह सीरीज एक होम शेफ की कहानी बताती है। सीरीज में कोंकणा सेन शर्मा, नासिर, सयाजी शिंदे मुख्य भूमिकाओं में हैं। 'किलर सूप' में क्राइम के साथ कॉमेडी का भी तड़का है। सीरीज का निर्देशन और सह-लेखन अभिषेक चौबे ने किया है। यह सीरीज एक महत्वाकांक्षी लेकिन होम शेफ की कहानी बताती है, जो अपने पति, प्रभाकर की जगह अपने प्रेमी, उमेश को लाने के लिए एक विचित्र योजना बनाती है। लेकिन जब एक स्थानीय इंस्पेक्टर और नौसिखिया खलनायक मामले में हलचल मचाते हैं, तो चीजें योजना के अनुसार नहीं होती हैं और अराजकता का माहौल पैदा हो जाता है। सीरीज के बारे में बात करते हुए अभिषेक चौबे ने कहा, "किलर सूप के साथ हम दर्शकों को हंसाना चाहते हैं और साथ ही एक क्राइम थ्रिलर देकर आश्चर्यचकित करना चाहते थे जो हास्य और विचित्रता का मिश्रण है। यह मनोज बाजपेयी, कोंकणा सेन शर्मा, नासिर सयाजी, शिंदे और लाल सहित असाधारण कलाकारों के साथ पूरी तरह से शीर्ष पर भेजा गया एक पॉट-बॉयलर है। इस सीरीज के माध्यम से मैं नेटफ्लिक्स के साथ कुछ असाधारण पेश करना चाहता था और यह उनके साथ एक रचनात्मक रूप से संतुष्टिदायक अनुभव रहा है।" नेटफ्लिक्स इंडिया की सीरीज निदेशक तान्या बामी ने कहा, 2023 में हमारी सीरीज को जो प्यार और पहचान मिली है, वह जबरदस्त और उत्साहवर्धक है। 2024 में हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि दर्शकों को नेटफ्लिक्स पर उनकी सर्वश्रेष्ठ कहानियां मिलती रहें। अभिषेक चौबे का 'किलर सूप' हमारे लिए नए साल की शुरूआत करने का एक शानदार तरीका है।

## पहल: मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं, बोले मांडविया

# महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान देने पर तेजी से हुआ काम

### दस लाख तक बैंक ऋण ले रोजगार करने वालों में 80 प्रतिशत महिलाएं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने गुरुवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हो रहा है। इस नए भारत में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए, उन्हें सुरक्षित और समान अवसर देने की दिशा में तेजी से काम हुआ



है। देश के विकास में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री ने सात विषयों पर विशेष रूप से काम किया है। पहला उन्हें सुरक्षा दी गई, उन्हें संबल बनाने के साथ उनकी समृद्धि के लिए काम किया, आधी आबादी के अस्तित्व को स्वीकार करके उन्हें सुविधा उपलब्ध करना, महिलाओं की चिंता करने के साथ उन्हें निर्णायक भूमिका में लाने का काम किया गया है।

गुरुवार को केन्द्र सरकार की महिलाओं के लिए योजनाओं पर संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि केन्द्र सरकार ने लिंगानुपात को बनाए रखने के लिए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान की शुरूआत की जिसके कारण आज लिंगानुपात में सुधार होकर प्रति 1000 पुरुषों के मुकाबले 934 महिला हो गई है। साल 2014 में यह आंकड़ा 918 था। इसके लिए महिलाओं की सुरक्षा के लिए 733 केन्द्रों से 181 हेल्पलाइन शुरू की गई है।

उन्होंने बताया कि महिला के सशक्तीकरण के लिए मिशन शक्ति चलाया गया। महिला सशक्त कैसे हो उसके लिए नारी अदालत की स्थापना की गई, मातृ वंदना योजना से सेहत पर ध्यान दिया गया। आज महिलाएं दस लाख तक बैंक से ऋण ले पा रही हैं और अपना काम शुरू कर रही हैं। सरकार की इस योजना के लाभार्थियों में 80 प्रतिशत महिलाएं हैं। मुद्रा योजना के लाभार्थियों में भी 68 प्रतिशत लाभार्थी महिलाएं हैं। मोदी जी की योजनाओं का लाभ उठा कर महिलाएं सशक्त हो रही हैं।


## एक नजर

### निगम के दो वार्डों में 89 आवेदनों का हुआ ऑन द स्पॉट निपटारा



**रांची।** आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत गुरुवार को रांची नगर निगम की ओर से दो वार्डों में शिविर लगाया गया। इनमें वार्ड नंबर 33 और वार्ड नंबर 34 में कुल 89 आवेदनों का निपटारा ऑन स्पॉट किया गया। इसके अलावा दोनो वार्ड में जरूरतमंदों के बीच कुल 258 कंबल का वितरण भी किया गया। अपर प्रशासक कुंवर सिंह पाहन ने बताया कि शिविर में होल्डिंग, ट्रेड, जन्म-मृत्यु निबंधन, जल कर भुगतान, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए आवेदन लिया गया। सभी शहरवासी निगम स्तर के सेवाओं का लाभ इन शिविरों में आ कर ले सकते है।

### डीजल आटो महासंघ की वार्षिक आम सभा 5 जनवरी को



रांची। झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ की आमसभा 5 जनवरी को होगी। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश सोनी ने बताया कि महासंघ का वार्षिक आमसभा पर चर्चा के लिए बैठक बुलाई गयी है। जिसमें 5 जनवरी को संविधान के अनुसार से वर्तमान कमिटी को भंग कर नई कमेटी का चुनाव आदि विषयों पर चर्चा की जायेगी। इसको लेकर आज शुक्रवार को झारखंड प्रदेश डीजल ऑटो चालक महासंघ के सभी प्रदेश पदाधिकारी व जिला पदाधिकारियों की बैठक रखी गई है। दिनेश सोनी ने सभी पदाधिकारियों से बैठक में ससमय उपस्थित रहने की अपील की है।

### रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 24 दिसंबर को, 15 तक नामांकन

**रांची।** जिला मारवाड़ी सम्मेलन का चुनाव 24 दिसंबर को मारवाड़ी भवन में होगा। इस चुनाव को संपन्न कराने के लिए चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन को बनाया गया है। उन्होंने बताया कि 24 दिसंबर को होने वाले रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष के चुनाव में नामांकन पत्र प्राप्त एवं जमा करने की अंतिम तिथि 15 दिसंबर अपराह्न 4 बजे तक है। नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों की सूची 15 दिसंबर को संध्या 7 बजे प्रकाशित किया जाएगा। नाम वापसी 17 दिसंबर को अपराह्न 4 बजे तक होगा। उन्होंने बताया कि चुनाव आवश्यक होने पर मारवाड़ी भवन में 24 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से 4 बजे तक मतदान कराया जायेगा। चुनाव पदाधिकारी विनोद कुमार जैन ने रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के चुनाव को सुचारू रूप से कराने के लिए पवन शर्मा एवं पवन कुमार पोद्दार को सह निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया है।

17 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध के बाद आसमान रहेगा साफ, कांके में 19 से और बढ़ेगी ठंड

# तापमान गिरने से हवा में बढ़ी कनकनी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राजधानी रांची समेत पूरा राज्य ठंड के आगोश में है। लगातार बढ़ती ठंड से लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। सुबह और शाम को कंपकपाती ठंड लोगों को परेशान कर रही है। मौसम विभाग के राज्य में बादल के छंटने के साथ ही तापमान में जबरदस्त गिरावट हो रही है। राजधानी रांची में भी ठंड काफी बढ़ गयी है जिस कारण दिन के समय धूप के बावजूद हवा में ठंड का अहसास हो रहा है। लोगों को ठंड से बचने के लिए धूप के बावजूद दिन के समय भी गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। शहर से बाहर ग्रामीण क्षेत्र में ठंड का सितम ज्यादा नजर आता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह के समय ज्यादा धुंध नजर आती है। जो सुबह आठ बजे के बाद कम होती है। ठंड के कारण लोगों को शाम को आग सेकने की जरूरत पड़ रही है। गिरते तापमान को देखते हुए रांची के उपायुक्त ने शहर के सभी चौक चौराहों और ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों और भीड़भाड़ वाले स्थानों जैसे चौक, चौराहा और बाजारों में भी अलाव जलाने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। पिछले कुछ दिनों से लगातार घट रहे तापमान को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है।

### कांके क्षेत्र में पड़ रही है अधिक ठंढ

अभिषेक आनंद ने बताया कि राजधानी समेत पूरे राज्य में बादल के छंटने के साथ ही तापमान में जबरदस्त गिरावट दर्ज किया गया है। वहीं शहर के कांके में न्यूनतम तापमान ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले तीन दिनों से कांके का न्यूनतम तापमान 9 के आसपास ही है।। यह सिलसिला 17 दिसंबर तक बना रहेगा। वहीं 19 दिसंबर को यह घटकर 8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने के आसार हैं।

### बीपी व हार्ट के मरीजों को सावधान रहने की सलाह

सुबह और देर शाम के बाद ठंड बढ़ जाती है। ऐसे में चिकित्सकों ने लोगों को विशेष कर बुजुर्गो और बच्चों को बचने की सलाह दी है। थोड़ी भी लापरवाही होने से शरीर पर ठंड का असर पड़ सकता है। चिकित्सकों के मुताबिक इस मौसम में दिल की बीमारी और रक्तचाप वाले मरीजों को ज्यादा सावधान रहने की जरुरत है। ऐसे मौसम में रक्तचाप बढ़ने का खतरा रहता है। इसकी वजह से हार्ट अटैक या स्ट्रोक आ सकता है। इसलिए समय पर दवाई लेने और ठंड से बचने की सलाह दी गई है।

अगले कुछ दिनों में तापमान 8-9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वरीय विज्ञानी अभिषेक आनंद के मुताबिक, रांची का न्यूनतम आगामी दिनों 9 के आसपास रहेगा। 17 दिसंबर तक सुबह में कोहरा या धुंध और बाद में आसमान साफ रहेगा व मौसम शुष्क बना रहेगा।

### मैकलुस्कीगंज का तापमान 6.5 डिग्री पहुंचा

मैकलुस्कीगंज में ठंड ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। आने वाले दिनों और ठंड बढ़ने की संभावना है, तापमान में गिरावट शुरू हो गई है। मैकलुस्कीगंज में तापमान मापक यंत्र में न्यूनतम तापमान साढ़े छह डिग्री और अधिकतम 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### इन जिलों में गिरा है न्यूनतम पारा

मौसम केंद्र के मुताबिक पिछले 24 घंटों में देवधर, धनबाद, कोडरमा, चतरा, लातेहार, लोहरदगा, पलामू, बोकारो, रांची, खूंटी, गुमला और सिमडेगा में न्यूनतम पारा 9 डिग्री रिकॉर्ड हुआ है। जबकि रामगढ़ का पारा 8 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा है। आने वाले दिनों में चतरा, गढ़वा, पलामू और सिमडेगा में पारा 8 डिग्री तक जा सकता है।

उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर टीम ने किया डेली मार्केट के नुकसान का सर्वे

# प्रभावितों को दी जाएगी सहायता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डेली मार्केट में अगलगी की घटना के बाद जिला प्रशासन की टीम की ओर गुरूवार को सर्वे किया गया। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर आग से हुए नुकसान का सर्वे किया। सर्वे टीम में शामिल अंचल अधिकारी, शहर मुंशी राम ने घटनास्थल पर पहुंचकर स्थानीय लोगों एवं प्रभावितों से अगलगी के कारण की जानकारी ली एवं हुए नुकसान के बारे में पूछा। अंचल अधिकारी मुंशी राम ने प्रभावितों को बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उन्हें आपदा प्रबंधन (अगलगी) अंतर्गत नियम अनुसार सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने सभी प्रभावितों को अपने दुकान के आकार एवं हुए नुकसान से संबंधित आवेदन प्रपत्र में उपलब्ध कराने को कहा ताकि प्रक्रिया आगे बढ़ाया जा सके।

### अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष ने किया दौरा

**रांची।** झारखण्ड राज्य अल्पसंख्यक आयोग के उपाध्यक्ष शमशेर आलम के नेतृत्व में एक टीम ने रांची के मेन रोड स्थित सब्जी मार्केट का दौरा किया और वहां की स्थिति का जायजा लिया ज्ञात हो कि विगत 12 दिसंबर मंगलवार की रात 10 बजे भीषण आग लगने से डेलीमार्केट के सब्जी दुकानदारों को काफी नुकसान हुआ है। श्री आलम ने घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए पीड़ित दुकानदारों से मुलाकात कर सरकार की तरफ से आर्थिक मुआवजा दिलाने का यथा संभव प्रयास करने का भी आश्वासन दिया।

### बंधु ने किया डेली मार्केट का दौरा

**रांची।** मंगलवार को डेली मार्केट में लगी आग में सौ से अधिक सब्जियों की दुकाने जल कर राख हो गई।आगलगी में एक करोड़ से अधिक के सम्पति का नुकसान हुआ। कई लोगो की जिंदगी भर की कमाई खाक में मिल गई।मार्केट मे अधिकतर दुकाने टीन के छत वाली थी। ये खबर सुन पूर्व मंत्री बंधु तिर्की दिल्ली से लौटते ही डेली मार्केट घटना स्थल पर पहुंचे और मार्केट के लोगों से मिलकर उन्हें संतावना दी।

# समुदायों के बीच वैक्सीन को लेकर हिचकिचाहट को दूर करना होगा : डॉ कुजूर




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जेवियर समाज सेवा संस्थान (एक्सआईएसएस) के ग्रामीण प्रबंधन कार्यक्रम ने कर्रा सोसाइटी फॉर रूरल एक्शन (केएसआरए) के सहयोग से एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला रांची की चयनित शहरी स्लम बस्तियों में व्यवहार नियमित टीकाकरण को बढ़ाने, स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए प्रणाली के सुदृढ़ीकरण और सामुदायिक गतिशीलता पर केंद्रित था। यूनिसेफ रांची द्वारा समर्थित इस पहल का उद्देश्य नियमित टीकाकरण, मां और बच्चे कार्ड, सामुदायिक गतिशीलता, जल, स्वच्छता और स्वच्छता (डब्ल्यूएएसएच) व्यवहार और शहरी सहियाओं की सहायता से इस प्रणाली को मजबूत करने के महत्व पर था। कार्यक्रम का उद्घाटन एक्सआईएसएस के निदेशक डॉ जोसफ मारियानुस कुजूर एसजे ने किया। जिन्होंने वैश्विक स्वास्थ्य सूचकांक में भारत के 126वें स्थान का हवाला देते हुए मानव विकास के लिए विषय की महत्वपूर्ण प्रकृति पर प्रकाश डाला। उन्होंने टीकाकरण की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने समुदाय के बीच वैक्सीन को लेकर हिचकिचाहट है जिसे दूर करना होगा। केएसआरए के परियोजना प्रमुख सादिक खान ने समाज में वॉश और स्वच्छता व्यवहार के महत्व को प्रचारित करने के लिए केएसआरए की पहल पर चर्चा की।

### क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दूसरे दिन राहे प्रखंड में परिसंपत्तियों का वितरण

**रांची।** सिल्ली विधानसभा अंतर्गत राहे प्रखण्ड के डोमनडीह मैदान में गुरुवार को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ क्षेत्रीय गूंज महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान जरूरतमंद लोगों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। मौके पर सिल्ली विधायक सह गूंज परिवार के संरक्षक सुदेश कुमार महतो ने कहा कि समाज में जमीनी स्तर पर सेवा देने वाली रसोइया, स्वास्थ्य एवं जल सहिया, पहान, किसान समेत कई ऐसे लोग हैं, जिन्होंने गांवों की निस्वार्थ सेवा की है लेकिन सरकारी स्तर पर उनकी अनदेखी होती रही है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के माध्यम से हम अनदेखे किए गए उन सभी लोगों को सम्मानित करने एवं उनका उत्साहवर्धन करने का काम कर रहे हैं और यह कार्य लगातार जारी रहेगा। समाज को सशक्त बनाने के लिए हर वर्ग की भागीदारी महत्वपूर्ण है, तभी हम सामाजिक न्याय के लक्ष्य तक पहुंचा जा सकता है। क्षेत्रीय गूंज महोत्सव के दौरान स्थानीय लोगों के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य एवं नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया। दिव्यांगजनों को रजिस्ट्रेशन के बाद प्रमाण पत्र दिए गए। उनके बीच निःशुल्क सहायक उपकरण जैसे व्हीलचेयर का वितरण किया गया।

### सीएम आवास घेराव करने निकले दिव्यांगजन, पुलिस ने रोका



**रांची।** सीएम आवास का घेराव करने के लिए निकले दिव्यांगजनो को डॉ जाकिर हुसैन पार्क के पास पुलिस प्रशासन ने रोका। इसके बाद दिव्यांगजनों का एक प्रतिनिधि मंडल सीएमओ गया. जहां सीएम के अवर सचिव राम मूर्ति सिंह से उनकी वार्ता हुई।

### 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स योगासन प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक बने प्रशांत कुमार सिंह

**रांची।** प्रशांत कुमार सिंह (सचिव लातेहार जिला योगासन स्पोर्ट एसोसिएशन) को काउंसिल फॉर द इंडियन स्कूल सर्टिफिकेट एग्जामिनेशन, नई दिल्ली द्वारा आयोजित अंडर 19 लड़के और लड़कियों की श्रेणी में आगामी 67वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स योगासन प्रतियोगिता 2023-24 के लिए आधिकारिक पर्यवेक्षक के रूप में चुना गया है जो हेरिटेज स्कूल, कोलकाता द्वारा होस्ट किया गया। एसजीएफआई द्वारा आयोजित प्रतियोगिता 18 दिसंबर से 21 दिसंबर तक कलकाता के हेरिटेज स्कूल में आयोजित हैं। प्रशांत सिंह को डॉ. सुनील कुमार सिंह (एचओडी स्पोर्ट्स द हेरिटेज स्कूल) द्वारा पत्र के माध्यम से आमंत्रित किया गया।

### डीएवी गांधीनगर स्कूल (शिशु विहार) के बच्चों ने कांके गौशाला का किया भ्रमण

**रांची।** गुरुवार को भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर एवं (रिलेशनस) के संयुक्त तत्वावधान में कांके रोड स्थित डी ए वी गांधीनगर स्कूल ( शिशु विहार) के बच्चों ने कांके गौशाला का भ्रमण कर सैंकड़ो गौ माताओ को भोजन कराया। इस अवसर पर बच्चो ने अपने अपने घरों से एकत्रित हरी भरी सब्जी, गुड़ रोटी, फल, एवं भोजन आदि कई सामग्रियां गायों को खिलाकर उनकी सेवा और पूजा भी की। इस अवसर पर बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बच्चों को शैक्षणिक यात्रा के माध्यम से प्रकृति और जानवरो से जुड़ने और बदले में उनकी वास्तविक जड़ों से जुड़ने में मदद करने को लेकर इस यात्रा का आयोजन किया गया है। बच्चों ने गायों को चारे भी खिलाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से डी ए वी गांधीनगर स्कूल के प्राचार्य एस के सिन्हा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, निराकार आचार्य, बी के सिन्हा, प्रमोद सहाय,डी ए वी गांधीनगर स्कूल के शिशु विहार की इंचार्ज जया ज ायसवाल,के के प्रसाद, लक्ष्मी सिन्हा, जौली सेन, शिक्षा शर्मा, आयुश कुमार आदि उपस्थित थे।

### भारत बंद को सफल बनाने के लिए सरना समिति की बैठक

**रांची।** गुरुवार को लोहरदगा के केतकी पैलेस होटल में केंद्रीय सरना समिति के जिला अध्यक्ष चैतू उरांव की अध्यक्षता में 30 दिसंबर 2023 के भारत बंद को लोहरदगा जिला में जोरदार सफल बनाने के लिए सार्थक चर्चा की गई। केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने बताया कि हमें सरना के लिए एकता और संघर्ष जारी रखना है। एकता और आंदोलन से ही हमें सरना धर्म कोड मिलेगा। मुख्य अतिथि सालखन मुर्मू ने बताया कि 15 करोड़ भारत के आदिवासियों को उनकी धार्मिक आजादी से वंचित करने के लिए कांग्रेस और बीजेपी दोनों दोषी हैं। 2011 की जनगणना में 50 लाख आदिवासियों ने सरना धर्म लिखाया जबकि जैनों की संख्या 44 लाख थी। तब भी सरना कोड नहीं देना आदिवासियों के साथ संवैधानिक अपराध करने जैसा है। आज की परिचर्चा में राजी पढहा सरना प्रार्थना सभा के जिला अध्यक्ष सोमदेव उरांव ने सरना धर्म कोड हासिल करने के लिए भारत बंद को पूर्णता समर्थन देने की घोषणा की।

### लाइट हाउस के सामने निर्माण के विरोध में बस्ती वालों ने किया प्रदर्शन

रांची। बस्ती बचाओ संघर्ष समिति के बैनर तले स्थानीय लोगों ने लाइट हाउस के सामने प्रदर्शन किया। झोपड़ी बस्ती के लोगों का आरोप है कि ठेकेदार द्वारा जबरन अतिरिक्त भूमि और नगर निगम के बोरिंग व सरकारी चापाकल की घेराबंदी की जा रही है। बस्ती वासियों ने इसको लेकर ठेकेदार के कार्यो का विरोध करते हुए कुछ देर के लिए काम ठप करा दिया। सूचना पर पहुंचे नगड़ी अंचल के सीओ ने ठेकेदार और बस्ती वासियों के बीच में वार्ता कराया। बैठक में कहा गया कि यहॉ छोटी सी जगह खाली बची है। जहां पर पीने का पानी के लिए बोरिंग तथा सरकारी चापाकल है। उसे भी ठेकेदार जबरदस्ती लेना चाहते है। इसी का हमलोग विरोध कर रहे है। बस्ती वासियों की मांग है कि वार्ता कर समस्या का समाधान निकाला जाए। विरोध करने वालों में बस्ती बचाव संघर्ष समिति के संयोजक मिंटू पासवान, रोहित कुमार, ललिता देवी, उर्मिला देवी एवं प्रभा गीता सहित स्थानीय महिला-पुरुष उपस्थित थे।

### केंद्रीय कोयला मंत्री से मिले सांसद संजय सेठ

**रांची।** नई दिल्ली में सांसद संजय सेठ ने केंद्रीय कोयला एवं संसदीय कार्यमंत्री प्रहलाद जोशी एवं केंद्रीय संस्कृति एवं कानून राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल से मुलाकात की। इस दौरान सांसद श्री सेठ के साथ गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी और पुरुलिया के सांसद ज्योतिर्मय महतो भी मौजूद रहे। सांसद ने बताया कि केंद्रीय मंत्री से रांची लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। खलारी क्षेत्र में सीएसआर के तहत हुए कार्यों से उन्हें अवगत कराया। डीएमएफटी के तहत हो रहे कार्यों की जानकारी दी।

विशिष्ट लोगों ने किया टी-शर्ट लांच

# अमिताभ चौधरी वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आईपीएस स्व अमिताभ चौधरी की याद में रांची स्पोर्ट्स वेलफेयर एकेडमी यूनिट ऑफ लहू बोलेगा द्वारा वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट 17 दिसंबर से शुरू होगा। डोरंडा के उर्स मैदान में आयोजित होने वाले टूर्नामेंट के खिलाड़ियों का टी-शर्ट लॉच किया गया। स्व आईपीएस अमिताभ चौधरी की याद में अंडर 18 जूनियर इंडिविजुअल परफॉर्मर खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। टी-शर्ट लॉचिंग सह जूनियर खिलाडियों को सम्मानित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडीएम रांची राजेश्वर नाथ आलोक, सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार विशिष्ट अतिथि डॉ प्रभात कुमार, चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री, अंजुमन इस्लामिया के अध्यक्ष मोख्तार अहमद, जावेद अनवर, पार्षद नसीम गद्दी, डॉ असलम परवेज, डॉ तारिक हुसैन, कप्तान जावेद खान, औरेन्जेब खान, मो फहीम एवं नदीम खान उपस्थित थे। इस वेटरन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट में 35 वर्ष के अधिक के खिलाड़ी/खेल प्रेमी खेल रहें है। जो सामाजिक संस्थाओं के प्रमुख एवं सामाजिक जिम्मेदार होंगे। कुल 42 टीमें भाग ले रही है।

### काली मंदिर को मुक्त कराने के लिए धरना स्थल पर हवन यज्ञ

**रांची।** काली मंदिर बचाओ संघर्ष समिति कांके रोड के बैनर तले विगत चार दिनों से आंदोलन जारी है कल शाम को शव यात्रा एवम पुतला दहन हुआ। आज सुबह से भारी संख्या में मां काली के भक्त महिला पुरुष धरना स्थल पर उपस्थित हुए तथा रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआर डी ए रांची को सद्बुद्धि के लिए सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक सैकड़ों मां के भक्त सामूहिक रूप से मंदिर परिसर के बाहर धरना स्थल पर हवन यज्ञ किया गया एवम आरती पूजन कर अपना विरोध दर्ज. कराया, इस अवसर पर भारी संख्या में सनातन प्रेमी उपस्थित थे रॉक गार्डन प्रबंधन और आरआरडीए के द्वारा जबरन कब्जा और अतिक्रमण से काली मंदिर को मुक्त कराने के लिए आंदोलन चलाया जा रहा है। आज के आंदोलन में मां भवानी क्लब काली पूजा समिति के अध्यक्ष तथा रांची महानगर भाजपा के महामंत्री श्री बलराम सिंह जी, उमेश सिंह राकेश पांडे रविंद्र चौबे नागेंद्र यादव अरविंद गुप्ता विकास रवि राम लगन राम नीरज नायक रणधीर कुमार सिंह रवि राकेश कुमार सिंह ( वीर), विजय सिंह राजेश कुमार बबन कुंदन सिंह मंदिर के मुख्य पुजारी अशोक कुमार पांडे सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित थे।

मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अंतर्गत किये जा रहे निर्वाचन कार्यों की समीक्षा

# प्रपत्रों की त्वरित ऑनलाइन डाटा एंट्री व ससमय निष्पादन करें : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में हुई बैठक में मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यो की समीक्षा की गयी। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण के लिए किये जा रहे निर्वाचन कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। बैठक में डीसी द्वारा जिला के सभी सात विधानसभा के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों से मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2024 अंतर्गत किये जा रहे कार्यों की बारी-बारी से जानकारी ली। विधानसभावार प्राप्त फॉर्म-6, 7 एवं 8 और उनके निष्पादन की समीक्षा करते हुए डीसी ने कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि ज्यादा से ज्यादा आवेदन प्राप्त करें एवं ससमय ऑनलाइन इंट्री कर निष्पादन सुनिश्चित करें। डीसी ने पुनरीक्षण अवधि के दौरान प्राप्त प्रपत्रों का ससमय ऑनलाइन डाटा एंट्री करवाना एवं उन्हें ससमय निस्तार किये जाने के संबंध में सभी को निदेशित किया। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त फॉर्म-6 एवं 7 का उसी दिन ऑनलाइन इंट्री सुनिश्चित करने का निर्देश भी सभी इआरओ को दिया गया। उन्होंने सभी निर्वाचन निबंधक पदाधिकारी से कहा कि जहां भी कम्प्यूटर ऑपरेटर बढ़ाने की आवश्यकता है, वहां संख्या बढ़ाये। डीसी ने आयोग से प्राप्त निर्देश के आलोक में मतदाता सूची में विद्यमान पीएसई तथा डीएसई का निराकरण ससमय करने के भी निर्देश दिये।

### दो दिनों के अंदर अपलोड करने का निर्देश

डीसी ने पीएसई तथा डीएसई का जांच प्रतिवेदन सभी बीएलओ से दो दिनों के अंदर प्राप्त कर उन्हें नियमानुसार अपलोड करते हुए कार्रवाई करने का निर्देश दिये। साथ ही उन्होंने जितने प्रकार के प्रतिवेदन की विभाग से मांग की जा रही है ससमय सभी प्रतिवेदन जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

### मृत मतदाताओं के नाम हटाए जायें

जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने कहा कि सभी योग्य व्यक्ति जिनकी आयु 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूरी हो रही है। उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ें एवं मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से नये नॉर्म्स के अनुसार विलोपित करें।

**बैठक में ये अधिकारी रहे उपस्थित :** बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, रांची विवेक कुमार सुमन, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तमाड़ संदीप अनुराग टोपनो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सिल्ली राजेश बरवार, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी खिजरी रामवृक्ष महतो, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी रांची दीपक दुबे, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी हटिया राजेश्वर नाथ आलोक, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी कांके राजीव कुमार और निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी माण्डर प्रदीप भगत उपस्थित थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**14 सांसदों पर गिरी गाज...**

पास जारी करने वाले सांसद प्रताप सिम्हा के खिलाफ महुआ मोइत्रा के तर्ज वा कार्रवाई करने की मांग करने लगे। विपक्षी सांसद गृह मंत्री अमित शाह के बयान की मांग कर रहे थे। विपक्षी सांसदों ने संसद की सुरक्षा उल्लंघन की कल की घटना को लेकर उठाए गए कदमों से अवगत कराने के बाद प्रस्ताव पेश किया था। निलंबित होने वालों में टीएमसी के राज्यसभा सांसद डेरेक ओ'ब्रायन भी शामिल है। उनके सस्पेंड होने के बाद विपक्ष ने खूब हो-हल्ला किया। इस मामले पर बात करते हुए संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि, इस मामले को हमें जाति और धर्म से ऊपर उठकर देखना होगा।

**अंतिम व्यक्ति तक योजना...**

आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आज जिलों में पदस्थापित डीसी, डीडीसी, सीओ, बीडीओ योजनाओं की गठरी लेकर आम जनों के घरों तक पहुंच रहे हैं।

**संकल्प के साथ वापस अपने पंचायत तथा गांव जाएं :** मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सभी लोग आज यहां से एक संकल्प के साथ वापस अपने पंचायत तथा गांव जाएं कि राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं को हर जरूरतमंद तक पहुंचाई जाए। मुख्यमंत्री ने सभी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाते हुए उन्हें वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा एवं विधानसभा चुनाव के लिए एक बेहतर रणनीति के साथ तैयारी करने का मंत्र दिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड के लोग हमेशा अपने हक-अधिकार एवं सम्मान की लड़ाई लड़ता आ रहा है। आने वाले चुनाव में भी हमें राज्य विरोधी ताकतों और दलों को मुंहतोड़ जवाब देने का काम करना है, इसी संकल्प के लिए हम सभी लोग आज यहां एकत्रित हुए हैं।

इस मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय, फागु बेसरा, केंद्रीय सचिव अभिषेक प्रसाद पिंटू, संजीव बेदिया, राज्यसभा सांसद महुआ माजी और विधायक भूषण तिर्की उपस्थित थे।

**एक तरफ सरकार आपके द्वार...**

दाना भी मयस्सर नहीं हुआ है। जिससे वे फांकाकशी के दौर से गुजर रहे हैं। लेकिन इनकी सुधि लेने वाला कोई नहीं है। गुरुवार को इसका प्रत्यक्ष उदाहरण तब देखने को मिला जब सरकार के विभागीय सचिव सह पलामू के नोडल पदाधिकारी कृपानंद झा चैनपुर के महुगांवा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में परिसम्पतियां बांट रहे थे। तभी चैनपुर के सुदूर बेड़मा पंचायत के कोठी महुआ गांव के आदिम जन जाती कोरवा व परहिया परिवार की दर्जनों महिलायें व वृद्ध अनाज के लिए चैनपुर प्रखंड कार्यालय पर आकर राशन के लिये गुहार लगा रहे थे। गरीब आदिम महिलायें करीब तीस किलोमीटर की दूरी तय कर चैनपुर पहुंची थी। मौके पर राजमणि देवी, पार्वती देवी, सुकनी देवी, रतन परहिया, राम किशुन परहिया, शिवनारायण परहिया व प्रसाद परहिया आदि ने बताया कि कोठी महुआ गांव में आदिम जनजातियों का करीब 70 परिवार रहता है। इन परिवारों को पिछले पांच माह से राशन का एक दाना नहीं मिला है। महिलाओं ने बताया कि जंगली जड़ी-बूटी के सहारे जिंदगी कट रही है। गांव के साहूकारों ने भी उधार देना बंद कर दिया है। अब यहां कोई पदाधिकारी भी उनकी सुनने को उपलब्ध नहीं है।

**क्या कहते हैं जानकार :** इस सम्बन्ध में जेम्स हेरेंज सदस्य भोजन का अधिकार अभियान झारखण्ड ने कहा कि इसके लिए सीधे- सीधे खाद्य, सार्वजानिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग से जुड़े सरकारी पदाधिकारी व जिले के उपायुक्त जिम्मेदार हैं। क्योंकि यहां सरकारी व्यवस्था के अनुसार डाकिया स्कीम में सम्बंधित प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी ही डीलर भी हैं। चैनपुर व रामगढ़ दोनों प्रखंडों के लिए चैनपुर प्रखण्ड के बीएसओ ही डमी डीलर हैं।

**झामुमो कार्यकर्त्ता अपनी जिम्मेदारी...**

वर्ष 2024 में यदि हम बीच के दो-चार महीने छोड़ दें तो पूर्ण रूप से आचार संहिता वाला वर्ष होगा। आप सभी कार्यकताओं को इस बात की भी जानकारी है कि इस चुनावी वर्ष में राज्य विरोधी लोग तथा पार्टियां धर्म और समुदाय के नाम पर हमारी अखंडता और एकजुट को तोड़ने का प्रयास करेंगे। ऐसे राज्य विरोधी लोगों से हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है।

**2024 के चुनावों में भी अखंडता...**

से विरोधी पार्टी के लोग हमारी सरकार को गिराने में लगे हुए हैं। हमारी एकजुटता का ही परिणाम है कि आज तक ये लोग अपने षड्यंत्र में सफल नहीं हो पाए हैं। आप सभी कार्यकर्ता ही हमारी बड़ी ताकत हैं। आपकी सरकार राज्य के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है और आपके सहयोग से हम विकास का रास्ता आगे भी तय करते रहेंगे। वर्ष 2019 की तरह हम सभी लोगों को वर्ष 2024 के चुनावों में भी अखंडता और एकजुटता का परिचय देना होगा।

**संसद के अंदर फैले पीले...**

भीतर आरोपी अफरा-तरफी मचा देते हैं। सुरक्षाकर्मियों के पहुंचने से पहले दो सांसद हनुमान बेनीवाल और मलूक नागर हिम्मत दिखाकर उन्हें दबोचते हैं और उन्हें सुरक्षा कर्मियों के हवाले करते हैं। आरोपी मैसूर से भाजपा सांसद प्रताप सिम्हा की सिफारिश पर कार्यवाही देखने पहुंचे। आरोपी इस तरह जवाब दे रहे हैं जैसे उसका रिहर्सल किया हुआ हो? सच जानने के लिए संसद सहित चारों का नार्को, पॉलीग्राफ और ब्रेन मैपिंग टेस्ट जरूर करवाना चाहिए। अगर कोई गहरी साजिश है भी, जैसा कि कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी दावा कर रहे हैं, तो उसका पता लगाना चाहिए तभी इसका काला सच सामने आयेगा । मीडिया भी स्प्रे पंप के लिए जिस तरह लूटमार कर रही थी उससे मुंबई के 26/11 के समय जारी दिशानिर्देशों का उल्ङ्घन तो हुआ ही।

## रांची सर्राफा

सोना (बिक्री) 57. 650

चांदी (किलो) 77. 500

## एक नजर

### उस्मान ख्वाजा व आईसीसी के बीच छिड़ी बहस

**पर्थ।** गाजा के लोगों के प्रति एकजुटता दशार्ने वाले संदेश लिखे जूते पहनने की अनुमति नहीं दिए जाने के एक दिन बाद ऑस्ट्रेलिया के अनुभवी सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ऑप्टस स्टेडियम में पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के पहले दिन बांह पर काली पट्टी बांधे नजर आए। ऑस्ट्रेलिया के पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के साथ उस्मान ख्वाजा ने अपने जूतों पर लिखे संदेशों पर टेप लगा ली और डेविड वार्नर के साथ बल्लेबाजी की शुरूआत करने के लिए बाहर आते समय बांह पर काली पट्टी बांध ली। ख्वाजा को ऑस्ट्रेलिया के अभ्यास सत्र में अपने जूतों पर और 'स्वतंत्रता एक मानव अधिकार है' जैसे संदेशों के साथ देखा गया था।

### एसए टी20 ने दी द.अफ्रीका क्रिकेट को नई जिंदगी : ग्रीम स्मिथ

**नई दिल्ली।** एक शानदार ओपनिंग सीजन के बाद दक्षिण अफ्रीका की टी20 लीग (एसए20) 10 जनवरी, 2024 को शुरू होने वाले अपने दूसरे सीजन के लिए तैयारियों में जुटी है। एसए टी20 लीग जिसे 2023 में लॉन्च किया गया था, उसने पहले ही दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट परिदृश्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। 2023 में लीग का उद्घाटन संस्करण एक शानदार सफलता थी, जिसमें क्रिकेट फैंस ने 32 दिनों में 33 से अधिक मैच का मजा लूटा। लीग में क्रिकेट के कुछ सबसे बड़े नाम शामिल थे। जिनमें फाफ डु प्लेसिस, जोफ्रा आर्चर, जोस बटलर, राशिद खान और कई अन्य बड़े नाम मौजूद हैं। ग्रीम स्मिथ, लीग कमिश्नर एसए20 और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, हमारा पहला सीजन युवा स्थानीय प्रतिभा और वैश्विक क्रिकेट सितारों के शानदार मिश्रण का प्रदर्शन करते हुए सभी उम्मीदों से बढ़कर रहा। दक्षिण अफ्रीका में क्रिकेट की भावना को बढ़ावा मिला है।

### फीफा पुरस्कारों की सूची में चैम्पियंस लीग विजेता कोच गार्डियोना व गिराल्डेज

**ज्यूरिख।** फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं। गिराल्डेज महिला फुटबॉल में सर्वश्रेष्ठ कोच के उम्मीदवारों में सबसे आगे हैं। बार्सिलोना ने स्पेनिश लीग जीती और फिर सेमीफाइनल में चेल्सी को हराकर यूरोपीय खिताब जीता था। चैम्पियंस लीग विजेता कोच पेप गार्डियोला और जोनाटन गिराल्डेज को फीफा के 2023 में दुनिया के सर्वश्रेष्ठ कोच के पुरस्कार के लिए बुधवार को जारी अंतिम सूची में शामिल किया गया। गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी को पिछले सत्र में तीन ट्राफियां दिलायी थीं। वह पुरुष फुटबॉल में फीफा के सर्वश्रेष्ठ कोच पुरस्कार के लिए सिमोन इंजाघी और लुसियानो स्पालेटी के साथ तीन उम्मीदवारों में शामिल हैं।

### ऑस्ट्रेलिया व पाकिस्तान : वॉर्नर का दमदार शतक

# कंगारू बल्लेबाजों के आगे बेबस दिखे पाकिस्तान के गेंदबाज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

पर्थ टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज कंगारू बल्लेबाजों के आगे पानी मांगते हुए नजर आए। शाहीन अफरीदी ने 19 ओवर के स्पेल में 75 रन खर्च करते हुए सिर्फ एक विकेट हासिल किया। वहीं खुर्रम शहजाद और जमाल भी लय से भटके हुए दिखाई दिए। डेविड वॉर्नर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली। वहीं ट्रेविस हेड ने 53 गेंदों पर 40 रन कूटे। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच पर्थ में खेले जा रहे टेस्ट मैच का पहला दिन ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों के नाम रहा। अपने करियर की आखिरी टेस्ट सीरीज खेल रहे डेविड वॉर्नर ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 164 रन की लाजवाब पारी खेली। वहीं, ट्रेविस हेड ने 53 गेंदों पर 40 रन कूटे। पर्थ की उछाल भरी पिच पर पाकिस्तान के तेज गेंदबाज कंगारू बल्लेबाजों के आगे टेस्ट के पहले दिन पानी मांगते हुए नजर आए।

### डेविड वॉर्नर ने ठोका शतक

टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी ऑस्ट्रेलिया टीम की शुरूआत शानदार रही। उस्मान ख्वाजा और डेविड वॉर्नर ने पहले विकेट के लिए मिलकर 126 रन जोड़े। ख्वाजा 41 रन बनाने के बाद शाहीन शाह अफरीदी का शिकार बने। मार्नस लाबुशेन बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 16 रन बनाकर चलते बने।

### मजबूत स्थिति में ऑस्ट्रेलिया

स्टीव स्मिथ ने अपनी पारी का आगाज तो अच्छा किया, लेकिन वह 31 रन बनाने के बाद खुर्रम शहजाद की गेंद पर गलती कर बैठे। डेविड वॉर्नर ने एक छोर बखूबी संभाले रखा और 164 रन की शानदार पारी खेली। ट्रेविस हेड ने 6 चौके की मदद से 53 गेंदों पर 40 रन की दमदार पारी खेली। दिन का खेल खत्म होने तक ऑस्ट्रेलिया ने स्कोर बोर्ड पर 5 विकेट खोकर 346 रन लगा दिए हैं। मिचेल मार्श 15 और एलेक्स कैरी 14 रन बनाकर क्रीज पर डटे हुए हैं।

### बेबस दिखे पाकिस्तान के गेंदबाज

पर्थ टेस्ट के पहले दिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज कंगारू बल्लेबाजों के आगे पानी मांगते हुए नजर आए। शाहीन अफरीदी ने 19 ओवर के स्पेल में 75 रन खर्च करते हुए सिर्फ एक विकेट हासिल किया। वहीं, खुर्रम शहजाद और जमाल भी लय से भटके हुए दिखाई दिए, जिसका फायदा ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजों ने बखूबी उठाया। फहीम अशरफ ने भी अपने 14 ओवर के स्पेल में 65 रन खर्च किए।

# आईपीएल 2024 के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान होंगे श्रेयस अय्यर

**एजेंसी। नई दिल्ली**




दो बार की आईपीएल चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने घोषणा की है कि भारत के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर टूनार्मेंट के 2024 सीजन के लिए टीम के कप्तान के रूप में वापसी करेंगे। साथ ही नीतीश राणा उनके डिप्टी के रूप में काम करेंगे। श्रेयस ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, ⬛मेरा मानना है कि पिछले सीजन ने हमारे सामने कई चुनौतियां पेश की, जिनमें चोट के कारण मेरी अनुपस्थिति भी शामिल थी। नीतीश ने न केवल मेरे लिए बल्कि अपने सराहनीय नेतृत्व से भी बहुत अच्छा काम किया। मुझे खुशी है कि केकेआर ने उन्हें उपकप्तान बनाया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि यह नेतृत्व समूह को मजबूत करेगा। राणा को आईपीएल 2023 के लिए केकेआर का कप्तान नियुक्त किया गया था क्योंकि अय्यर पीठ की चोट के कारण प्रतियोगिता से बाहर हो गए थे, जो उन्हें अहमदाबाद में चौथे बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी टेस्ट के दौरान लगी थी और यूनाइटेड किंगडम में सर्जिकल हस्तक्षेप की आवश्यकता थी। अय्यर ने एशिया कप में वापसी की थी। हालांकि वह पीठ की ऐंठन के कारण ग्रुप चरण के बाद नहीं खेल पाए। लेकिन वर्ल्ड कप में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया और11 मैचों में 66.25 की औसत से 530 रन बनाए, जिसमें दो शतक और तीन अर्द्धशतक शामिल थे।

## इमा कराटे ग्रेडिंग में 126 खिलाड़ी सफल, अंजली कुमारी को ब्लैक बेल्ट

**एजेंसी। रांची**

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तत्वावधान में बहु बाजार स्थित बिशप स्कूल में संपन्न इमा कराटे प्रशिक्षण शिविर सह ग्रेडिंग में 126 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए ' गुरुवार को शिविर में भाग ले रहे सभी खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा ने एडवांस कुमिते एवं काता का प्रशिक्षण दिए । साथ ही ग्रेडिंग में सफल रहे खिलाड़ियों की घोषणा भी की। अंजली कुमारी ब्लैक बेल्ट तीसरी डान में सफल रही । इसके अलावा येलो बेल्ट के 53, ऑरेंज बेल्ट के 19, ग्रीन बेल्ट के 14, ब्लू बेल्ट के 12, पर्पल बेल्ट के 10 और ब्राउन बेल्ट के 17 खिलाड़ी सफल घोषित किए गए । शिविर में एरिक अनमोल टुडू, आन्या ट्विंकल कुजुर, मिशेल जसलीन खेस, सुनिधि एंजेल एक्का, शाइनी शेमोना टोप्पो, कुमारी आस्था, श्रेयांशी मुंडा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गए ' शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि अगामी 2024 में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन होने वाला है, जिसकी तैयारी के लिए शिविर का आयोजन किया गया था।

## 5 देशों के हॉकी टूर्नामेंट में टक्कर देने के लिए तैयार भारत

**वालेंसिया।** रांची में महत्वपूर्ण ओलंपिक क्वालीफायर से कुछ हफ्ते पहले, भारतीय महिला टीम शुक्रवार से स्पेन के वालेंसिया में पांच देशों के आमंत्रण टूर्नामेंट में हिस्सा लेकर अपनी तैयारियों का परीक्षण करेगी। भारतीय महिला टीम को अगले साल के पेरिस ओलंपिक के क्वालीफाइंग इवेंट के लिए पूल बी में न्यूजीलैंड, संयुक्त राज्य अमेरिका और इटली के साथ रखा गया है, जो 13 से 19 जनवरी, 2024 तक रांची में खेला जाएगा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम, जिसने पेरिस 2024 के लिए सीधा स्थान हासिल कर लिया है।

# जमशेदपुर की छात्रा माधवी ने महिला तीरंदाजी में बढ़ाया राज्य का मान

### 11 से 13 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल के बोलपुर में आयोजित किया गया था टूर्नामेंट

**एजेंसी। रांची**

एचएस बालिका मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, साकची जमशेदपुर की छात्रा माधवी चौहान ने पश्चिम बंगाल के बोलपुर में 11 से 13 दिसंबर तक चले महिला तीरंदाजी प्रतियोगिता-2023 के लिए पहली खेलो इंडिया राष्ट्रीय रैंकिंग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य का नाम रोशन किया है। माधवी को पदक के अलावा 15 हजार रुपये का कैश प्राइज भी मिला है। माधवी एचएस बालिका सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस, साकची में बारहवीं की छात्रा है। उनकी इस उपलब्धि पर स्कूल की प्राचार्या मंजू सिन्हा ने बताया कि माधवी ना केवल तीरंदाजी में, बल्कि पढ़ाई में भी तेजतर्रार है।



फिलहाल, माधवी तीरंदाजी के साथ साथ बोर्ड परीक्षा की तैयारियों में भी लगी हुई है। मंजू सिन्हा ने बताया कि माधवी ने दसवीं की मैट्रिक परीक्षा में भी तीरंदाजी करते हुए 97 अंक अर्जित किये थे। इस बार भी वह बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन करेगी। आदित्यपुर में रहने वाले माधवी चौहान के पिता राजनाथ चौहान पेशे से व्यवसायी है। वे आदित्यपुर में ही स्टेशनरी की दुकान चलाते है। उनकी मां पार्वती गृहिणी है। माधवी की इस कामयाबी पर उनके माता पिता भी आज गर्व महसूस कर रहे है। माधवी ने जेआरडी टाटा आर्चरी अकेडमी से आर्चरी का प्रशिक्षण लिया है।

## न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में पाकिस्तान की कप्तान होंगी फातिमा सना

**क्राइस्टचर्च।** नियमित कप्तान निदा डार के शुक्रवार को हेगले ओवल में होने वाले मैच में खेलने से बाहर होने के बाद तेज गेंदबाज फातिमा सना को न्यूजीलैंड के खिलाफ पाकिस्तान के दूसरे वनडे के लिए कप्तान बनाया गया है। क्वीन्सटाउन के जॉन डेविस ओवल में न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले वनडे में पारी के 44वें ओवर में निदा को उनकी ही गेंद पर चोट लग गई थी। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड गुरुवार को डॉक्टर की जांच के बाद निदा में कनकशन के लक्षण पाए गए और उन्हें अगले दो दिनों तक पूरी तरह आराम करने की सलाह दी गई है।

# टोक्यो ओलंपिक के पूर्व अधिकारी ने खेलों के अनुबंध के बदले रिश्वत लेने से इनकार किया

**एजेंसी। टोक्यो**



ओलंपिक आयोजन समिति के पूर्व सदस्य हारुयुकी ताकाहाशी गुरुवार को तोक्यो जिला अदालत में पेश हुए और खेलों से जुड़े रिश्वत के मामले में खुद को निर्दोष बताया। ताकाहाशी को एक साल से भी अधिक समय पहले गिरफ्तार किया गया था और अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उनके मामले की सुनवाई कब खत्म होगी। बचाव पक्ष अगले साल की शुरूआत में अपना पक्ष रखेगा।जापान की प्रतिष्ठित विज्ञापन कंपनी देंत्सु के पूर्व अधिकारी ताकाहाशी पर आरोप है कि उन्होंने 2021 तोक्यो खेलों से जुड़े ओलंपिक अनुबंध देने के बदले में 19 करोड़ 80 लाख येन (14 लाख डॉलर) की रिश्वत ली। देंत्सु और पांच अन्य कंपनियों पर बोली में धांधली के आपराधिक आरोपों से जुड़ी एक अलग सुनवाई स्थगित होने के ठीक नौ दिन बाद ताकाहाशी अदालत में पेश हुए।

सुनवाई अगले साल की शुरूआत में फिर शुरू होगी। ताकाहाशी ने अभियोजन पक्ष द्वारा अपना मामला पेश करने से पहले न्यायाधीश से कहा, ह्यह्यमैं सभी आरोपों पर अपनी बेगुनाही का दावा करता हूं। यह पूरी तरह से व्यवसाय था और यह रिश्वत नहीं थी।

## व्यापार

# आईटी, रियल एस्टेट शेयरों में तेजी से बाजार में रैली

**एजेंसी। नई दिल्ली**

यूएस फेड द्वारा ब्याज दरों पर नरम संदेश दिए जाने के बाद गुरुवार को भारतीय बाजार में 800 अंकों से अधिक की जोरदार रैली में आईटी शेयरों का सबसे ज्यादा योगदान रहा। सेंसेक्स 840 अंक ऊपर उठ कर 70,424.87 पर है, जबकि निफ्टी 235 अंक ऊपर उठ कर 21,161.70 पर है। आईटी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा ऊपर हैं। एमफैसिस 6 फीसदी ऊपर है, कोफोर्ज 5 फीसदी, एलटीआईएम 3 फीसदी, टेक महिंद्रा 3 फीसदी और एचसीएल टेक 3 फीसदी ऊपर है। रियल एस्टेट इंडेक्स 3 फीसदी से ज्यादा ऊपर है। ब्रिगेड 4 फीसदी, फीनिक्स 4 फीसदी, गोदरेज प्रॉपर्टीज 4 फीसदी ऊपर है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार का कहना है कि फेड बुधवार के स्पष्ट नरम संदेश ने भारत में रैली के लिए एक मंच तैयार कर दिया है, और यह आम चुनाव से पहले बाजार को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। बुधवार को फेड के संदेश का निष्कर्ष यह है कि सख्ती का चक्र खत्म हो गया है और 2024 में दरों में कटौती संभव है। अमेरिका में 10-वर्षीय यील्ड में 4 प्रतिशत की गिरावट से भारत में पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा लार्ज कैप को होगा। आईटी में भी खरीदारी आकर्षित होने की संभावना है।



### यूएस फेड के नरम संदेश के बाद सेंसेक्स 70 हजार के पार

**नई दिल्ली।** अमेरिकी फेडरल रिजर्व के एक स्पष्ट नरम संदेश ने आने वाले दिनों में भारतीय बाजार में रैली के लिए मंच तैयार कर दिया है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कहा कि इससे शेयर बाजार अगले साल आम चुनाव से पहले नई ऊंचाईं पर जा सकता है। बीएसई सेंसेक्स गुरुवार को 851 अंक बढ़कर 70,436.33 अंक पर है और निफ्टी 238 अंक ऊपर उठ कर 21,164.35 पर है। इंफोसिस और एचसीएल टेक के साथ आईटी शेयरों में 3 फीसदी से ज्यादा की बढ़त है। बुधवार को फेड के संदेश से पता चलता है कि सख्ती का चक्र खत्म हो गया है और 2024 में दरों में कटौती संभव है। उन्होंने कहा, डॉउ में रिकॉर्ड तोड़ रैली कई सूचकांकों को नए रिकॉर्ड पर पहुंचा देगी। अमेरिका में 10-वर्षीय यील्ड में 4 प्रतिशत की गिरावट से भारत में बड़े पूंजी प्रवाह को बढ़ावा मिलेगा। सबसे ज्यादा फायदा लार्ज कैप को होगा, विशेष रूप से बैंकिंग में। आईटी में भी खरीददारी की संभावना है। यह उत्साह मिड और स्मॉल कैप को भी ऊपर उठा सकता है। उन्होंने कहा, लेकिन इस सेगमेंट में कोई वैल्यूएशन कंफर्ट नहीं है।

## सराफा बाजार में जोरदार तेजी सोना 1 हजार रुपये उछला चांदी में 2 हजार की बढ़त

**नई दिल्ली।** लगातार तीन दिनों तक गिरावट का सामना करने के बाद आज घरेलू सराफा बाजार में जबरदस्त तेजी नजर आ रही है। देश के अलग अलग सराफा बाजारों में सोना 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक उछल गया है। इसी तरह चांदी में भी आज जोरदार तेजी दर्ज की गई है। आज की तेजी के कारण दिल्ली के सराफा बाजार में चांदी करीब 2 हजार रुपये की मजबूती के साथ 77,500 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर तक पहुंच कर कारोबार कर रहा है। बाजार में आए उछाल के कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 63 हजार रुपये प्रति 10 ग्राम के करीब पहुंच गया है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी 57,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के ऊपर जाकर कारोबार करता नजर आ रहा है। देश की राजधानी दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 63,040 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 57,800 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

# एडीबी ने भारत की जीडीपी वृद्धि का अनुमान बढ़ाकर 6.7 % किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**


एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने बुधवार को 2023-24 के लिए भारत की आर्थिक विकास दर का अनुमान 6.3 फीसदी से बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया, जिसका उसने सितंबर में अनुमान लगाया था। ऊपर की ओर संशोधन चालू वित्तवर्ष की जुलाई-सितंबर तिमाही में भारत की उम्मीद से अधिक 7.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि पर आधारित है। रिपोर्ट में कहा गया है, ⬛एडीबी औद्योगिक क्षेत्र में दोहरे अंक की वृद्धि का भी कारक है। हालांकि कृषि में उम्मीद से थोड़ी धीमी वृद्धि होने की उम्मीद है, यह उद्योग की उम्मीद से कहीं अधिक मजबूत वृद्धि की भरपाई से कहीं अधिक होगी, इसलिए ऊपर की ओर संशोधन होगा। हालांकि, एडीबी ने 2024-25 के लिए अपने विकास पूवार्नुमान को 6.7 प्रतिशत पर अपरिवर्तित छोड़ दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि निश्चित निवेश - केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा बढ़े हुए पूंजीगत व्यय से प्रेरित - 203-24 में निजी उपभोग व्यय में कम वृद्धि



और उम्मीद से कमजोर निर्यात की भरपाई करेगा। वहीं, एडीबी ने चालू वित्तवर्ष के लिए भारत की मुद्रास्फीति पर अपने पहले के पूवार्नुमान को 5.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। एडीबी ने यह भी अनुमान लगाया है कि 2023 में चीन की वृद्धि दर 5.2 प्रतिशत तक पहुंच जाएगी, जो सितंबर में लगाए गए 4.9 प्रतिशत के पिछले पूवार्नुमान से अधिक है। 2024 में चीन की विकास दर धीमी होकर 4.5 प्रतिशत पर आने की उम्मीद है। एडीबी ने मजबूत घरेलू मांग का हवाला देते हुए कैलेंडर वर्ष 2023 के लिए एशियाई क्षेत्र के विकास अनुमान को पहले के 4.7 प्रतिशत से संशोधित कर 4.9 प्रतिशत कर दिया।

## एस्सार ने गुजरात सरकार के साथ ऊर्जा परिवर्तन

# बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में 55 हजार करोड़ रुपये



**एजेंसी। अहमदाबाद**

एस्सार ने वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट 2024 से पहले कुल 55 हजार करोड़ रुपये के निवेश के लिए गुजरात सरकार के साथ तीन समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। एस्सार राज्य में ऊर्जा परिवर्तन, बिजली और बंदरगाह क्षेत्रों में रणनीतिक निवेश करने के नए चरण में है। इस पहल का लक्ष्य 10 हजार से अधिक रोजगार के अवसर पैदा करना है। पिछले चार दशकों में, एस्सार ने गुजरात में ऊर्जा, धातु एवं खनन, और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में एक लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। एस्सार की विकास गाथा में गुजरात ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मुख्य औद्योगिक परियोजनाओं में कंपनी के निवेश ने राज्य के औद्योगिक परिदृश्य को बेहतर किया है, जो निवेश गंतव्य के रूप में राज्य की क्षमता के लिए एक केस-स्टडी के रूप में काम कर रहा है। एस्सार कैपिटल के निदेशक प्रशांत रुइया ने एमओयू पर टिप्पणी करते हुए कहा, गुजरात एस्सार के रणनीतिक निवेश में लगातार सबसे आगे रहा है। हमें ऊर्जा और बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में 55 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश के साथ राज्य की आर्थिक प्रगति में योगदान करने में खुशी हो रही है।

### ऊर्जा परिवर्तन में निवेश

एस्सार ने एक गीगावाट ग्रीन हाइड्रोजन परियोजना विकसित करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस पहल में 30 हजार करोड़ रुपये का अनुमानित निवेश शामिल है।

### बिजली क्षेत्र में निवेश

एस्सार पावर ने अपने सलाया पावर प्लांट में दूसरे चरण के विस्तार के लिए 16 हजार करोड़ रुपये के अतिरिक्त निवेश की घोषणा की है।

### बंदरगाह क्षेत्र में निवेश

एस्सार पोर्ट्स 10 हजार करोड़ रुपये के निवेश के साथ अपने सलाया बंदरगाह को लॉजिस्टिक्स हब में बदलने के लिए तैयार है। इन समझौतों पर हस्ताक्षर करना गुजरात के बहुमुखी विकास पथ में अपना योगदान जारी रखने की एस्सार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है।

## दिल्ली-एनसीआर में सीएनजी एक रुपये हुआ महंगा, नई दरें लागू

**नई दिल्ली।** आम आदमी को महंगाई का झटका लगा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली-एनसीआर में इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) ने कंप्रेस्ड नैचुरल गैस (सीएनजी) की कीमत में एक रुपये प्रति किलो का इजाफा किया है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई हैं। इस बढ़ोतरी के बाद राजधानी दिल्ली में सीएनजी की कीमत अब 76.59 रुपये प्रति किलो हो गया है। वहीं, नोएडा में सीएनजी का भाव बढ़कर 82.20 रुपये प्रति किलो और ग्रेटर नोएडा में 81.20 रुपये प्रति किलो और गाजियाबाद में यह 81.20 रुपये प्रति किलो हो गया है। पिछले तीन हफ्ते में सीएनजी की कीमतों में दूसरी बार इजाफा किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस साल 2023 में सीएनजी की कीमत में चार बार वृद्धि हुई है। इससे पहले नवंबर और अगस्त में इसके दाम बढ़ाए गए थे। हालांकि, अंतिम बार जुलाई महीने में सीएनजी के दाम कम हुए थे। सीएनजी की कीमत में इजाफे से परिवहन और रोजमर्रा की चीजों का ट्रांसपोर्टेशन महंगा हो सकता है।

# भारत की मुद्रास्फीति दर 5.6 फीसदी अन्य देशों से अधिक : बैंक ऑफ बड़ौदा

**एजेंसी। चेन्नई**

बैंक ऑफ बड़ौदा ने एक रिपोर्ट में कहा है कि नवंबर में भारत में मुद्रास्फीति दर 5.6 फीसदी रही, जो अन्य देशों की तुलना में अधिक है। रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य पदार्थों की ऊंची कीमतों के कारण दिसंबर में भी भारत में मुद्रास्फीति ऊंची रहने की संभावना है। लेकिन राहत की बात है कि पिछले कुछ महीनों से कोर इंफ्लेशन स्थिर है। यह एक डिमांड साइड समस्या है जिसे मौद्रिक नीति से नियंत्रित किया जा सकता है। हालांकि, खाद्य मुद्रास्फीति सप्लाई साइड समस्या है जो उत्पादन में कमी से होती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अर्जेंटीना और तुर्की में मुद्रास्फीती भारत से काफी ज्यादा है। उनकी मुद्रास्फीति क्रमशः 143 प्रतिशत और 62 प्रतिशत है। रूस और दक्षिण अफ्रीका में भी मुद्रास्फीति दर क्रमशः 7.5 प्रतिशत और 5.9 प्रतिशत है, जो भारत से ज्यादा है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने कहा, भारत




के बाद ऑस्ट्रेलिया में मुद्रास्फीति दर 5.4 प्रतिशत, सिंगापुर और ब्राजील में 4.7 प्रतिशत, यूके में 4.6 प्रतिशत, मैक्सिको में 4.3 प्रतिशत, जापान और दक्षिण कोरिया में 3.3 प्रतिशत, कनाडा और अमेरिका में 3.3 प्रतिशत है, इंडोनेशिया में 2.9 प्रतिशत, यूरो क्षेत्र में 2.4 प्रतिशत, सऊदी अरब में 1.6 प्रतिशत, स्विट्जरलैंड में 1.4 प्रतिशत और चीन में शून्य से 0.5 प्रतिशत है। रिपोर्ट में कहा गया है, यह बताया जाना चाहिए कि भारत में मुद्रास्फीति ऊपर नीते होती रहती है। इसका कारण खाद्य कीमतें हैं जो बढ़ती घटती रहती हैं, इसलिए हर महीने अलग ट्रेंड दिखता है।

## गारंटीकृत लाभ के साथ एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया

**नई दिल्ली ।** भारत की अग्रणी लाइफ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने एक नया प्रोडक्ट - एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव लॉन्च किया है। यह एक गारंटीड सेविंग्स लाइफ इंश्योरेंस प्लान है। यह प्लान अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित करने एवं उनके वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए तैयार किया गया है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, अनीश खन्ना, हेड झ्र प्रोडक्ट्स एंड सेग्मेंट्स, एचडीएफसी लाइफ ने कहा, हर काम की शुरूआत एक सपने से होती है, और सपना कितना ही बड़ा क्यों ना हो, इसे सच बनाने के लिए आपको तुरंत एक सुरक्षित कदम के साथ शुरूआत करनी होगी। इसी प्रकार, जीवन लक्ष्य भी नियमित बचत एवं योजना बनाने से ही पूरे होते हैं। आप भी एचडीएफसी लाइफ क्लिक 2 अचीव प्रोडक्ट के साथ आज ही अपने सपनों को पूरा करने के लिए पहला सुरक्षित कदम उठा सकते हैं।